

RNI NO-UPHIN/2023/84340

# सबसे तेज प्रयागराज

सब पर नजर, सटीक खबर

नगर संस्करण | sabsetejprj2023@gmail.com | सोमवार, 14 सितंबर 2026 | वर्ष: 04, अंक: 174 पृष्ठ: 08, मूल्य: 2 रू. | प्रयागराज से प्रकाशित हिन्दी दैनिक समाचार पत्र

# ब्रिक्स में ग्लोबल साउथ का विश्वास बढ़ा, सहयोग हमारी शक्ति : मोदी

## पारंपरिक चिकित्सा पर ब्रिक्स विशेषज्ञ कार्य समूह के गठन पर सहमति, पारंपरिक, पूरक और एकीकृत चिकित्सा (टीसीआईएम) के क्षेत्र में अंतरराष्ट्रीय सहयोग

**नई दिल्ली/एजेंसी**

देश में आयोजित हुए 18वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में स्वीकृत नई दिल्ली घोषणापत्र में पारंपरिक, पूरक और एकीकृत चिकित्सा (टीसीआईएम) के क्षेत्र में अंतरराष्ट्रीय सहयोग को बड़ा बढ़ावा दिया गया है। घोषणापत्र में स्वास्थ्य प्रणालियों को सुदृढ़ बनाने और सार्वभौमिक स्वास्थ्य कवरेज (यूएचसी) के लक्ष्य को हासिल करने में टीसीआईएम की बढ़ती भूमिका को औपचारिक मान्यता दी गई है। साथ ही ब्रिक्स हेल्थ ट्रैक के तहत टीसीआईएम पर एक विशेष ब्रिक्स विशेषज्ञ कार्य समूह (एक्सपर्ट वर्किंग ग्रुप) स्थापित करने के प्रस्ताव का स्वागत किया गया है। केंद्रीय आयुष राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) और स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण राज्य मंत्री प्रतापराव जाधव ने इस निर्णय को वैश्विक स्वास्थ्य के लिए ऐतिहासिक कदम बताया। उन्होंने कहा कि नई दिल्ली घोषणापत्र में टीसीआईएम को मान्यता मिलना पारंपरिक चिकित्सा में अंतरराष्ट्रीय सहयोग को मजबूत करने की दिशा में मील का पत्थर है। प्रस्तावित विशेषज्ञ कार्य समूह सदस्य देशों के बीच ज्ञान साझा करने, अनुसंधान को बढ़ावा देने और साक्ष्य-आधारित दृष्टिकोण को आगे बढ़ाने के लिए एक प्रभावी मंच प्रदान करेगा। भारत वैज्ञानिक अनुसंधान, गुणवत्ता आश्वासन और वैश्विक साझेदारी के माध्यम से आयुर्वेद व अन्य पारंपरिक चिकित्सा पद्धतियों को आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है, ताकि सुरक्षित, प्रभावी और किफायती स्वास्थ्य सेवा सुनिश्चित हो सके। आयुष मंत्रालय के सचिव वैद्य राजेश कोटेचा ने बताया कि घोषणापत्र ब्रिक्स देशों के बीच टीसीआईएम पर एक संरचित सहयोग की नींव रखता है। यह कार्य समूह साक्ष्य साझा करने, शोध साझेदारी बढ़ाने और विनियामक व गुणवत्ता मानकों को सुधारने में मददगार साबित होगा।





### आयुष इकोसिस्टम के जरिए वैज्ञानिक अनुसंधान को बढ़ावा देने पर बल

भारत अपने आयुष इकोसिस्टम के जरिए वैज्ञानिक अनुसंधान और साक्ष्य-आधारित प्रथाओं को बढ़ावा देकर इस सहयोग में सक्रिय भूमिका निभाएगा। घोषणापत्र में उपचारात्मक और निवारक उद्देश्यों के लिए औषधीय पौधों और हर्बल उत्पादों पर केंद्रित अनुसंधान में सहयोग बढ़ाने का आह्वान किया गया है। इसमें इस बात को रेखांकित किया गया कि ब्रिक्स देशों की पारंपरिक औषधीय पद्धतियां सुरक्षित और प्रभावी उत्पाद विकसित करने का बड़ा आधार बन सकती हैं। साथ ही, सदस्य देशों के राष्ट्रीय संदर्भों के अनुरूप साक्ष्य आधारित दृष्टिकोण और नियामक ढांचे के जरिए इन पद्धतियों की गुणवत्ता, सुरक्षा और प्रभावकारिता सुनिश्चित करने पर बल दिया गया है।

उल्लेखनीय है कि भारत की ब्रिक्स अध्यक्षता के तहत इस वर्ष 21 जुलाई को चंडीगढ़ में पारंपरिक, पूरक और एकीकृत चिकित्सा पर एक अहम बैठक आयोजित की गई थी।

### ब्रिक्स ने चार स्तंभों के माध्यम से समावेशी वैश्विक विकास को बढ़ावा देने के प्रयास किए

मोदी ने कहा कि ब्रिक्स ने चार स्तंभों के माध्यम से समावेशी वैश्विक विकास को बढ़ावा देने के प्रयास किए हैं। भारत की अध्यक्षता में ब्रिक्स के सभी प्रयास लचीलापन, नवाचार, सहयोग और सततता के पर केंद्रित रहे हैं।

उन्होंने कहा, आज विश्व में तनावों की संख्या लगातार बढ़ रही है और सामान्य मानवी के जीवन पर उसका बहुत ही निगेटिव और व्यापक प्रभाव हो रहा है। महामारियां, क्लाइमेट डिजास्टर्स और सप्लाई चेन डिस्ट्रप्शन ने दिखाया है कि आज के इंटर-कनेक्टेड वर्ल्ड में कोई भी संकट एक क्षेत्र तक सीमित नहीं रहता। इसलिए हमने ब्रिक्स समिट में रिजिलियंस बढ़ाने पर विशेष बल दिया है।

## मोदी ने मिस्र और इंडोनेशिया के नेताओं से बातचीत की

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को ब्रिक्स शिखर सम्मेलन के दौरान मिस्र के राष्ट्रपति अब्देल फतह अल सीसी और इंडोनेशिया के राष्ट्रपति प्रबोवो सुबियांटो के साथ संवाद किया। प्रधानमंत्री ने एक्स पर इसकी जानकारी साझा करते हुए बताया कि राष्ट्रपति अल-सिसी के साथ शानदार बातचीत हुई। हमने कई मुद्दों पर चर्चा की, विशेष रूप से क्षेत्रीय मुद्दों और भारत-मिस्र की दोस्ती पर, जो हाल के दिनों में काफी मजबूत हो रही है। वहीं, राष्ट्रपति प्रबोवो सुबियांतो से मुलाकात को उन्होंने बेहद सुखकारी बताया। उन्होंने कहा कि उनकी गर्मजोशी, सकारात्मकता और आशावादिता हमेशा ही मन को मोह लेती है।

भारत और इंडोनेशिया विभिन्न क्षेत्रों में अपनी साझेदारी को और मजबूत करते रहेंगे। उल्लेखनीय है कि भारत की मेजबानी में ब्रिक्स देशों की शिखर वार्ता नई दिल्ली में हो रही है। प्रधानमंत्री वार्ता के इतर सम्मेलन में भाग लेने आए देशों के नेताओं से मुलाकात कर रहे हैं।



### विविधता ही हमारी पहचान बननी चाहिए, सहयोग ही हमारी प्रेरणा बनना: मोदी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को कहा कि ब्रिक्स में ग्लोबल साउथ के देशों का विश्वास बढ़ा है। इसका कारण यह है कि उनकी आवाज यहां सुनी जाती है और उनके अनुभव का सम्मान होता है। साथ ही समाधान उनके लिए नहीं, बल्कि उन्हें साथ लेकर बनाए जाते हैं।

प्रधानमंत्री ने आज भारत मंडपम में आयोजित ब्रिक्स शिखर वार्ता के लचीलेपन, नवाचार, सहयोग और स्थिरता पर आयोजित सत्र में अपने स्वागत भाषण में यह बातें कहीं। उन्होंने कहा कि ब्रिक्स की शक्ति उसकी विविधता और सहयोग में है। ऐसे में विविधता ही हमारी पहचान बननी चाहिए, सहयोग ही हमारी प्रेरणा बनना चाहिए और हमारी प्रगति पूरी मानवता के काम आनी चाहिए। उन्होंने कहा, आज यह सभागार अलग अलग महाद्वीपों, संस्कृतियां और विकास यात्राओं को एक साथ जोड़ रहा है। यह ब्रिक्स की बढ़ती ताकत, आकर्षण और अभूतपूर्व विश्वास का प्रमाण है।

## वैश्विक स्वास्थ्य सुरक्षा में भारत निभा रहा अग्रणी भूमिका: डॉ. जितेन्द्र सिंह

**नई दिल्ली/एजेंसी**

केंद्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) डॉ. जितेन्द्र सिंह ने रविवार को कहा कि भारत हाल के वर्षों में उत्पादन की मात्रा के हिसाब से दुनिया का सबसे बड़ा टीका उत्पादक और वैश्विक आपूर्तिकर्ता बनकर उभरा है। देश का विविध रोग परिदृश्य और तेजी से बढ़ती वैज्ञानिक क्षमताएं मिलकर टीका अनुसंधान, महामारी की तैयारियों और वैश्विक स्वास्थ्य से जुड़े जैव-चिकित्सीय समाधानों के विकास के लिए अद्वितीय मंच प्रदान करते हैं। भारत महामारी की पूर्व तैयारियों के मामले में एक दशक पुरानी सीमाओं से बहुत आगे निकल चुका है और भविष्य की महामारियों से निपटने के लिए दुनिया की तैयारियों में निर्णायक योगदान देने में पूरी तरह सक्षम है।

डॉ. जितेन्द्र सिंह यहां इंडिया इंटरनेशनल सेंटर में जैव प्रौद्योगिकी विभाग (डीबीटी) और 'महामारी की तैयारियों के लिए नवाचार गठबंधन' (सेपी) द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित सेपी संचालक मंडल एवं निवेशक परिषद के उच्चस्तरीय स्वागत समारोह को संबोधित कर रहे थे। एक दशक बाद नई दिल्ली में आयोजित इस बैठक को भारत-सेपी साझेदारी का अहम पड़ाव बताते हुए उन्होंने कहा कि भारत अब केवल किफायती दर पर टीका निर्माण तक सीमित नहीं है बल्कि शोध और नवाचार से लेकर उन्नत जैव-उत्पादों के निर्माण, नैदानिक परीक्षण और बड़े पैमाने पर उत्पादन की पूरी श्रृंखला में मजबूत क्षमताएं विकसित कर चुका है। केंद्रीय मंत्री ने महत्वपूर्ण आंकड़े साझा करते हुए बताया कि भारत वर्तमान में विश्व के 100 से अधिक देशों को टीकों की आपूर्ति करता है।







# दिव्यांग की सेवा सिर्फ सामाजिक दायित्व नही बल्कि मानवता की सबसे बड़ी सेवा है- अभिनंदन यादव

## नारायण सेवा संस्थान के कृत्रिम अंग माप शिविर में उमड़े हजारों दिव्यांग

**सबसे तेज प्रयागराज**

**लखनऊ।** नारायण सेवा संस्थान, उदयपुर के तत्वावधान में लखनऊ के दयाल गेटवे होटल में दिव्यांगजनों के लिए आयोजित कृत्रिम अंग माप शिविर में हजारों दिव्यांगजनों की जांच-पड़ताल कर उनके कृत्रिम अंगों के लिए माप लिया गया। शिविर में बड़ी संख्या में दिव्यांगजन और उनके परिजन पहुंचे।

शिविर का शुभारंभ मानवाधिकार भारत के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अभिनंदन सिंह ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर उपस्थित अतिथियों ने दिव्यांगजनों के लिए आयोजित इस सामाजिक एवं मानवीय पहल की सराहना की।

शिविर में मुख्य अतिथियों एवं विशिष्ट अतिथियों के रूप में केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के पुत्र एवं बीजेपी के प्रदेश उपाध्यक्ष नीरज सिंह, एमएलसी पवन सिंह चौहान, पूर्व बीजेपी अध्यक्ष एवं एमएलसी मुकेश शर्मा, संपादक राहुल भारतीय सहित अनेक गणमान्य लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम में कंपनी के अधिकारी प्रदीप सिंह, रामचन्द्र यादव, जीवन फाउंडेशन के डायरेक्टर राजेन्द्र मिश्र समेत दर्जनों सामाजिक कार्यकर्ता और गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

शिविर के दौरान विशेषज्ञों द्वारा दिव्यांगजनों की जांच कर उनकी आवश्यकता के अनुरूप कृत्रिम अंगों का माप लिया गया। आयोजकों के अनुसार 1 नवंबर को शिविर में चयनित एवं माप लिए गए जरूरतमंद दिव्यांगजनों को कृत्रिम अंग उपलब्ध कराए जाएंगे।



**शिविर कार्यक्रम में अपने संबोधन में**

**अभिनंदन सिंह ने कहा कि**

“दिव्यांगजनों की सेवा करना केवल सामाजिक दायित्व नहीं, बल्कि मानवता की सबसे बड़ी सेवा है। हमारा प्रयास है कि जरूरतमंद दिव्यांग भाई-बहनों को कृत्रिम अंग उपलब्ध कराकर उन्हें आत्मनिर्भर और सम्मानजनक जीवन जीने में सहयोग दिया जाए।

समाज के सभी सक्षम लोगों को भी दिव्यांगजनों की मदद के लिए आगे आना चाहिए।”

उन्होंने कहा कि इस प्रकार के सेवा शिविरों से उन जरूरतमंद लोगों को नई उम्मीद और नई दिशा मिलती है, जो आर्थिक अभाव के कारण आवश्यक कृत्रिम अंगों की सुविधा प्राप्त नहीं कर पाते।

कार्यक्रम में मौजूद अतिथियों ने नारायण सेवा संस्थान, उदयपुर एवं आयोजन से जुड़े सभी सहयोगियों के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि दिव्यांगजनों को मुख्यधारा से जोड़ने के लिए इस तरह के सेवा कार्य निरंतर होते रहने चाहिए।

शिविर के सफल आयोजन से दिव्यांगजनों और उनके परिजनों में खुशी देखने को मिली। बड़ी संख्या में पहुंचे लोगों ने आयोजकों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए इसे जरूरतमंदों के लिए एक महत्वपूर्ण और सराहनीय पहल बताया।

## गाजीपुर पुलिस द्वारा वारंटी अभियुक्त गिरफ्तार

**सबसे तेज प्रयागराज**




**फतेहपुर** । पुलिस अधीक्षक फतेहपुर अभिमन्यु मांगलिक के निर्देशन में वांछित/वारण्टियों की गिरफ्तारी एवं अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में रविवार को थाना गाजीपुर पुलिस द्वारा एनबीडब्लू से सम्बन्धित वारण्टी अभियुक्त दानिश पुत्र तशव्वर निवासी ग्राम चककाजीपुर थाना गाजीपुर जनपद फतेहपुर को गिरफ्तार कर आज दिनांक 30.08.2026 को माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।

## चोरी-लूट रोकने को 11 हॉटस्पॉट पर बनी अस्थाई पुलिस चौकी

**सबसे तेज प्रयागराज**




**फतेहपुर।** जनपद में चोरी, छिनैती और लूट की घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए पुलिस ने चिन्हित नट डेरा और कंजर डेरा क्षेत्रों में निगरानी बढ़ा दी है। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर जिले के सात थाना क्षेत्रों में चिन्हित 11 हॉटस्पॉट पर अस्थाई पुलिस चौकी और चेक पोस्ट स्थापित कर दी गई हैं। पुलिस के मुताबिक, अपराध एवं अवैध गतिविधियों पर प्रभावी नियंत्रण के लिए जनपद में कुल 34 नट डेरा/कंजर डेरा हॉटस्पॉट चिन्हित किए गए हैं। इन स्थानों पर पुलिस की निरंतर मौजूदगी सुनिश्चित करने के उद्देश्य से अस्थाई चौकी और चेक पोस्ट स्थापित करने के निर्देश दिए गए थे। इसी क्रम में 11 हॉटस्पॉट पर पुलिस की तैनाती की गई है।

इन चौकी और चेक पोस्ट के माध्यम से संबंधित क्षेत्रों में लगातार गश्त, सतर्क निगरानी और संदिग्ध व्यक्तियों व वाहनों की चेकिंग की जा रही है। पुलिस का उद्देश्य चोरी, छिनैती और लूट की घटनाओं को रोकने के साथ ही अवैध शराब व गांजा की बिक्री एवं तस्करी, जुआ तथा अन्य आपराधिक गतिविधियों पर प्रभावी अंकुश लगाना है।

संबंधित थाना प्रभारियों को निर्देश दिए गए हैं कि चिन्हित हॉटस्पॉट पर पुलिस की नियमित एवं प्रभावी उपस्थिति बनाए रखें। किसी भी संदिग्ध अथवा आपराधिक गतिविधि की सूचना मिलने पर तत्काल आवश्यक विधिक कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

**थाना क्षेत्रवार चिन्हित हॉटस्पॉट**

थाना मलवां
- जगन्नाथपुर डेरा

थाना खागा
- करसुआ आदि शामिल हैं।

## तीन थानों की पुलिस ने नौ वारंटी किया गिरफ्तार










**स्वाती मिश्रा**

**कौशांबी।** जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये गये अभियान के क्रम में थाना सराय अकिल पुलिस टीम द्वारा विभिन्न अभियोगों से सम्बन्धित 6 वारण्टी अभियुक्त रविचन्द्र पुत्र लवकुश निवासी खोपा , फूलचन्द्र पुत्र रामखेलावन निवासी खोपा, संजय सिंह पुत्र स्व0 कमलेश्वर निवासी कनैली. तिल्लोई पुत्र दुखी निवासी जुगराजपुर थाना सराय अकिल. सधई पुत्र दुखी निवासी जुगराजपुर, मैकू पुत्र सुकरू निवासी दरिया पुरवा मजरा पनारा गोपालपुर थाना सराय अकिल को किया गिरफ्तार।

इसी के क्रम में थाना पिपरी पुलिस टीम द्वारा वारण्टी अभियुक्त बुधई पासी पुत्र छेदीलाल निवासी चायल थाना पिपरी जनपद कौशाम्बी को गिरफ्तार किया गया । इसी प्रकार थाना कौशांबी पुलिस ने दो वारंटी को पकड़ कर जेल भेज दिया।

## पुलिस मुठभेड़ में गिरफ्तार, कब्जे से नकदी, एक मोटर साइकिल, तमंचा, कारतूस व मोबाइल बरामद

**सबसे तेज प्रयागराज**

**बुलंदशहर।** जनपद में तलाश वांछित अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत रविवार को थाना खुर्जा नगर पुलिस ग्राम भौपुर के पास झाझर रोड पर संदिग्ध वाहन/व्यक्तियों की चैकिंग कर रही थी तभी एक बिना नम्बर की मोटर साइकिल पर एक संदिग्ध व्यक्ति आता हुआ दिखायी दिया, जिसको पुलिस टीम द्वारा रोकने का प्रयास किया गया, नहीं रुका तथा मोटर साइकिल को वापस मोडकर जंगल की तरफ भागने लगा, पुलिस टीम द्वारा बदमाश का पीछा कर घेराबंदी की गयी तो



अपने आपको पुलिस से घिरता देख बदमाश द्वारा पुलिस टीम पर जान से मारने की नियत से फायरिंग की गयी, पुलिस टीम द्वारा की गयी आत्मरक्षार्थ जवाबी फायरिंग में बदमाश गोली लगने से घायल हो गया जिसे घायलावस्था में गिरफ्तार किया गया।

गिरफ्तार/घायल बदमाश की पहचान नौशाद पुत्र शाबू निवासी ग्राम सारसोल थाना बन्ना देवी जनपद अलीगढ के रुप में हुई हैं, घायल बदमाश को उपचार हेतु सीएचसी खुर्जा में भर्ती कराया गया है। बदमाश के कब्जे से अवैध असलहा, कारतूस, 13,000/- रुपये नकद, एक मोटर साइकिल व एक मोबाइल फोन बरामद हुए हैं।

उल्लेखनीय है कि गिरफ्तार अभियुक्त शातिर किस्म का चोर है जिसके द्वारा दिनांक 02-09-2026 को थाना खुर्जा नगर क्षेत्रान्तर्गत प्रीतविहार कॉलोनी में एक मकान का ताला तोडकर नकदी चोरी करने की घटना कारित की गयी थी, जिसके सम्बंध में थाना खुर्जा नगर पर मुअसं-995/2026 धारा 305 बीएनएस पंजीकृत है।

गिरफ्तार अभियुक्त द्वारा दिनांक 12-09-2026 को थाना खुर्जा नगर क्षेत्रान्तर्गत गुलशन विहार में एक मकान से आभूषण चोरी करने की घटना कारित की गयी थी।

## एक दिवसीय विशाल मेले व इनामी दंगल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया

**ब्यूरो चीफ**

**सबसे तेज प्रयागराज**

**कौशांबी।** कड़ा विकासखंड के कोरियों गांव में रविवार को हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी मोहनदास बाबा की स्मृति में एक दिवसीय विशाल मेले व इनामी दंगल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। मेले में उमड़ी हजारों की भीड़ और अखाड़े में पहलवानों के दांव-पेच ने पूरे क्षेत्र को उत्साह के रंग में सराबोर कर दिया।इनामी दंगल प्रतियोगिता में जाबिर मेरठ, जोनी फिरोजाबाद, मनोज प्रतापगढ़, आशीष टेवाँ, अंशू सिंह गाजियाबाद, रिजवान फिरोजाबाद , राजेश टेवाँ सहित तमाम नामचीन पहलवानों ने अपनी कुश्ती कला का शानदार प्रदर्शन किया। अखाड़े में पहलवानों की हर भिड़ंत पर दर्शकों ने तालियों की गड़गड़ाहट से उनका उत्साहवर्धन किया।इनामी दंगल प्रतियोगिता में पूनम हरियाणा, संध्या प्रतापगढ़, काजल लखनऊ, अंशू गाजियावाद सहित तमाम महिला पहलवानों ने अखाड़े में जोर आजमाइश किया।महिला पहलवानों में फाइनल कुश्ती अंशू लखनऊ व पूनम हरियाणा में



हुई जिसमें पूनम हरियाणा ने बाजी मारी।पुरुष पहलवानों में निर्णायक व अंतिम कुश्ती राजेश टेवाँ व जानी फिरोजाबाद के बीच लड़ी गई। कांटे की टक्कर में राजेश टेवाँ ने शानदार दांव लगाते हुए जानी फिरोजाबाद को पटकनी दी और चैंपियन का खिताब अपने नाम कर लिया।कार्यक्रम का संचालन शैलेंद्र सिंह ने किया जबकि भोला सिंह, पवन सिंह, सुनील सिंह ने रेफरी की भूमिका निभाई।आयोजक मंडल द्वारा विजेता व उपविजेता पहलवानों को नकद पुरस्कार व उपहार देकर सम्मानित किया गया।मेले का मुख्य आकर्षण भगवान लड्डू गोपाल का रामडोल रहा।

रविकांत गुप्ता के आवास से भगवान लड्डू गोपाल को भव्य पालकी में विराजमान कर ग्रामीणों ने पूरे गांव में भ्रमण कराया। इसके बाद मेला क्षेत्र स्थित मट्टीतारा तालाब में भगवान को जलविहार कराया गया।मान्यता है कि जलविहार के दौरान भगवान स्वयं मेले का अवलोकन करते हैं और समस्त ग्रामवासियों को सुख-समृद्धि का आशीर्वाद देते हैं।मेले में सजे मीना बाजार में महिलाओं और बच्चों की भारी भीड़ नजर आई। लोगों ने चाट-फुलकी का लुत्फ उठाया, खरीदारी की और झूलों का आनंद लिया। मेले को शांतिपूर्ण व सुरक्षित माहौल में संपन्न कराने के लिए थानाध्यक्ष सैनी त्रिलोकीनाथ पांडेय अपनी पुलिस टीम के साथ मेला क्षेत्र में भ्रमणशील रहे।इस अवसर पर अखिल प्रताप सिंह, बब्बू सिंह, राजवीर सिंह, रामसेवक यादव, अशोक सिंह, बसंत सिंह, मनोज अग्रहरि, महेश प्रसाद, धनराज सिंह, धनराज यादव , सरफाज आलम, शैलेन्द्र यादव, वैभव प्रताप सिंह आदि लोग उपस्थित रहे।

## आगामी गणेश उत्सव के दृष्टिगत सीओ द्वारा थाना पश्चिम शरीरा में सम्भ्रांत व्यक्तियों के साथ की बैठक

**सबसे तेज प्रयागराज**



**कौशांबी।** आगामी गणेश उत्सव को जनपद में सकुशल एवं शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने के दृष्टिगत क्षेत्राधिकारी कौशाम्बी द्वारा थाना पश्चिम शरीरा में सम्भ्रांत व्यक्तियों, गणेश उत्सव आयोजकों एवं स्थानीय नागरिकों के साथ बैठक की गई।

बैठक के दौरान आगामी गणेश उत्सव के संबंध में सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत आयोजन स्थलों एवं मूर्ति विसर्जन मार्गों की जानकारी लेते हुए सभी से पर्व को आपसी भाईचारे एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने की अपील की गई एवं अधिकारियों/कर्मचारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये ।

## पटाखा विस्फोट पीड़ितों से राज्य पिछड़ा आयोग के सदस्य ने साहू समाज के पदाधिकारियों के साथ की मुलाकात

**ब्यूरो चीफ**

**सबसे तेज प्रयागराज**



**कौशांबी।** विधानसभा चायल के मनौरी में हुए भीषण पटाखा विस्फोट की घटना से प्रभावित पीड़ित परिवारों से राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के सदस्य रामशंकर साहू ने साहू समाज के पदाधिकारियों के साथ मुलाकात कर उनका हालचाल जाना। पीड़ित परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए इस दुख की घड़ी में उनके साथ खड़े रहने का भरोसा दिलाया।

रविशंकर साहू ने कहा कि दुर्घटना में प्रभावित परिवारों की पीड़ा अत्यंत गंभीर और संवेदनशील है।व संबंधित अधिकारियों से भी पीड़ित परिवारों की आवश्यकताओं और राहत व्यवस्था की जानकारी ली। तदोपरांत उत्तर प्रदेश साहू समाज के कार्यवाहक प्रदेश अध्यक्ष डॉक्टर नरेंद्र साहू के नेतृत्व में आयोजित साहू समाज की बैठक में प्रतिभाग किया समाज को मजबूती हेतु तमाम बातों पर विस्तृत चर्चा की गई।इस मौके पर बृजेश साहू,शेष साहू,उमाकांत साहू,सुरेश साहू,जितेंद्र साहू,मीडिया प्रभारी भाजपा ज्ञानेंद्र साहू,रविशंकर साहू,रमेश साहू,नीरज साहू,मनोज साहू,राकेश साहू,नंद कुमार साहू,विजय साहू,संदीप साहू,मुन्ना साहू सहित सम्मानित पदाधिकारीगण उपस्थित रहें।

## पूर्व विधायक को सोशल मीडिया पर जान से मारने की धमकी देने वाला आरोपी हरियाणा से गिरफ्तार

**सबसे तेज प्रयागराज**

**फतेहपुर।** सोशल मीडिया पर हुसैनगंज विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक एवं उत्तर प्रदेश शासन के पूर्व राज्यमंत्री रण्वेन्द्र प्रताप सिंह उर्फ धुन्नी भईया को जान से मारने और गोली से उड़ाने की धमकी देने के मामले में हथगाँव पुलिस एवं सर्विलांस सेल की संयुक्त टीम ने आरोपी को हरियाणा से गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से घटना में प्रयुक्त मोबाइल फोन भी बरामद किया है।

पुलिस के अनुसार, 7 सितंबर 2026 को हथगाँव निवासी गणेशी साहू ने थाना हथगाँव में तहरीर देकर बताया था कि फेसबुक अकाउंट "ॐ शी१" से पूर्व विधायक एवं पूर्व राज्यमंत्री रण्वेन्द्र प्रताप सिंह उर्फ धुन्नी भईया के खिलाफ खुलेआम जान से मारने और गोली से उड़ाने की धमकी दी गई। इसके साथ ही अभद्र भाषा एवं आपत्तिजनक टिप्पणियां कर उनकी प्रतिष्ठा को धूमिल करने का प्रयास किया गया।

पुलिस अधीक्षक फतेहपुर अभिमन्यु मांगलिक के निर्देशन में वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी तथा सोशल मीडिया के माध्यम से धमकी, अभद्र टिप्पणी और वैमनस्य फैलाने वालों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत कार्रवाई की गई। अपर पुलिस अधीक्षक के मार्गदर्शन और क्षेत्राधिकारी थरियांव के पर्यवेक्षण में हथगाँव पुलिस ने सर्विलांस टीम के सहयोग से आरोपी की तलाश शुरू की।





लगातार तकनीकी और भौतिक निगरानी के बाद पुलिस टीम ने 13 सितंबर 2026 को आरोपी धर्मबीर सिंह पुत्र सूरजभान सिंह (लगभग 35 वर्ष), निवासी ग्राम सिठौरा, थाना हथगाँव, जनपद फतेहपुर को निजामपुर, जनपद नरनौन, हरियाणा से गिरफ्तार कर लिया। उसके पास से घटना में प्रयुक्त मोबाइल फोन बरामद हुआ। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आवश्यक विधिक कार्रवाई पूरी कर उसे सक्षम न्यायालय के समक्ष पेश करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है।

### गांव के विवाद को लेकर था आक्रोश

**पूछताछ** में आरोपी ने पुलिस को बताया कि उसके गांव में रास्ते और नाली को लेकर विवाद चल रहा है। उसका आरोप था कि ग्राम प्रधान द्वारा गांव में विकास कार्य नहीं कराए जा रहे हैं और उसके परिवार को सरकारी योजनाओं का लाभ भी नहीं मिला। इसी बात को लेकर आक्रोश में उसने अपने फेसबुक अकाउंट "ॐ शी१" से पूर्व विधायक एवं पूर्व राज्यमंत्री के खिलाफ जान से मारने और गोली से उड़ाने की धमकी देने के साथ अभद्र टिप्पणी की। पुलिस के मुताबिक पूछताछ के दौरान आरोपी ने अपनी गलती स्वीकार कर ली।

## साइबर जागरूकता अभियान के तहत महिलाओं एवं बालिकाओं को किया गया जागरूक

**सबसे तेज प्रयागराज**



**कौशांबी** । जनपद के विभिन्न थाना क्षेत्रों में मिशन शक्ति फेज-5,के तहत नए आपराधिक कानूनों एवं साइबर जागरूकता अभियान के अंतर्गत व्यापक जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए ।

इस दौरान पुलिस टीमों द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं को नए आपराधिक कानूनों, महिला सुरक्षा एवं सशक्तिकरण, साइबर अपराधों से बचाव, गुड टच-बैड टच, आत्मरक्षा, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा उपलब्ध निःशुल्क विधिक सहायता, सड़क सुरक्षा एवं यातायात नियमों, मिशन शक्ति केंद्र तथा एंटी रोमियो टीम की कार्य प्रणाली के संबंध में विस्तार से जानकारी दी गई । साथ ही शासन द्वारा संचालित हेल्पलाइन नंबर 112 (पुलिस आपातकालीन सेवा), 1076 (मुख्यमंत्री हेल्पलाइन), 1090 (वूमेन पावर हेल्पलाइन), 102 (स्वास्थ्य सेवा), 1098 (चाइल्ड हेल्पलाइन), 1930 (साइबर अपराध हेल्पलाइन) एवं 181 (महिला हेल्पलाइन) की जानकारी देते हुए आवश्यकता पड़ने पर इनके उपयोग के लिए प्रेरित किया गया इसके अतिरिक्त कन्या सुमंगला योजना, आयुष्मान भारत योजना, निराश्रित महिला पेंशन योजना, उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन, बैंकिंग कॉरेस्पोंडेंट सखी एवं राष्ट्रीय पोषण मिशन आदि योजनाओं के संबंध में भी जागरूक किया गया। ।

## अवैध तमंचा व कारतूस के साथ एक आरोपी गिरफ्तार

**संजीव विश्वकर्मा**



**बिजनौर,** स्योहारा पुलिस ने 32 बोर की अवैध पिस्टल और दो जिंदा कारतूस बरामद किए

स्योहारा। अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत स्योहारा पुलिस ने एक आरोपी को अवैध हथियार के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार, रविवार 13 सितंबर 2026 को पुलिस टीम ने उमैर पुत्र जकीरुद्दीन निवासी मोहल्ला मिल्कियान, थाना स्योहारा, जनपद बिजनौर को गिरफ्तार किया।

पुलिस ने आरोपी के कब्जे से एक अवैध पिस्टल 32 बोर तथा दो जिंदा कारतूस 32 बोर बरामद किए। बरामदगी एवं गिरफ्तारी के आधार पर थाना स्योहारा पर मु0अ0सं0 354/2026, धारा 3/25 आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया।

पुलिस के मुताबिक गिरफ्तार आरोपी के विरुद्ध पूर्व में भी विभिन्न धाराओं में मुकदमे दर्ज हैं। आरोपी को आवश्यक कानूनी कार्रवाई के बाद न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।

गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में उ0नि0 श्री कृष्ण कुमार तथा हे0का0 360 बृजपाल सिंह शामिल रहे। पुलिस ने बताया कि मामले में विवेचना प्रचलित है।

## महिलाओं/बालिकाओं के सशक्तिकरण हेतु गांव-कस्बों में चौपाल लगाकर चलाया गया “बहू-बेटी अभियान”

**सबसे तेज प्रयागराज**

**फतेहपुर** । पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक के निर्देशन में परित्यक्ता, तलाकशुदा, निराश्रित तथा दहेज उत्पीड़न की शिकार महिलाओं एवं बालिकाओं के उत्थान, स्वावलंबन एवं सशक्तिकरण तथा नए आपराधिक कानूनों के प्रति जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से आज दिनांक 13.09.2026 को जनपद फतेहपुर में विशेष पहल ्रबहू-बेटी अभियान्रव्यापक स्तर पर संचालित किया गया।

अभियान के अंतर्गत जनपद के समस्त थानों द्वारा अपने-अपने थाना क्षेत्रांतर्गत विभिन्न स्थानों पर चौपाल, जागरूकता सम्मेलन एवं संवाद कार्यक्रम आयोजित किए गए। मिशन शक्ति टीमों एवं एंटी रोमियो टीमों द्वारा गांवों एवं कस्बों में महिलाओं और बालिकाओं को उनके अधिकारों, सरकारी योजनाओं, आत्मनिर्भरता एवं सुरक्षा संबंधी महत्वपूर्ण जानकारियां प्रदान की गईं।

अभियान के दौरान परित्यक्ता, विधवा, तलाकशुदा, कामकाजी महिलाओं एवं बालिकाओं को महिला सुरक्षा, स्वावलंबन एवं सशक्तिकरण के प्रति जागरूक किया गया। साथ ही समाज में




व्याप्त कुरीतियों, दहेज उत्पीड़न, घरेलू हिंसा, साइबर अपराध आदि के संबंध में जानकारी देते हुए बचाव के उपाय एवं उपलब्ध कानूनी प्रावधानों से अवगत कराया गया।

इसके अतिरिक्त महिला एवं बाल कल्याण से जुड़ी स्वास्थ्य, स्वच्छता एवं पोषण योजनाओं की जानकारी दी गई। महिला सुरक्षा से संबंधित विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों–डायल 112, महिला हेल्पलाइन 181, वूमेन पावर लाइन 1090, जननी सुरक्षा 102, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, एंबुलेंस सेवा 108 तथा साइबर हेल्पलाइन 1930–के बारे में भी विस्तार से बताया गया।

शासन द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं, जैसे निराश्रित महिला पेंशन योजना, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, नारी शक्ति वंदन योजना, नारी सम्मान-नारी सुरक्षा योजना एवं कन्या सुमंगला योजना के संबंध में जानकारी दी गई। साथ ही विधिक सहायता हेतु फैमिली काउंसलिंग, निःशुल्क विधिक परामर्श एवं नए आपराधिक कानून–*भारतीय न्याय संहिता (इठर), भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (इठरर) एवं भारतीय साक्ष्य अधिनियम (इरअ)-2023*–के प्रावधानों के संबंध में जागरूक करते हुए पंपलेट वितरित किए गए।

# राजसी वैभव के साथ भक्तों को सजीव दर्शन देने निकले श्रीकृष्ण-बलदाऊ

## शंखनाद के साथ दल का शुभारंभ, रंग-बिरंगी रोशनी से नहाया सुलेम सरांय; देर रात तक उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

**सबसे तेज प्रयागराज**

**प्रयागराज।** सुलेम सरांय का प्राचीन दधिकांदो मेला रविवार रात अपनी पूरी दिव्यता और भव्यता के साथ शुरू हुआ। सैकड़ों वर्ष पुरानी धार्मिक परंपरा के तहत रात आठ बजे ठाकुरद्वारा मंदिर में भगवान श्रीकृष्ण-बलदाऊ की विधि-विधान से पूजा-अर्चना और आरती की गई।

इसके बाद शंखनाद के बीच भगवान श्रीकृष्ण-बलदाऊ राजसी वैभव के साथ प्रतीकात्मक हाथी पर चांदी के हौदे में सवार होकर दल-बल के साथ श्रद्धालुओं को सजीव दर्शन देने निकले।

पूजा-आरती में मुख्य अतिथि बाघंबरी मठ के महंत बलवीर गिरि जी महाराज, सांसद प्रवीण पटेल, एडीएम सिटी सत्यम मिश्रा, विधायक सिद्धार्थनाथ सिंह, महापौर उमेश चंद्र गणेश केसरवानी, भाजपा महानगर अध्यक्ष संजय गुप्ता, पूर्व सांसद केशरी देवी, पूर्व महापौर अभिलाषा गुप्ता, डॉ. सुशील कुमार सिन्हा, पूर्व सांसद शैलेंद्र कुमार और पूर्व सत्यवीर मुन्ना समेत अन्य गणमान्य शामिल रहे। शोभायात्रा में आगे-आगे ध्वजा-पताका, डीजे-बैंड और गणेश, हनुमान, विष्णु, दुर्गा व भगवान शंकर की झांकियां चल रही थीं। 40 सदस्यों की धमाल पार्टी और ब्रास बैंड आकर्षण का केंद्र रहे। ढोल-नगाड़ों के साथ 25 से



अधिक रोशनी कमेटियों ने आधुनिक लाइटिंग से पूरे मेला क्षेत्र को जगमगा दिया।

कृष्ण लीलाओं और सामाजिक संदेशों पर आधारित एक दर्जन से अधिक चौकियां रातभर मेला क्षेत्र में झांकियां प्रस्तुत करती रहीं।

मेला अध्यक्ष पीयूष केसरवानी की अगुवाई में दल ठाकुरद्वारा से सुलेम सरांय, जयंतीपुर, प्रीतमनगर, धूमनगंज, पीएसी स्थित माई जी कुटिया पहुंचा। वहां पूजा-अर्चना के बाद मीरापट्टी, ट्रांसपोर्ट नगर और मुंडेरा चुंगी होते हुए वापस ठाकुरद्वारा पहुंचकर शोभायात्रा का समापन हुआ।

चौफटका से बेगम बाजार तक पूरा मेला क्षेत्र रंग-बिरंगी रोशनी से नहा उठा। जगह-जगह अनरसा, सोहनपापड़ी, चाट और फास्ट फूड की दुकानों पर भीड़ रही। बच्चे देर रात तक झूलों का आनंद लेते रहे। चौराहों पर लाउडस्पीकर प्रतियोगिताएं भी आकर्षण का केंद्र रहीं। भगवान की एक झलक पाने के लिए श्रद्धालुओं में खासा उत्साह रहा और देर रात तक मेला क्षेत्र में भारी भीड़ जुटी रही।

सुरक्षा को लेकर भी पुख्ता इंतजाम किए गए थे। बड़ी संख्या में पुलिस, पीएसी, आरएएफ और सिविल पुलिस के जवान मेला क्षेत्र में तैनात रहे। मेला प्रमुख नरेंद्र खेड़ा, वीरेंद्र केसरवानी, धर्मचंद जायसवाल, महामंत्री मुकेश साहू, कोषाध्यक्ष अंकुर रस्तोगी, प्रभारी सुभाष केसरवानी, संयोजक पीयूष जायसवाल, गुलशन अरोड़ा, अतुल केसरवानी, प्रवक्ता हिमांशु निक्की गुप्ता, धनंजय सिंह, निरंकार साहू, राकेश केसरवानी और सुनील केसरवानी समेत मेला कमेटी के पदाधिकारी व गणमान्य मौजूद रहे।

## गुरु ग्रंथ साहिब का प्रथम प्रकाश पर्व श्रद्धा और उल्लास से मनाया

**अलोपीबाग गुरुद्वारा साहिब में सजा विशेष दरबार, कीर्तन के बाद श्रद्धालुओं ने ग्रहण किया लंगर प्रसाद**

**सबसे तेज प्रयागराज**

**प्रयागराज।** अलोपीबाग स्थित गुरुद्वारा साहिब में रविवार को गुरु ग्रंथ साहिब का प्रथम प्रकाश पर्व श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर गुरुद्वारा परिसर और दरबार साहिब को बहुरंगी पुष्पों से आकर्षक ढंग से सजाया गया।

विशेष कीर्तन का आयोजन हुआ, जिसमें श्रद्धालुओं ने गुरु ग्रंथ साहिब के समक्ष माथा टेककर अरदास की। कीर्तन के बाद श्रद्धालुओं ने आस्था भाव से लंगर का प्रसाद ग्रहण किया।

गुरुद्वारा प्रधान परमजीत सिंह बग्गा ने कहा कि गुरु ग्रंथ साहिब का मूल भाव मानव कल्याण है। इसमें मानवता, समानता और सेवा का संदेश दिया गया है। सरदार पतविंदर सिंह ने कहा कि गुरु ग्रंथ साहिब ने मानव समाज को एक सूत्र में बांधने का कार्य किया है और मानवता की सेवा का मार्ग दिखाया है।

इस अवसर पर गुरुदीप सिंह सरना, परमजीत सिंह, कुलदीप सिंह बग्गा, परमिंदर सिंह बंटी, मनु चावला, जसविंदर सिंह नीटू, बलजीत सिंह, लखविंदर सिंह, राजेंद्र सिंह ग्रोवर, जसवीर सिंह, हरजीत सिंह कथुरिया और त्रिलोचन सिंह बग्गा मौजूद रहे।

## 'यूपी डायलॉग -चैप्टर 2' के बहाने हुआ सार्थक संवाद

**सबसे तेज प्रयागराज**

**प्रयागराज।** फ्रेंड्स ऑफ यूपी' द्वारा रविवार को प्रयागराज में आयोजित 'यूपी डायलॉग - चैप्टर 2' कार्यक्रम में 250 से अधिक युवा प्रतिभागियों ने सक्रिय रूप से भाग लिया। 'यूपी डायलॉग' का उद्देश्य युवाओं को उत्तर प्रदेश में पिछले एक दशक के दौरान हुए परिवर्तन, विकास कार्यों और नए अवसरों से जोड़ना तथा विशेषज्ञों के साथ सार्थक संवाद का मंच उपलब्ध कराना रहा। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश की विकास यात्रा, नीति-निर्माण और बदलते सामाजिक- आर्थिक परिदृश्य पर विस्तृत चर्चा हुई। विशेष रूप से कानून-व्यवस्था, युवाओं के लिए अवसर और धार्मिक पर्यटन जैसे विषयों पर विचार-विमर्श किया गया।कार्यक्रम में कानून, अर्थव्यवस्था और शिक्षा क्षेत्र से जुड़े विशेषज्ञों ने युवाओं के साथ संवाद किया। वरिष्ठ अधिवक्ता अर्चना सिंह ने अपने विचार साझा करते हुए कहा कि प्रदेश सरकार में कानून व्यवस्था चुस्त दुरुस्त एवं एवं सुदृढ़ हुई है ,सरकार की विभिन्न नीतियों का सबसे अधिक लाभ युवाओं को मिल रहा है, इसलिए युवाओं की सक्रिय भागीदारी ही उनके सुरक्षित और सशक्त भविष्य की कुंजी है। इसके अलावा अरुणेश सिंह जी ने अर्थशास्त्र, वित्त और शिक्षा सहित विभिन्न क्षेत्रों में उपलब्ध अवसरों पर प्रकाश डाला। प्रो. राजेश कुमार गर्ग ने भी कार्यक्रम में सहभागिता करते हुए युवाओं को प्रेरित किया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ. रघुराज भी उपस्थित रहे। युवाओं को मार्गदर्शन देते हुए समाज और राज्य के विकास में उनकी सक्रिय भूमिका पर बल दिया।

कार्यक्रम को दो प्रमुख संवाद सत्रों में विभाजित किया गया था, पहले सत्र में आमंत्रित वक्ताओं के साथ संवाद हुआ, जबकि दूसरे सत्र में युवाओं के साथ प्रश्नोत्तर और खुला संवाद आयोजित किया गया, जिसमें प्रतिभागियों ने सक्रिय रूप से अपने विचार और प्रश्न साझा किए।

## संपत्ति विवाद में फायरिंग के आरोपियों पर मुकदमा दर्ज

**चाचा के घर फायरिंग कर दहशत फैलाने का मामला,**

**सबसे तेज प्रयागराज**

**लालगोपालगंज, प्रयागराज।** नवाबगंज थाना क्षेत्र के लालगोपालगंज कस्बा अंतर्गत दानियालपुर वार्ड संख्या-9 में संपत्ति विवाद को लेकर चाचा के घर पर फायरिंग करने के मामले में पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया है। मुकदमा दर्ज होने के बाद पुलिस मामले की जांच में जुटी है, लेकिन घटना ने कस्बे में कानून-व्यवस्था और अपराध पर अंकुश लगाने को लेकर सवाल खड़े कर दिए हैं। बताया जाता है कि संपत्ति व खेती के विवाद को लेकर एक युवक ने अपने ही सगे चाचा के घर पर तमंचे से फायर झोंक दिया था। अचानक हुई फायरिंग और गाली-गलौज से आसपास के लोगों में दहशत फैल गई थी। घटना के बाद आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए बाइक से फरार हो गया था। पीड़ित पक्ष की ओर से नवाबगंज थाने में तहरीर देकर सुरक्षा और कानूनी कार्रवाई की मांग की गई थी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर फायरिंग के आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है और साक्ष्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। गौरतलब है कि पूर्व में भी संपत्ति विवाद को लेकर आरोपी पक्ष द्वारा गाली-गलौज और धमकी दिए जाने की बात सामने आई थी। इसके बावजूद फायरिंग की घटना होने से पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल उठ रहे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि विवादों में समय रहते प्रभावी कार्रवाई न होने पर घटनाएं गंभीर रूप ले सकती हैं। अब देखना यह है कि मुकदमा दर्ज होने के बाद पुलिस आरोपियों की गिरफ्तारी और अवैध असलहे की बरामदगी को लेकर क्या ठोस कदम उठाती है।

## विकास कार्यों और कानून व्यवस्था पर मंत्री सख्त, अधिकारियों को समयबद्ध कार्रवाई के निर्देश

**बांदा।** उत्तर प्रदेश के राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार उद्यान, कृषि विपणन, कृषि विदेश व्यापार एवं कृषि निर्यात दिनेश प्रताप सिंह की अध्यक्षता में रविवार को बांदा के सर्किट हाउस सभागार में विकास कार्यों और कानून व्यवस्था की समीक्षा बैठक हुई। मंत्री ने विभागवार योजनाओं की प्रगति परखी और लापरवाही मिलने पर तत्काल कार्रवाई तथा लंबित कार्यों को निर्धारित समयसीमा में पूरा कराने के निर्देश दिए।

मंत्री ने किसान हित की योजनाओं में तेजी लाने के निर्देश देते हुए प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, फार्मर रजिस्ट्री, किसान क्रेडिट कार्ड, बीज-खाद की उपलब्धता और पीएम-कुसुम योजना की समीक्षा की। उन्होंने पात्र किसानों को योजनाओं का लाभ दिलाने और सोलर पंप लाभार्थियों को प्रमाण-पत्र वितरित कराने के निर्देश दिए। बागवानी को बढ़ावा देने के लिए स्थानीय जलवायु के अनुरूप नई फसलों की संभावनाएं तलाशने तथा माइक्रो इरिगेशन के लिए क्लस्टरवार कार्ययोजना तैयार करने को कहा।

## विवाहिता की पिटाई के मामले में सास-ससुर समेत 7 पर केस दर्ज

**सबसे तेज प्रयागराज**

**बहरिया ।** थाना क्षेत्र के चीतूपुर गांव में एक विवाहिता की पिटाई करने के मामले में पुलिस ने सास-ससुर सहित सात लोगों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में प्राथमिकी दर्ज की है।

चीतूपुर निवासिनी पुनीता पटेल पत्नी महेंद्र पटेल ने बहरिया थाने में तहरीर देकर आरोप लगाया है कि उसके ससुर हीरालाल और सास सावित्री देवी हमेशा उसे डराते-धमकाते हैं और कहते हैं कि यहां से भाग जाओ

पुनीता का आरोप है कि विरोध करने पर जेठ कृष्ण कुमार जेठानी मनोरमा देवी देवर रूपेंद्र कुमार देवरानी सरला देवी और दूसरे देवर उपेंद्र कुमार कमरे में घुस आए और उसके साथ मारपीट की। जब उसने शोर मचाया तो सभी लोग जान से मारने की धमकी देते हुए वहां से चले गए।

पीड़िता की तहरीर के आधार पर बहरिया पुलिस ने ससुर हीरालाल सास सावित्री देवी जेठ कृष्ण कुमार जेठानी मनोरमा, देवर रूपेंद्र देवरानी सरला और देवर उपेंद्र कुमार के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। विवाहिता के सिर में गंभीर चोट होने पर इलाज के लिए उसको एसआरएन रेफर किया गया है।

पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है जल्द ही आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

## बसपा की सेक्टर स्तरीय बैठक संपन्न



**राम सिंह यादव**



**प्रयागराज।** बहुजन समाज पार्टी के तत्वावधान मे विधानसभा हण्डिया के सेक्टर सियाडिह के रतीपूर गांव में हुई बैठक हुई। मुख्य अतिथि विजय प्रताप सिंह पूर्व एमएलसी मिजार्पुर प्रयागराज मुख्य मण्डल प्रभारी रहे, विशिष्ट अमरेन्द्र बहादुर भारतीय मुख्य मण्डल प्रभारी प्रयागराज, टीएन जैसल जिला अध्यक्ष प्रयागराज, राजकुमार प्रजापति जिला सचिव प्रयागराज, अमर नाथ निडर पिछड़ा भाईचारा संयोजक प्रयागराज, केएल प्रजापति पिछड़ा भाई चारा संयोजक प्रयागराज,शरद कुमार गौतम पिछड़ा भाई चारा संयोजक प्रयागराज, श्याम नारायण वर्मा, पंचलाल पासी पूर्व विधानसभा प्रभारी, डा प्रेमचन्द विधानसभा प्रभारी हंडिया, ओमप्रकाश भारतीय विधानसभा प्रभारी हंडिया, उदयराज गौतम विधानसभा अध्यक्ष, मुख्तार शाह उपाध्यक्ष, विजय कुमार सरोज विधानसभा महासचिव, रामबाबू गौतम विधानसभा क्षेत्र सचिव, राजित राम पाल, राज कुमार गौतम, राज करन बौद्ध, राजेश कुमार गौतम, राजेंद्र प्रसाद भंते , राजेन्द्र प्रसाद मौर्या, प्यारेलाल खलिफा, सुरेश कुमार गौतम आदि, लोग उपस्थित रहे।

## बिजली आपूर्ति में यूपी का दमदार प्रदर्शन, 135 में 74 दिन देश में रहा अव्वल

**कोयला संकट के बावजूद योगी सरकार ने संभाले रखी बिजली व्यवस्था, जिला मुख्यालयों पर 24 घंटे आपूर्ति**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में योगी सरकार के कार्यकाल में बिजली आपूर्ति व्यवस्था को लगातार मजबूत किए जाने का असर अब आंकड़ों में भी दिखाई दे रहा है। एक मई से अब तक 135 दिनों में प्रदेश ने 74 दिन देश में सर्वाधिक विद्युत मांग की आपूर्ति की, जबकि 37 दिन दूसरे स्थान पर रहा। यानी 135 दिनों में 111 दिन उत्तर प्रदेश ने देश के शीर्ष दो राज्यों में रहते हुए बिजली की मांग पूरी की।

प्रदेश में 24 मई से अब तक 22 दिनों में सभी श्रेणी के उपभोक्ताओं को कटौती मुक्त विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित की गई। हालांकि देश के कई हिस्सों में भारी वर्षा और जलभराव के चलते कोयला खदानों में उत्पादन एवं आपूर्ति प्रभावित हुई है। इसके कारण पंजाब, हरियाणा, राजस्थान, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, कर्नाटक, तमिलनाडु, आंध्र प्रदेश और गुजरात समेत कई राज्यों के तापीय विद्युत संयंत्रों में उत्पादन प्रभावित हुआ है।

यूपीपीसीएल के मुताबिक, उत्तर प्रदेश में भी कोयले की कमी और गीले कोयले के कारण तापीय उत्पादन क्षमता प्रभावित हुई है। विभिन्न विद्युत इकाइयों में तकनीकी एवं अन्य कारणों से ट्रिपिंग के चलते उपलब्धता में कमी आई है। इसके बावजूद योगी सरकार ने विद्युत आपूर्ति व्यवस्था को प्रभावी बनाए रखने के लिए हरसंभव प्रयास जारी रखे हैं।

**दिन के समय सामान्य आपूर्ति**

दिन के समय प्रदेश में विद्युत आपूर्ति सामान्य बनी हुई है। हालांकि पीक समय में विद्युत उपलब्धता कम होने और पावर एक्सचेंज में महज 2-3 प्रतिशत तक सीमित क्लीयरेंस के कारण ग्रामीण क्षेत्रों, बुंदेलखंड, तहसील एवं नगर पंचायत क्षेत्रों में रात्रिकालीन सीमित रोस्टरिंग की जा रही है। वहीं, जिला मुख्यालयों में 24 घंटे विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित की जा रही है। प्रदेश सरकार की ओर से निर्बाध विद्युत आपूर्ति बनाए रखने के लिए कोल इंडिया लिमिटेड समेत संबंधित एजेंसियों के साथ लगातार समन्वय किया जा रहा है। कोयले और ऊर्जा की उपलब्धता बढ़ाने के लिए प्रभावी कदम उठाए जा रहे हैं।

## विकसित भारत की विरासत है विश्वकर्मा- दीपक पटेल

**मौजी लाल रावत**

**फूलपुर ।** जिनके पास हुनर है उसे आगे बढ़ने से कोई रोक नहीं सकता। विश्वकर्मा समाज को हुनर विरासत में मिली है। आने वाला समय विकसित भारत की विरासत में विश्वकर्मा समाज का अभिन्न योगदान रहेगा। यह बातें सहसों विकासखंड के सभागार में आयोजित श्री विश्वकर्मा पांचाल ब्राह्मण सभा फूलपुर के 61 वां वार्षिक महोत्सव एवं सम्मेलन को संबोधित करते हुए फूलपुर विधायक दीपक पटेल ने बतौर मुख्य अतिथि कहीं। उन्होंने कहा कि आधुनिकता के साथ जुड़कर बच्चों को शिक्षित करते हुए सरकार द्वारा चलाई जा रही कौशल परक योजनाओं का प्रशिक्षण प्राप्त करके समाज और देश का नाम रोशन करें। समाज की मांग पर श्री



विश्वकर्मा पांचाल ब्राह्मण धर्मशाला दुवार्सा आश्रम के जीर्णोद्धार के लिए छः लाख रुपया अपनी विधायक निधि से स्वीकृत करते हुए आगामी दिनों में छः लाख रुपया और देने की बात कही। साथ ही पर्यटन एवं संस्कृति मंत्रालय द्वारा धर्मशाला को विकसित करने की बात कही। विशिष्ट अतिथि ब्लॉक प्रमुख सहसों गीता सिंह एवं फूलपुर ब्लॉक प्रमुख विपेंद्र सिंह ने विश्वकर्मा समाज के लोगों को सरकार की योजनाओं से अवगत कराया। अध्यक्षता करते हुए पूर्व कुल सचिव इलाहाबाद विश्वविद्यालय प्रयागराज राम लखन विश्वकर्मा ने कहा कि विकसित भारत की विरासत को आगे बढ़ाने में विश्वकर्मा समाज का अभिन्न योगदान है। आधुनिक यंत्र से लेकर कल पुर्जों के निमार्ता और कुशल कारीगर विश्वकर्मा समाज शिक्षा के साथ-साथ अपनी हुनर के साथ रोजगार में भी आगे बढ़े। संचालन मुख्य संरक्षक हरिश्चंद्र विश्वकर्मा एवं तहसील अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद विश्वकर्मा ने किया। इस मौके पर सुरेश चंद्र विश्वकर्मा, राम अधीन, इंद्र बहादुर एडवोकेट, विद्याकांत, रामप्रताप, शीतला प्रसाद, राकेश कुमार, दिलीप कुमार, राम विशाल, सुभाष चंद्र,विजय चंद्र विश्वकर्मा, राम अचल, रामनरेश, सुनील कुमार, राम जन्म, डॉक्टर जियालाल विश्वकर्मा,चंद्रभान विश्वकर्मा, शिवकुमार, सहित सैकड़ो पदाधिकारी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## जनगणना-2027 के द्वितीय चरण के प्रशिक्षण कार्यक्रम का द्वितीय दिवस सम्पन्न

**सबसे तेज प्रयागराज**

**प्रयागराज।** जिलाधिकारी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट स्थित संगम सभागार में जनगणना-2027 के द्वितीय चरण (प्रगणना) के संबंध में आयोजित दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम के द्वितीय दिवस का प्रशिक्षण कार्य आज प्रातः 10:30 बजे से सार्य 5:00 बजे तक सम्पन्न हुआ।

प्रशिक्षण कार्यक्रम में जनगणना कार्य निदेशालय, उत्तर प्रदेश, लखनऊ द्वारा नामित नोडल अधिकारी/सहायक जनगणना निदेशक जितेन्द्र कुमार श्रीवास्तव द्वारा अधिकारियों एवं कर्मचारियों को जनगणना संबंधी विभिन्न तकनीकी एवं प्रक्रियात्मक पहलुओं की जानकारी प्रदान की गई। इस दौरान जनगणना की वेबसाइट CMMS पोर्टल पर कार्य करने का प्रशिक्षण प्रदान किया गया तथा तकनीकी पहलुओं से कंप्यूटर ऑपरेटरों को व्यावहारिक अभ्यास कराया गया।



प्रशिक्षण के क्रम में HLBC पोर्टल पर किए गए नवीन अपडेट तथा जनगणना कार्य से संबंधित अन्य महत्वपूर्ण बिंदुओं के संबंध में भी विस्तृत जानकारी दी गई।

अधिकारियों एवं कर्मचारियों को जनगणना कार्य की निर्धारित समय सारिणी स्व-गणना 16 नवम्बर से 30 नवम्बर 2026 तक सम्पन्न होगी।

इसके उपरान्त 01 दिसम्बर 2026 से 04 जनवरी 2027 तक प्रगणकों द्वारा घर-घर जाकर प्रत्येक परिवार के सदस्यों की गणना की जाएगी। साथ ही, बेघर व्यक्तियों की गणना 04 जनवरी 2027 को सायं 6:00 बजे से रात्रि 12:00 बजे तक किए जाने की कार्यप्रणाली से अवगत कराते हुए कार्यों की समयबद्ध, सुचारु एवं प्रभावी ढंग से सम्पन्न कराने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए।

प्रशिक्षण कार्यक्रम में अपर जिलाधिकारी (वि०/रा०)/जिला जनगणना अधिकारी श्रीमती विनीता सिंह, जनपद के समस्त उप जिलाधिकारी, तहसीलदार/चार्ज अधिकारी, नगर निकायों के अधिशासी अधिकारी/चार्ज अधिकारी, नगर निगम के जोनल अधिकारी/चार्ज अधिकारी, कैंटोनमेंट बोर्ड के बार्ज अधिकारी तथा संबंधित जनगणना लिपिक एवं कंप्यूटर ऑपरेटर उपस्थित रहे।

**(विनीता सिंह)**
**अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व/**
**जिला जनगणना अधिकारी प्रयागराजे।**

## पुलिस का महिला जागरूकता अभियान: एंटी रोमियो टीम ने समझाया कानून

**सबसे तेज प्रयागराज**

**बिजनौर,** बिजनौर में महिला सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से बिजनौर पुलिस की एंटी रोमियो टीम ने शहर में व्यापक जागरूकता अभियान चलाया। अभियान के तहत थाना कोतवाली शहर क्षेत्र अंतर्गत व्यस्ततम इलाकों सदर बाजार और रोडवेज बस स्टैंड पर महिलाओं व बालिकाओं से सीधा संवाद स्थापित किया गया। टीम ने छात्राओं और महिलाओं को उनके कानूनी



अधिकारों,आत्मरक्षा के उपायों तथा किसी भी आपात स्थिति में निडर होकर प्रतिक्रिया देने के तौर-तरीके समझाए।

आपातकालीन सहायता के लिए जारी सरकारी हेल्पलाइन नंबरों के प्रति जागरूक करते हुए इनका उपयोग करने के लिए प्रेरित किया गया 1090 विमेन पावर लाइन, 181 महिला हेल्पलाइन, 112 आपातकालीन एकीकृत सेवा।

पुलिस कर्मियों ने आश्वस्त किया कि छेड़खानी या किसी भी प्रकार के उत्पीड़न की स्थिति में महिलाएं तुरंत इन नंबरों पर संपर्क करें, पुलिस त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करेगी।

## 11वें आयुर्वेद दिवस का संदेश जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प- राज्य मंत्री

**सबसे तेज प्रयागराज**

**प्रयागराज।** आयुष राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) डॉ. दयाशंकर मिश्र ह्यदयालुह्न ने रविवार को प्रयागराज स्थित सर्किट हाउस में विभागीय अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक कर आयुष चिकित्सा सेवाओं, चिकित्सालयों की व्यवस्थाओं तथा आगामी 11वें आयुर्वेद दिवस की तैयारियों की विस्तृत समीक्षा की।

बैठक में मंत्री ने कहा कि 23 सितंबर को 11वें आयुर्वेद दिवस को भव्य एवं व्यापक स्वरूप में मनाया जाए तथा समाज के प्रत्येक व्यक्ति को इससे जोड़ा जाए। उन्होंने अधिकारियों एवं कर्मचारियों का आह्वान किया कि आयुर्वेद को केवल चिकित्सालयों और कार्यक्रमों तक सीमित न रखते हुए आयुर्वेदिक जीवनशैली, स्वस्थ आहार-विहार, दिनचर्या एवं ऋतुचर्या के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने का प्रभावी प्रयास किया जाए।

उन्होंने कहा कि ह्लबंद कमरों से निकलकर समाज के प्रत्येक वर्ग के बीच पहुंचना होगा।ह्व आयुर्वेद की उपयोगिता और भारतीय जीवन-पद्धति में उसके महत्व को आमजन तक पहुंचाने के लिए ग्राम स्तर से लेकर शहरी क्षेत्रों तक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएं। उन्होंने जनसहभागिता बढ़ाने तथा आयुर्वेद दिवस को जन-आंदोलन का स्वरूप देने पर विशेष बल दिया।

**निर्माण कार्यों की प्रगति की समीक्षा**

बैठक में राजकीय आयुर्वेदिक



कॉलेज हंडिया एवं राजकीय होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज, प्रयागराज के निर्माण कार्यों की प्रगति की भी समीक्षा की गई।

उन्होंने विभाग में उत्कृष्ट एवं सराहनीय कार्य करने वाले अधिकारियों एवं कर्मचारियों को चिन्हित कर सम्मानित करने की आवश्यकता पर भी जोर दिया, ताकि बेहतर कार्य करने वालों का उत्साहवर्धन हो तथा अन्य कर्मचारियों को भी प्रेरणा मिले।

**चिकित्सालयों में औषधि एवं स्वच्छता पर विशेष जोर**

मंत्री ने आयुष चिकित्सालयों में आवश्यक औषधियों की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने, मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने तथा चिकित्सालय परिसरों में साफ-सफाई एवं स्वच्छता व्यवस्था को बेहतर बनाए रखने एवं मरीजों को बाहर की दवा न लिखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आयुष चिकित्सालयों में आने वाले मरीजों को गुणवत्तापूर्ण उपचार के साथ-साथ स्वच्छ एवं सकारात्मक वातावरण भी उपलब्ध कराया जाना चाहिए।

इस अवसर पर आयुष मंत्री द्वारा एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत कांचनार पौधे का रोपण किया गया।

बैठक में क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी डॉ नवीन सोनी, प्रधानाचार्य राजकीय होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज डॉ. ए.के.मिश्रा, डॉ. शकील अहमद, जिला होम्योपैथिक चिकित्सा अधिकारी डॉ हर्षुल गौतम, प्रधानाचार्य राजकीय यूनानी मेडिकल कॉलेज डॉ. नजीब हंगला,प्रधानाचार्य राजकीय आयुर्वेद महाविद्यालय डॉ. केदारनाथ, जिला कार्यक्रम प्रबंधक आयुष डॉ. एच. के. मिश्रा, डॉ. एन. अम्मार, डॉ. मनोज सिंह, डॉ. हेमंत सिंह, डॉ. अवनीश पाण्डेय, डॉ. विवेक शुक्ला, डॉ. विवेक द्विवेदी, डॉ. महेंद्र त्रिपाठी, डॉ. विमलेश मिश्रा, डॉ. गिरीश पाण्डेय, शशांक शुक्ला, पंकज मिश्रा सहित विभागीय अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

बैठक का मुख्य संदेश यही रहा कि आयुर्वेद दिवस केवल एक आयोजन न रहकर स्वस्थ जीवनशैली के प्रति जन-जागरूकता का व्यापक अभियान बने।

## संपादकीय

### एआई की भूख और किताबों की मौत

कृत्रिम बुद्धिमत्ता यानी आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आज मानव सभ्यता की सबसे प्रभावशाली तकनीकी उपलब्धियों में शामिल हो चुकी है। चिकित्सा से लेकर शिक्षा, पत्रकारिता, अंतरिक्ष विज्ञान, उद्योग और मनोरंजन तक इसका विस्तार तेजी से हो रहा है। लेकिन एआई को अधिक सक्षम, सटीक और ह्यमानवीयह्न बनाने की वैश्विक प्रतिस्पर्धा अब एक ऐसे मोड़ पर पहुंचती दिखाई दे रही है, जहां सवाल केवल तकनीक का नहीं, बल्कि मानव ज्ञान की विरासत के संरक्षण का भी है।

हाल की अंतरराष्ट्रीय रिपोर्टों ने एक गंभीर चिंता को जन्म दिया है....क्या दुनिया की दुर्लभ, पुरानी और इंटरनेट पर उपलब्ध न होने वाली किताबें एआई के लिए कच्चा माल बनकर नष्ट की जा रही हैं? अमेरिकी खोजी मीडिया संस्थान 404 र्टीि की अगस्त 2026 की जांच ने इस सवाल को और गंभीर बना दिया है। रिपोर्ट के अनुसार, बड़ी मात्रा में पुरानी और दुर्लभ किताबें खरीदी जा रही हैं, उन्हें एक विशेष प्रक्रिया के तहत उनकी जिल्द से अलग कर तेज गति से स्कैन किया जाता है और उसके बाद भौतिक प्रतियों को नष्ट कर दिया जाता है। जांच में एक दुर्लभ किताब में ट्रैकिंग डिवाइस लगाकर उसकी यात्रा का पता लगाया गया, जो अंततः लास वेगास स्थित के नामक केंद्र तक पहुंची। वहां कर्मचारियों के अनुसार किताबों की बाइंडिंग काटकर पन्नों को स्कैन किया जाता है। हालांकि यहां एक महत्वपूर्ण तथ्यात्मक सावधानी जरूरी है। यह स्वीकार नहीं किया है कि में स्कैन की जा रही किताबें विशेष रूप से अक मॉडल को प्रशिक्षित करने के लिए ही इस्तेमाल होती हैं। कंपनी ने केवल इतना कहा कि वह वाणिज्यिक माध्यमों से किताबें खरीदती है ताकि अपने उत्पादों और सेवाओं के विकास एवं सुधार में उनका उपयोग कर सके। इसलिए इस मामले में किताबें नष्ट करके अक को प्रशिक्षित कर रहा है को पूर्णतः स्थापित तथ्य के बजाय जांच से सामने आई गंभीर संभावना के रूप में देखना अधिक उचित होगा। लेकिन मामला केवल तक सीमित नहीं। इस पूरे घटनाक्रम का सबसे महत्वपूर्ण पहलू यह है कि किताबों की डिस्ट्रक्टिव स्कैनिंग का विचार कोई काल्पनिक कहानी नहीं है। वर्ष 2026 में से जुड़े एक मुकदमे के दौरान सामने आए दस्तावेजों ने दिखाया कि कंपनी ने बड़ी संख्या में किताबें खरीदकर उनकी जिल्द काटने, पन्नों को स्कैन करने और मूल प्रतियों को नष्ट करने की योजना बनाई थी।

इस परियोजना को आंतरिक रूप से कहा गया था। वाशिंगटन पोस्ट के अनुसार, दस्तावेजों में लाखों किताबों को इस तरीके से स्कैन करने की योजना का उल्लेख सामने आया। यानी यह अब केवल किसी एक कंपनी या एक गोदाम की कहानी नहीं रह गई है। यह उस व्यापक संकट का संकेत है जिसमें दुनिया की सबसे बड़ी तकनीकी कंपनियां एआई मॉडल के लिए अधिकाधिक उच्च गुणवत्ता वाले मानव-लिखित डेटा की तलाश कर रही हैं।आखिर पुरानी किताबों में ऐसा क्या है? इसका उत्तर बेहद महत्वपूर्ण है।

इंटरनेट पर उपलब्ध सामग्री का एक बड़ा हिस्सा पहले ही विभिन्न एआई प्रणालियों के प्रशिक्षण में इस्तेमाल हो चुका है। इसके अलावा इंटरनेट पर अब तेजी से एआई द्वारा तैयार की गई सामग्री भी बढ़ रही है। यही कारण है कि तकनीकी जगत में ह्यमॉडल कोलैप्सह्न को लेकर चिंता व्यक्त की जाती है अर्थात यदि एआई मॉडल लगातार ऐसे डेटा पर प्रशिक्षित होते रहें, जो पहले से एआई द्वारा बनाया गया है, तो समय के साथ आउटपुट की गुणवत्ता और विविधता प्रभावित हो सकती है।

इसके विपरीत पुरानी किताबें एक अलग तरह का स्रोत हैं। उनमें संपादित, व्यवस्थित, विषय-विशेष और लंबे समय तक मानव द्वारा तैयार किया गया ज्ञान मौजूद होता है। 404 मिडिया की रिपोर्ट में पुस्तक-सप्लाई से जुड़ी कंपनी क्र्इठ्ठ द्वारा पुरानी पुस्तकों को एआई प्रशिक्षण के लिए मूल्यवान स्रोत के रूप में प्रस्तुत किए जाने का भी उल्लेख है। यही कारण है कि दशकों या सदियों पुरानी किताबें अचानक तकनीकी कंपनियों के लिए बहुमूल्य ह्यडेटा संसाधनह्न बन गई हैं।

### जल संकट पर मोदी के सुझाव

भारत में तेजी से बढ़ता शहरीकरण पानी के प्रबंधन के सामने नई और जटिल चुनौतियां खड़ी कर रहा है। शहरों की आबादी लगातार बढ़ रही है और आने वाले वर्षों में पानी की मांग भी तेजी से बढ़ेगी। ऐसे में जल सुरक्षा को केवल वर्तमान जरूरतों तक सीमित रखकर नहीं देखा जा सकता। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इसी चुनौती को ध्यान में रखते हुए शहरी स्थानीय निकायों को भविष्य की जल जरूरतों और बढ़ती आबादी से पैदा होने वाले दबाव के लिए तैयार करने पर जोर दिया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गत दिनों जल शक्ति मंत्रालय की ओर से आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय विभागीय जल शिखर सम्मेलन के समापन सत्र की अध्यक्षता करते हुए कहा कि शहरी स्थानीय निकायों को भी पानी से जुड़े मुद्दों पर गंभीर और दीर्घकालिक चिंतन की जरूरत है। उन्होंने सुझाव दिया कि जिस तरह राष्ट्रीय स्तर पर चिंतन शिविर आयोजित किए जा रहे हैं, उसी तरह शहरी स्थानीय निकायों के लिए भी ऐसे कार्यक्रम आयोजित किए जाने चाहिए, ताकि शहर अपने सामने आने वाली जल संबंधी चुनौतियों को समय रहते समझ सकें और उनके समाधान की तैयारी कर सकें। शहरों में बढ़ती आबादी के साथ पानी की मांग केवल घरेलू उपयोग तक सीमित नहीं रहती। उद्योग, निर्माण, व्यावसायिक गतिविधियां और कृषि से जुड़े शहरी क्षेत्र भी पानी की बड़ी मात्रा की मांग करते हैं। दूसरी ओर, शहरीकरण के कारण जल स्रोतों पर अतिक्रमण, भूजल का अत्यधिक दोहन और प्राकृतिक जल निकासी व्यवस्था में बदलाव जैसी समस्याएं भी बढ़ रही हैं। ऐसे में आने वाले समय में जल संकट से बचने के लिए योजनाबद्ध और वैज्ञानिक जल प्रबंधन आवश्यक होगा।

मोदी ने पानी बचाने वाली तकनीकों को बड़े पैमाने पर अपनाने की आवश्यकता पर भी जोर दिया। उनका सुझाव है कि ऐसी तकनीकों को केवल सरकारी योजनाओं तक सीमित न रखा जाए, बल्कि उनके विकास और इस्तेमाल के लिए उद्योगों, निमार्ताओं और अन्य हितधारकों को भी प्रोत्साहित किया जाए। इसके लिए विशेष प्रदर्शनियों और कार्यशालाओं का आयोजन किया जा सकता है, जहां दुनिया में इस्तेमाल हो रही बेहतर जल संरक्षण तकनीकों से भारतीय निमार्ताओं और विशेषज्ञों को परिचित कराया जाए। इसका उद्देश्य केवल विदेशी तकनीकों को अपनाना नहीं, बल्कि भारतीय परिस्थितियों के अनुरूप प्रभावी समाधान विकसित करना भी है। अलग-अलग शहरों की जल जरूरतें और समस्याएं अलग हैं। कहीं भूजल तेजी से नीचे जा रहा है, कहीं बारिश का पानी पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध होने के बावजूद उसका संग्रह नहीं हो पाता और कहीं सीवेज के कारण जल स्रोत प्रदूषित हो रहे हैं। इसलिए तकनीकी समाधान स्थानीय जरूरतों को ध्यान में रखकर विकसित करने होंगे।

जल संरक्षण के क्षेत्र में जनभागीदारी को भी प्रधानमंत्री ने महत्वपूर्ण माना। उन्होंने लोगों के बीच पानी के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए ह्यजल उत्सवह्न जैसे कार्यक्रमों को प्रोत्साहित करने का सुझाव दिया। इसका उद्देश्य पानी को केवल सरकारी जिम्मेदारी मानने के बजाय समाज के प्रत्येक व्यक्ति को जल संरक्षण से जोड़ना है। जब तक घरों, स्कूलों, बाजारों, उद्योगों और स्थानीय समुदायों में पानी बचाने की आदत विकसित नहीं होगी, तब तक केवल सरकारी प्रयास पर्याप्त नहीं होंगे। प्रधानमंत्री ने जलाशयों और नदियों में जमा गाद यानी सिल्ट हटाने को भी नियमित कार्यक्रम बनाने की आवश्यकता बताई।

उन्होंने इसके लिए स्पष्ट मानदंड और मानक संचालन प्रक्रियाएं यानी एसओपी तैयार करने का सुझाव दिया।

# चवन्नी और रुपये का झगड़ा

भारत की मुद्रा में रुपया भले ही चवन्नी से बड़ा है लेकिन राजनीति में चवन्नी का भी बहुत महत्व रहा है। चवन्नी जानती है कि रुपया भी टूटकर चवन्नी बन जाता है और चार चवन्नी मिलकर रुपया बन जाती हैं। इस प्रकार चवन्नी के साथ जहां जुडने की प्रवृत्ति रहती है, वहीं रुपये के साथ बिखरने की आशंका रहती है। हमारा देश जब आजादी के लिए संघर्ष कर रहा था तभी एक अंग्रेज ने भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस नाम की राजनीतिक पार्टी बनाई थी। उस पार्टी का सदस्यता शुल्क भी चवन्नी हुआ करती थी। कांग्रेसी नारा लगाते थे- एक चवन्नी चांदी की, जय बोल महात्मा गांधी की। आज जब सियासत में चवन्नी और रुपये का विवाद शुरू हुआ तो इतिहास के पन्ने पलटने का मन हो गया है। पहले उस विवाद की चर्चा कर लें। समाजवादी पार्टी (सपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव और राष्ट्रीय लोक दल (रालोद) के अध्यक्ष जयंत चैधरी के बीच विवाद हाल ही में शुरू हुआ। यह समाजवादी पार्टी (सपा) और राष्ट्रीय लोक दल (रालोद) के रिश्तों में आई खटास और तीखी बयानबाजी का परिणाम है। पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने एक कार्यक्रम में कहा था कि न जाने कहां से गठबंधन करने चले आए थे, हमने चवन्नी को रुपया बना दिया लेकिन तब भी छोड़कर चले गए। अखिलेश यादव ने किसी का नाम नहीं लिया लेकिन सभी समझ गये कि कमेंट जयंत चैधरी पर है। इसीलिए इस बयान को रालोद प्रमुख जयंत चैधरी ने अपने और जाट समाज के सम्मान से जोड़ दिया। जयंत चैधरी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा कि सियासत की लड़ाई में सस्ते शब्द





बोलने थे तो सीधे उनका नाम लेकर बोलते, जाट समाज को टारगेट करना अहंकार है।

इतना ही नहीं, रालोद नेताओं ने भी पलटवार करते हुए कहा कि समाजवादी पार्टी हमेशा से जाट और चैधरी चरण सिंह के विचारों के खिलाफ रही है। शामली जिले में हरियाणवी कलाकार अंकित बालियान की हत्या के मामले में भी दोनों नेता आमने-सामने आ गए हैं। अखिलेश यादव ने सरकार और सहयोगियों पर निष्क्रियता का आरोप लगाते हुए बालियान समाज के साथ खड़े होने की बात कही। इस पर जयंत चैधरी ने कहा कि यह जाति या गोत्र का विषय नहीं है, बल्कि न्याय की बात होनी चाहिए। इसके अलावा गाजियाबाद और अन्य पश्चिमी यूपी के जिलों में दोनों पक्षों के बीच पोस्टर वार भी देखने को मिल रहा है। इन दोनों के बीच वर्चस्व की लड़ाई बहुत पहले से चल रही है।


अखिलेश यादव के पिता मुलायम सिंह यादव की मूल राजनीतिक शुरूआत भले ही डॉ. राम मनोहर लोहिया के समाजवादी आंदोलन से हुई थी (वे 1967 में पहली बार विधायक बने थे), लेकिन उन्हें उत्तर प्रदेश की मुख्यधारा की सत्ता और राजनीतिक ताकत बनाने में चैधरी चरण सिंह की बहुत बड़ी भूमिका थी।मुलायम सिंह यादव के राजनीतिक गुरू नत्थू सिंह को माना जाता है। नत्थू सिंह की नजर मुलायम सिंह पर एक दंगल में पड़ी थी। उन्होंने शुरूआत में ही मुलायम में एक अच्छे नेता के गुण को देख लिया था। नत्थू सिंह, मुलायम सिंह की पहलवानी से भी खासा प्रभावित थे। उनके गुरु ने मुलायम सिंह की राजनीतिक यात्रा अपनी परंपरागत सीट जसवंत नगर को देकर करवाई। साल 1967 में नत्थू सिंह ने स्वयं राम मनोहर लोहिया से कह कर मुलायम सिंह यादव को जसवंत नगर से विधानसभा चुनाव में टिकट दिलवाया था और जब चुनाव के नतीजे सामने आए तो 28 वर्षीय मुलायम सिंह यादव पहली बार में ही विधायक बन चुके थे। इसी के साथ जयंत चैधरी के दादा चैधरी चरण सिंह ने मुलायम सिंह की नेतृत्व क्षमता को पहचाना और उन्हें पूरा राजनीतिक मंच प्रदान किया। मुलायम सिंह भी चैधरी चरण सिंह को अपना राजनीतिक गुरु और मार्गदर्शक मानते थे तथा कई बार खुद को उनका राजनीतिक वारिस व बेटा बताते थे। सन 1977 में चैधरी चरण सिंह के निर्देश पर मुलायम सिंह यादव ने अयोध्या में 27 दिनों तक रहकर पार्टी के लिए कड़ा प्रचार किया था और जीत सुनिश्चित की थी, जिससे चरण सिंह का उन पर भरोसा और गहरा हो गया था। मुलायम सिंह कई मौकों पर कहते भी रहे हैं कि उन्होंने चैधरी चरण सिंह के कदमों में बैठकर राजनीति सीखी है। मुलायम सिंह ने अपने गुरू चैधरी चरण सिंह को गुरू दक्षिणा भी दी। दरअसल, मेरठ में जो आज चैधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय है उसका नाम नेताजी ने ही रखा था। किसानों, मजदूरों और नौजवानों के लिए जीवनभर संघर्ष करने वाले चैधरी चरण सिंह की उपलब्धियों को देखते हुए तत्कालीन मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव ने 25 जनवरी 1994 को मेरठ विश्वविद्यालय का नाम बदलकर चैधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय कर दिया, ताकि शिक्षा के जरिए उनका नाम हमेशा अमर रहे।

चैधरी चरण सिंह के बेटे और जयंत चैधरी के पिता चैधरी अजीत सिंह को अंदाजा था कि अगर मुलायम सिंह को किनारे नहीं किया गया तो वो हाशिये पर आ जाएंगे। ऐसे में उन्होंने विधायकों को अपने बहुमत के लिए एक करने की कवायद शुरू कर दी। कहते हैं कि राजनीति की बिसात जब पक्ष में हो तो किंग मेकर भी किंग बन जाता है और जब उल्टी हवा चलती है तो खुद के लिए भी जमीन तलाशना भारी पड़ जाता है। किसानों के मसीहा कहे जाने वाले चैधरी चरण सिंह की राजनीतिक पार्टी राष्ट्रीय लोक दल के साथ कुछ ऐसा ही हुआ। बात है साल 1987 की, जब चैधरी चरण सिंह के निधन के बाद उत्तर प्रदेश में बड़ा सियासी उलटफेर देखने को मिला। हर तरफ चर्चा थी कि अब मुलायम सिंह यादव जो कि चैधरी चरण सिंह के बाद पार्टी में एक विशेष स्थान रखते थे, उनका क्या होगा? चैधरी चरण सिंह के बेटे चैधरी अजीत सिंह, मुलायम सिंह यादव के लिए चुनौती बन गए थे। उस वक्त विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष के तौर पर मुलायम सिंह यादव यूपी विधानसभा में थे और अजीत सिंह राज्यसभा के सांसद थे। राष्ट्रीय लोकदल पर कब्जा करने को लेकर मुकाबला मुलायम सिंह और अजीत सिंह में चल रहा था।

चैधरी अजीत सिंह पार्टी में मुलायम सिंह के बढ़ते कद से काफी परेशान थे। उन्हें अपना राजनीतिक भविष्य खतरे में दिखाई पड़ रहा था। चैधरी अजीत सिंह को अंदाजा था कि अगर मुलायम सिंह को किनारे नहीं किया गया तो वो हाशिये पर आ जाएंगे। ऐसे में अजीत सिंह ने लोकदल के विधायकों को अपने बहुमत के लिए एक करने की कवायद शुरू कर दी। उन्होंने सभी विधायकों से कहा कि विधानसभा में मुलायम सिंह यादव को नेता प्रतिपक्ष के पद से बेदखल कर दिया जाए। मुलायम सिंह यादव को जब चैधरी अजीत सिंह के इरादे की खबर लगी तो वो चैकन्ने हो गए और अपना पक्ष मजबूत करने के लिए मुलायम सिंह ने जो चाल चली उससे अजीत सिंह अवाक रह गये। नेताजी के नाम से मशहूर मुलायम सिंह यादव सियासत के माहिर खिलाड़ी थे। कुश्ती के दांव राजनीति में भी अपनाना जानते थे। उन्होंने भी हथियार नहीं डाले। हेमवती नंदन बहुगुणा के सहारे मुलायम सिंह यादव ने चैधरी अजीत सिंह के खिलाफ प्रदेश में बिसात बिछानी शुरू कर दी। मुलायम सिंह संख्या बल के मुताबिक कमजोर दिखाई पड़ रहे थे लेकिन सदन में जब वो गरजते थे, तो अजीत सिंह जैसे नेता बौने साबित हो जाते थे।

अजीत सिंह जहां नेताजी को नेता प्रतिपक्ष के पद से हटाने के बाद खुश हो रहे थे, वहीं मुलायम सिंह यादव आगामी चुनाव की रणनीति बनाने में जुटे थे। नेताजी प्रदेश के गांव-गांव में जाकर अपने पक्ष में माहौल बनाने की कोशिश कर रहे थे। अजीत सिंह विधायकों का साथ मिलने के बाद इतने उत्साहित थे कि दफ्तर के बाहर क्या हो रहा है , इसके बारे में उन्हें कोई खबर नहीं थी। यही वजह थी कि जब चुनाव हुए तो नेताजी एक बार फिर चमक गए। चैधरी चरण सिंह के निधन के बाद पार्टी के एक धड़े की अगुवाई मुलायम सिंह करने लगे थे।

## सिर्फ हस्ताक्षर नहीं, अधिकार है साक्षरता




हर वर्ष 8 सितंबर को अंतरराष्ट्रीय साक्षरता दिवस मनाया जाता है। साक्षर का मतलब होता है -'पढ़ने-लिखने में सक्षम व्यक्ति।' मतलब यह है कि जो व्यक्ति पढ़ और लिख सकता हो तथा लिखी हुई बात को समझ सकता हो,साक्षर कहलाता है।इस दिवस को मनाने के पीछे मुख्य उद्देश्य शिक्षा और साक्षरता के महत्व के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। कोई भी व्यक्ति हो, हर किसी को ज्ञान और सूचना से जोड़ने का माध्यम साक्षरता ही है। जब कोई व्यक्ति साक्षर होता है तो वह शिक्षा के माध्यम से ज्ञान और सूचनाएं प्राप्त कर सकता है और जब व्यक्ति के पास ज्ञान और सूचनाएं होतीं हैं, तो वह व्यक्ति न केवल अपने जीवन को बेहतर ढंग से जी सकता है, बल्कि शिक्षा के माध्यम से सामाजिक और आर्थिक विकास में भी अपना महत्वपूर्ण और अहम् योगदान दे सकता है। सच तो यह है कि आज के युग में प्रत्येक व्यक्ति तक गुणवत्तापूर्ण शिक्षा की पहुंच बहुत ही जरूरी हो गई है, क्यों कि एक गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्राप्त व्यक्ति ही आज के एआइ तथा डिजिटल युग में डिजिटल साक्षरता, वित्तीय साक्षरता और सूचना की सही पहचान कर सकता है। वास्तव में आज जरूरत इस बात की है कि महिलाओं, बच्चों और वंचित वर्गों को शिक्षा के अवसर उपलब्ध हों।

शिक्षा का मतलब केवल अक्षर ज्ञान नहीं:-हमें यह बात अपने जेहन में रखनी चाहिए कि शिक्षा व्यक्ति को केवल और केवल अक्षर ज्ञान ही नहीं देती है, बल्कि यह व्यक्ति विशेष को जीवन में आत्मनिर्भर, अधिक जागरूक और अधिकार-संपन्न भी बनाती है। यदि हमें किसी राष्ट्र को प्रगति के पथ पर अग्रसर करना है तो शिक्षा ही वह अनमोल रत्न है,जो उस राष्ट्र विशेष को प्रगति के पथ पर आगे ले जा सकता है। सरल शब्दों में कहें तो साक्षरता किसी राष्ट्र की प्रगति का पहला कदम है। जिस समाज में हर व्यक्ति पढ़ने, समझने और सही निर्णय लेने में सक्षम होता है, वहां गरीबी, भेदभाव और अज्ञानता को कम करने की संभावनाएं बढ़ती हैं। आज आवश्यकता केवल हर व्यक्ति को साक्षर बनाने की नहीं, बल्कि उसे जीवनोपयोगी, डिजिटल और ज्ञान-आधारित शिक्षा से जोड़ने की है। वास्तव में, एक साक्षर व्यक्ति स्वयं का भविष्य बदलता है और एक साक्षर समाज राष्ट्र का भविष्य बदल देता है।

अंतरराष्ट्रीय साक्षरता दिवस का इतिहासः-

इस दिवस के इतिहास की यदि हम यहां पर बात करें तो पाठकों को बताता चलूं कि अंतरराष्ट्रीय साक्षरता दिवस की शुरूआत यूनेस्को की पहल से हुई। दरअसल, 26 अक्टूबर 1966 को यूनेस्को के 14वें आम सम्मेलन में 8 सितंबर को अंतरराष्ट्रीय साक्षरता दिवस के रूप में मनाने का निर्णय लिया गया और इसके बाद पहला अंतरराष्ट्रीय साक्षरता दिवस 8 सितंबर 1967 को मनाया गया। तब से प्रत्येक वर्ष यह दिवस दुनिया भर में साक्षरता के महत्व और शिक्षा की आवश्यकता को रेखांकित करता है। हालांकि, यह भी विवरण मिलता है कि 1965 में ईरान के तेहरान में आयोजित ह्यविश्व शिक्षा मंत्रियों का सम्मेलनह्न में साक्षरता के वैश्विक अभियान का प्रस्ताव रखा गया था। यह भी बहुत कम लोग जानते होंगे कि संयुक्त राष्ट्र महासभा ने 1990 को आधिकारिक तौर पर अंतरराष्ट्रीय साक्षरता वर्ष घोषित किया था। इसी वर्ष थाईलैंड के जोमटिएन में ऐतिहासिक 'एजुकेशन फॉर ऑल' सम्मेलन हुआ, जिसने आधुनिक वैश्विक प्राथमिक शिक्षा की नींव रखी। यह भी उल्लेखनीय है कि साक्षरता को दीर्घकालिक गति देने के लिए संयुक्त राष्ट्र ने 2003 से 2012 तक एक पूरा दशक साक्षरता के नाम समर्पित किया था, जिसका नारा था-'साक्षरता एक मुक्ति मार्ग'।

भारत में राष्ट्रीय साक्षरता मिशनः-

पाठकों को बताता चलूं कि भारत में राष्ट्रीय साक्षरता मिशन की शुरूआत 5 मई 1988 को तत्कालीन प्रधानमंत्री राजीव गांधी द्वारा एक सामाजिक अभियान के रूप में की गई थी तथा इसका प्राथमिक लक्ष्य 15 से 35 वर्ष आयु वर्ग के निरक्षर व्यक्तियों को कार्यात्मक साक्षरता प्रदान कर आत्मनिर्भर बनाना था, जिसमें लाखों स्वयंसेवकों को जोड़कर इसे जन-आंदोलन का रूप दिया गया। इसने न केवल अक्षर ज्ञान और बुनियादी गणित सिखाया, बल्कि महिलाओं और वंचित वर्गों में अधिकारों व स्वास्थ्य के प्रति सजगता भी बढ़ाई। बहरहाल, यहां यह उल्लेखनीय है कि भारत में 'राष्ट्रीय साक्षरता मिशन' (1988) से लेकर वर्तमान 'उल्लास - नव भारत साक्षरता कार्यक्रम' 2022झ2027 के माध्यम से 15 वर्ष और उससे अधिक आयु के गैर-साक्षरों को बुनियादी साक्षरता और जीवन कौशल से जोड़ा जा रहा है।भारत के संदर्भ में रूचिकर तथ्य है कि 4 फरवरी 1990 को केरल का एनार्कुलम भारत का पहला 100% पूर्ण साक्षर जिला घोषित किया गया था तथा इस अभियान का नेतृत्व तत्कालीन कलेक्टर के.आर. राजन ने किया था, जिसमें 20,000 से अधिक स्वयंसेवकों ने घर-घर जाकर 1.75 लाख निरक्षर वयस्कों को अक्षर ज्ञान दिया था।

## पिस्टल क्वीन मनु व रन मशीन हरमन

**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी ने पिछले दिनों खेल दिवस पर मंत्र दिया था- खेलोगे तो खिलोगे। हमारे देश की महिला खिलाड़ियों ने भी यह साबित कर दिया है कि खेल ने उन्हें किस तरह युवाओं का आदर्श बना दिया है। पिस्टल क्वीन मनु भारकर ने 25 गोल्ड और 10 सिल्वर समेत कई मेडल अपने नाम किये हैं। यह करिश्मा सिर्फ 24 साल की उम्र में मनु भाकर ने कर दिखाया है। आगे का भविष्य ढेर सारी संभावनाएं लिये हुए है। इसी प्रकार भारत की महिला क्रिकेट टीम की कप्तान हरमन प्रीत कौर ने 150वां टी-20 खेलकर विश्व में रिकार्ड बनाया है। वह पहली कप्तान हैं जिन्होंने फटाफट खेल की इतनी सीढ़ियां चढ़ीं। हरमन प्रीत कौर का यह वर्ल्ड रिकार्ड गत 5 सितम्बर को पाकिस्तान के खिलाफ खेले गये मैच में बना है। महिला एशिया कप-2026 का 9वां मुकाबला भारत ने पाकिस्तान के साथ खेला। इस मुकाबले में भारत ने पाकिस्तान की टीम को सिर्फ 55 रन पर ढेर कर दिया।

इसके बाद भारतीय टीम ने 8.4 ओवर में तीन विकेट पर 57 रन बनाकर पाकिस्तान को पराजित किया। कप्तान हरमन प्रीत ने 18 नाबाद रन बनाए और छक्का लगाकर जीत दिलाई।

पेरिस ओलंपिक में मनु भाकर का जलवा देखने को मिला था। इस निशानेबाज ने महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा जीती और फिर सरबजोत सिंह के साथ मिलकर 10 मीटर एयर पिस्टल मिश्रित टीम स्पर्धा में कांस्य पदक जीता था। मनु आजाद भारत की पहली एथलीट बनीं थी, जिन्होंने एक ही ओलंपिक में दो मेडल जीते हो। महज 24 साल की उम्र में मनु ने वो कारनामा कर दिखाया था, जो किसी के लिए सपने के सच होने जैसा था। हालांकि, मनु इससे पहले ही भारत की प्रमुख निशानेबाज के तौर पर खुद को स्थापित कर चुकी थीं।

मनु हरियाणा से आती हैं, जहां से कई मुक्केबाज और पहलवानों ने देश के लिए अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मेडल जीते हैं। लेकिन मनु ने शूटिंग में करियर आजमाने का फैसला लिया। 18 फरवरी 2002 को हरियाणा के झज्जर में जन्मीं मनु ने स्कूल के दिनों में टेनिस, स्केटिंग और मुक्केबाजी मुकाबलों में हिस्सा लिया था और आखिरी में शूटिंग को चुना। मनु 16 साल की उम्र में ही शूटिंग स्टार बन गई थीं। साल 2018 में उन्होंने मैक्सिको के ग्वाडलहारा में हुए आईएसएसएफ विश्व कप की 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीतकर इतिहास रचा था। वह इस टूनामेंट में स्वर्ण जीतने वाली सबसे कम उम्र की भारतीय खिलाड़ी बनीं थी। इसके कुछ दिनों बाद उन्होंने गोल्ड कोस्ट में हुए राष्ट्रमंडल खेलों में 10 मीटर एयर पिस्टल इवेंट में ही गोल्ड अपने नाम किया। उसी साल उन्होंने यूथ ओलंपिक्स में भी गोल्ड मेडल अपने नाम किया था।

## खूबसूरत दिखने का मनोविज्ञान!

खूबसूरत दिखने की इच्छा उतनी ही पुरानी है, जितनी मानव सभ्यता। फर्क सिर्फ इतना है कि पहले आदमी सुंदर दिखने के लिए नहा लेता था, बाल बना लेता था और साफ कपड़े पहन लेता था, अब आदमी सुंदर दिखने के लिए अपनी शक्ल से लेकर अपनी जेब तक का कायाकल्प करवा रहा है। पहले आईना चेहरा दिखाता था, अब कमियां बताता है और बाजार उन कमियों का इलाज बेचता है, जिन्हें पैदा करने में उसी बाजार का सबसे बड़ा हाथ है। कहते हैं सुंदरता देखने वाले की आंखों में होती है, मगर अब देखने वाले की आंखें भी विज्ञापन कंपनियों के कब्जे में हैं। उन्होंने बता दिया है कि सुंदर कौन है, कितना सुंदर है और कितना सुंदर होना बाकी है। यानी सुंदरता अब प्रकृति का विषय नहीं, पैकेजिंग का मामला है। पक्षियों के संसार में मोर अपने पंख फैलाकर मोरनी को आकर्षित करता है, लेकिन इंसानों के संसार में पुरुष को पंख फैलाने की जरूरत नहीं। उसके पास सरकारी नौकरी के पंख हों तो पर्याप्त है। चेहरा काला हो, सिर पर बाल न हों, पेट निकला हो, शरीर ऐसा हो कि डॉक्टर देखकर व्यायाम की सलाह दे दे, लेकिन परिचय में यदि सरकारी अधिकारी जुड़ गया तो विवाह बाजार में चेहरा अचानक आकर्षक हो जाता है। यानी पुरुष के लिए नौकरी भी एक तरह का मेकअप है। अच्छी नौकरी हो तो गंजापन अनुभव कहलाता है, मोटापा व्यक्तित्व, सांवला रंग गेहुँआ और उम्र परिपक्वता। मगर लड़की के मामले में समाज का सौंदर्यशास्त्र बड़ा कठोर है–रंग चाहिए, कद चाहिए, बाल चाहिए, कमर चाहिए, आंखें चाहिए और ऊपर से संस्कार भी चाहिए। यानी लड़की के लिए सौंदर्य प्रतियोगिता जीवनभर चलती है और पुरुष के लिए नियुक्ति-पत्र मिलते ही समाप्त। सुंदरता केवल सुंदर दिखने की इच्छा नहीं है, यह सामाजिक पूंजी भी है। कई बार नौकरी में चेहरा रिज्यूमे से पहले पहुंच जाता है, ग्राहक उत्पाद से पहले सेल्समैन की मुस्कान खरीद लेता है, इंटरव्यू बोर्ड योग्यता पढ़ने से पहले व्यक्तित्व देख लेता है और विवाह बाजार में तो चरित्र की जांच शुरू होने से पहले फोटो का रिजोल्यूशन जांच लिया जाता है।

सोशल मीडिया ने इस बीमारी को महामारी बना दिया है। अब आदमी फोटो नहीं खिंचवाता, अपना वैकल्पिक चेहरा बनाता है। फिल्टर नाक सुधार देता है, त्वचा चमका देता है, आंखें बड़ी कर देता है और उम्र घटा देता है। बस एक चीज नहीं सुधारता है.

चेहरा जो सुबह बाथरूम के आईने में दिखाई देता है। सोशल मीडिया पर हर कोई सुंदर है और वास्तविक जीवन में भीड़ में जितने चेहरे हैं, फिल्टर के बाद सुंदर चेहरों की संख्या उससे कई गुना अधिक है। लगता है आने वाले समय में पहचान पत्र पर फोटो लगाने की जरूरत नहीं होगी, आदमी अपना सोशल मीडिया फिल्टर दिखाकर नागरिकता सिद्ध कर देगा। सौंदर्य उद्योग ने मनुष्य की सबसे पुरानी कमजोरी,दूसरों को अच्छा दिखने की इच्छा और स्वयं को कमतर समझने का भय,को अरबों डॉलर के कारोबार में बदल दिया है। पहले बताया गया कि रंग सांवला है, क्रीम खरीदिए; त्वचा सूखी है, मॉइस्चराइजर खरीदिए; झुर्रियां आ गई हैं, एंटी-एजिंग क्रीम खरीदिए; बाल सफेद हैं, डाई खरीदिए; बाल कम हैं, उपचार कराइए; पेट निकल आया है, डाइट प्लान लीजिए; दांत सामान्य हैं, स्माइल डिजाइन कराइए; चेहरा पसंद नहीं है, कॉस्मेटिक सर्जरी कराइए और इन सबके बाद भी आत्मविश्वास नहीं आया तो मोटिवेशनल गुरु से मिलिए। बाजार ने आदमी की हर असुरक्षा के लिए एक उत्पाद तैयार कर रखा है, बस आत्मस्वीकृति अभी बाजार में लॉन्च नहीं हुई है, क्योंकि आत्मस्वीकृति मिल गई तो सौंदर्य उद्योग का आधा कारोबार बंद हो जाएगा।

उम्र के साथ बाजार का व्यवहार और भी क्रूर है। सफेद बाल कभी अनुभव और परिपक्वता की निशानी थे, अब उन्हें देखकर लोग ऐसे घबरा जाते हैं जैसे बालों में नहीं, बैंक खाते में कर्ज दिखाई दे गया हो। चेहरे की झुर्रियां कभी जिंदगी की कहानी कहती थीं, अब वे कॉस्मेटिक कंपनी के लिए ग्राहक की घंटी हैं। मनुष्य बूढ़ा होने से कम और बूढ़ा दिखाई देने से ज्यादा डरता है। पचास साल का आदमी पच्चीस का दिखना चाहता है और पच्चीस साल का युवक अपने चेहरे पर ऐसा तनाव लिए घूमता है जैसे पचास की उम्र कल सुबह ही आने वाली हो। महिलाओं पर सौंदर्य का दबाव सदियों से रहा है। समाज ने उन्हें समझाया कि सुंदरता उनकी सबसे बड़ी पूंजी है और फिर उसी पूंजी का मूल्य भी समाज ने तय कर दिया–रंग कैसा हो, कद कैसा हो, शरीर कैसा हो, बाल कैसे हों, उम्र कितनी दिखे। लेकिन अब पुरुष भी इस चक्कर में फंस चुका है।

जिस पुरुष को कभी पत्नी के मेकअप के खर्च पर आपत्ति होती थी, उसके बाथरूम में अब फेसवॉश, स्क्रब, सीरम, मॉइस्चराइजर, सनस्क्रीन, हेयर जेल और बियर्ड ऑयल की पूरी कैबिनेट है। कल तक वह कहता था, ह्लमर्द को दर्द नहीं होताह्व, अब पूछता है, ह्लभाई, यह सीरम रात में लगाना है या सुबह?ह्व यानी मर्दानगी भी अब स्किनकेयर रूटीन के साथ आती है।

## देवरिया : मुठभेड़ में हत्यारोपी वांछित एक घायल समेत दो गिरफ्तार

**देवरिया।**
उत्तर प्रदेश के देवरिया में भलुअनी पुलिस ने रविवार को हत्या के मुकदमे में वांछित दो आरोपियों को गिरफ्तार किया। इनमें से एक आरोपी ने चाकू बरामद कराने के दौरान उपनिरीक्षक का रिवाल्वर छीनकर पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी। जवाबी कार्रवाई में उसके दाहिने पैर में गोली लग गई। घायल आरोपी को अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसकी हालत सामान्य बताई गई है।
पुलिस अधीक्षक देवरिया अभिजित आर. शंकर ने बताया कि थाना भलुअनी में दर्ज मुकदमा संख्या 143/2026, धारा 103(1) और 3(5) बीएनएस में वांछित चाइना अंसारी (36) पुत्र कमालुद्दीन, निवासी वार्ड नंबर 12 जयप्रकाश नगर (शिवधरिया), तथा अम्बुज उर्फ आशीष विश्वकर्मा (23) पुत्र दीनानाथ विश्वकर्मा को 12/13 सितंबर की रात शहीद चौक से गिरफ्तार किया गया।
पूछताछ में चाइना अंसारी ने घटना में प्रयुक्त चाकू के बारे में जानकारी दी। पुलिस टीम उसे लेकर सोनाड़ी रोड पहुंची, जहां उसकी निशानदेही पर चाकू बरामद किया गया। पुलिस के अनुसार, रात करीब 3:30 बजे वापसी के दौरान अचानक नीलगाय आ जाने से सरकारी वाहन अनियंत्रित होकर सड़क से नीचे उतर गया। वाहन को बाहर निकालने के लिए पुलिसकर्मी धक्का लगा रहे थे। इसी दौरान चाइना अंसारी ने एक उपनिरीक्षक का रिवाल्वर छीनकर फायरिंग कर दी। पुलिस की जवाबी कार्रवाई में उसके पैर में गोली लगी।
एसपी के अनुसार, चाइना के खिलाफ मारपीट, धमकी, आर्म्स एक्ट और हत्या के मुकदमे दर्ज हैं। उसके विरुद्ध 2024 में गुंडा एक्ट की कार्रवाई भी हुई थी। अम्बुज के खिलाफ भी मारपीट, एससी/एसटी एक्ट और धमकी समेत कई मुकदमे दर्ज हैं। उसके विरुद्ध 2025 में गुंडा एक्ट की कार्रवाई की गई थी।
कार्रवाई करने वाली टीम में थानाध्यक्ष दिनेश कुमार मिश्रा, उपनिरीक्षक अखिलेश यादव, उपनिरीक्षक आशीष तिवारी और कांस्टेबल अरविन्द कुमार यादव व विनोद यादव शामिल रहे।

## रामदयालगंज में विशाल यादव की हत्या के बाद हाईवे जाम, 78 लोगों पर मुकदमा

**जौनपुर।**
उत्तर प्रदेश के जौनपुर में रामदयालगंज बाजार में शुक्रवार को महाराणा प्रताप इंटर कॉलेज के सामने विशाल यादव (25) की हत्या के बाद हाईवे जाम करने के मामले में लाइन बाजार थाने में 28 नामजद और 50 अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। इस संबंध में रविवार को पुलिस मीडिया सेल से जानकारी देते हुए अपर पुलिस अधीक्षक नगर आयुष श्रीवास्तव ने बताया कि उपनिरीक्षक रामभरोस राम की तहरीर पर मुकदमा दर्ज किया गया है। तहरीर के अनुसार, हत्या के बाद लोगों ने शव को राष्ट्रीय राजमार्ग-135ए पर रखकर दोनों तरफ का यातायात रोक दिया। इस दौरान जौनपुर-मड़ियाहूं मार्ग पर यात्रियों, एंबुलेंस और आवश्यक सेवाओं के वाहनों को भी रोका गया तथा वाहन चालकों से मारपीट का आरोप है। इससे हाईवे के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग गई।पुलिस के अनुसार, जाम खुलवाने का प्रयास करने पर भीड़ ने पुलिसकर्मियों के साथ धक्का-मुक्की की। लाइन बाजार पुलिस ने वीडियो रिकॉर्डिंग कराते हुए लोगों को समझाने का प्रयास किया, लेकिन भीड़ पुलिस से उलझ गई।तहरीर में आरोप है कि बेलवारामसागर निवासी दीवाकर पांडेय और उनकी पत्नी पुष्पा पांडेय ने भीड़ को समझाने की कोशिश की। इस दौरान उनके साथ भी मारपीट की गई, जिससे दोनों बेहोश हो गए। घटना से बाजार में अफरा-तफरी मच गई और दुकानदार दुकानें बंद कर वहां से चले गए।

# लखनऊ की पर्वतारोही पूर्वा धवन ने 5,826 मीटर ऊंची रुद्रगैरा चोटी पर फहराया तिरंगा

### मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात के दौरान मिली थी प्रेरणा, अब एवरेस्ट फतह का लक्ष्य





**लखनऊ।**
मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात कर बेटी बढ़ाओ-बेटी पढ़ाओ का संदेश लेकर पर्वतारोहण अभियान पर निकलीं लखनऊ की पर्वतारोही पूर्वा धवन ने माउंट रुद्रगैरा की 5,826 मीटर ऊंची चोटी पर भारतीय तिरंगा फहराकर प्रदेश का गौरव बढ़ाया। 10 सितंबर 2026 को दोपहर 12:30 बजे शिखर पर पहुंचीं पूर्वा ने कठिन बर्फीले और चट्टानी रास्तों, कम ऑक्सीजन और चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों के बीच यह उपलब्धि हासिल की। अब उनका अगला लक्ष्य दुनिया की सबसे ऊंची चोटी माउंट एवरेस्ट फतह करना है।

**सीएम योगी से मुलाकात कर सौंपा था बेटी बढ़ाओ-बेटी पढ़ाओ का संदेश**
मई 2018 में पूर्वा मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात कर बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ का बैनर सौंप चुकी हैं। सीएम योगी ने शुभकामनाएं देकर उनका हौसला बढ़ाया था। पूर्वा ने रुद्रगैरा फतह का श्रेय परिवार के सहयोग और सीएम की प्रेरणा को दिया। अभियान में शैलेश सेमवाल और बिहारी सिंह राणा की भी अहम भूमिका रही। क्योंकि उन्हीं के मार्गदर्शन में पूर्वा ने गंगोत्री में विशेष प्रशिक्षण लिया।

**गंगोत्री से दो दिन का सफर, फिर 1,300 मीटर की कठिन चढ़ाई**
पूर्वा, शैलेश सेमवाल और बिहारी सिंह राणा ने 07 सितंबर को सुबह 09 बजे गंगोत्री से ट्रेक शुरू किया। दो दिन की चुनौतीपूर्ण ट्रेकिंग के बाद टीम 4,350 मीटर की ऊंचाई पर रुद्रगैरा बेस कैंप पहुंची। 10 सितंबर को सुबह चार बजे बेस कैंप से समिट पुश शुरू हुआ। करीब आठ घंटे 30 मिनट की कठिन चढ़ाई में टीम ने लगभग 1,300 मीटर की ऊंचाई हासिल की और दोपहर 12:30 बजे 5,826 मीटर ऊंचे शिखर पर पहुंची। रास्ते में खड़ी बर्फ, चट्टानी हिस्से और कठिन खुले सेक्शन थे। ऊंचाई बढ़ने के साथ ऑक्सीजन की कमी और शारीरिक थकान ने चुनौती बढ़ाई, लेकिन टीम ने हिम्मत नहीं छोड़ी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात के दौरान मिले प्रोत्साहन को पूर्वा ने अपने अभियान की ऊर्जा बनाया और लगातार नए लक्ष्य की ओर बढ़ रही हैं।


**पर्यावरण संरक्षण संग अब मिशन एवरेस्ट**
पूर्वा ने अपने अभियान को पर्यावरण संरक्षण से भी जोड़ा है। पीक्स एंड प्लास्टिक पहल के जरिए वह पर्वतीय क्षेत्रों में प्लास्टिक कचरे के प्रति जागरूकता और जिम्मेदार पर्वतारोहण का संदेश दे रही हैं। उनका कहना है कि हिमालय की चोटियों को फतह करना जितना गौरवपूर्ण है, उतना ही जरूरी उन्हें स्वच्छ और सुरक्षित रखना भी है।

## आगरा : खटीक समाज के गर्जना सम्मेलन में आज भाग लेंगे रक्षा मंत्री



**आगरा ।**
आगरा में रविवार को होने जा रहे खटीक समाज के खटीक गर्जना सम्मेलन में रक्षा मंत्री भारत सरकार राजनाथ सिंह मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करेंगे, इस सम्मेलन में खटीक समाज के जनप्रतिनिधि और वरिष्ठ पदाधिकारी भाग लेकर खटीक समाज की समस्याओं और आवश्यकताओं पर विचार मंथन करेंगे।
अखिल भारतीय खटीक समाज के तत्वावधान में रविवार को खटीक समाज का एक विशाल सम्मेलन आगरा में थाना क्षेत्र हरी पर्वत अंतर्गत खंदारी स्थित राजा बलवंत सिंह कॉलेज के राव कृष्ण पाल सिंह सभागार में आयोजित किया जा रहा है।
सम्मेलन में खटीक समाज की राजनीतिक, सामाजिक सहभागिता, भागीदारी और योगदान पर भी प्रकाश डाला जाएगा।
खटीक गर्जना सम्मेलन के कार्यक्रम संयोजक व राष्ट्रीय उपाध्यक्ष हेमंत चलनीवाले और आयोजक संजीव चक ने बताया कि 13 सितंबर रविवार को प्रस्तावित खटीक गर्जना सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में रक्षा मंत्री भारत सरकार राजनाथ सिंह भाग लेंगे, इनके अतिरिक्त विशिष्ट अतिथि सामाजिक न्याय और आधिकारिक मंत्री वीरेंद्र खटीक संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष व उज्जैन से सांसद अनिल फिरोजिया, बुलंदशहर के सांसद डॉक्टर भोला सिंह और उत्तर प्रदेश सरकार में जल शक्ति राज्य मंत्री दिनेश खटीक भी मुख्य रूप से सम्मिलित होंगे
प्रोटोकॉल जानकारी के अनुसार रक्षा मंत्री आज रविवार को आगरा में खंदारी स्थित आरबीएस कॉलेज में खटीक समाज गर्जना सम्मेलन मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करेंगे। दोपहर करीब 12:00 बजे दिल्ली से विशेष विमान से आगरा एयर फोर्स स्टेशन पहुंचेंगे वहां से कार केड द्वारा करीब 12:30 बजे आरबीएस कॉलेज के सभागार में पहुंचकर सम्मेलन में भाग लेंगे।

## पूर्व राज्यपाल कलराज मिश्रा की पत्नी का देहांत



**नोएडा।**
भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं हिमाचल तथा राजस्थान के पूर्व राज्यपाल कलराज मिश्रा की धर्मपत्नी श्रीमती सत्यवती मिश्रा (78) का शनिवार की मध्य रात्रि को नोएडा के मेट्रो अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई है। उनके पार्थिव शरीर को अंतिम दर्शन के लिए सेक्टर 51 स्थित उनके निजी आवास पर रखा गया है। जहां पर भाजपा के कई वरिष्ठ नेता, प्रदेश अध्यक्ष, सांसद, विधायक ,उन्हें श्रद्धांजलि देने के लिए पहुंच रहे हैं। उनका अंतिम संस्कार आज दोपहर बाद नोएडा के सेक्टर 94 स्थित अंतिम निवास पर किया जाएगा। उनके निधन का समाचार सामने आते ही राजनीतिक, सामाजिक और सार्वजनिक जीवन से जुड़े लोगों में शोक की लहर दौड़ गई। सत्यवती मिश्रा के निधन पर बड़ी संख्या में सोशल मीडिया पर भी लोगों ने गहरा दुःख व्यक्त करते हुए उन्हें भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की है।

## एआई को जिम्मेदारी से अपनाकर शिक्षा और समाज के विकास में करें उपयोग : प्रो. मणींद्र अग्रवाल




**कानपुर।**
कृत्रिम बुद्धिमत्ता के जरिए शिक्षा, शोध, स्वास्थ्य, कृषि, शासन और रोजगार के क्षेत्र में बड़े बदलाव की संभावनाएं हैं, लेकिन इसके जिम्मेदार और मानव हित में उपयोग पर भी ध्यान देना होगा। यह बातें शनिवार को भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) कानपुर के निदेशक प्रो. मणींद्र अग्रवाल ने सीएसजेएमयू में राज्यपाल एवं कुलाधिपति आनंदीबेन पटेल की अध्यक्षता में शुरू हुए दो दिवसीय एआई मंथन 2.0 के उद्घाटन सत्र में कही।
कार्यक्रम में प्रदेश के सभी राज्य विश्वविद्यालयों के कुलपति, कुलसचिव, परीक्षा नियंत्रक, वित्त अधिकारी और तकनीकी टीमों समेत 500 से अधिक प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। उद्घाटन सत्र में विशेषज्ञों ने एआई के विकास, भविष्य की संभावनाओं, शोध, शिक्षा, स्वास्थ्य सेवाओं और उत्तर प्रदेश को एआई सक्षम बनाने के रोडमैप पर चर्चा की।
कुलपति प्रो. विनय कुमार पाठक ने अतिथियों का स्वागत करते हुए विश्वविद्यालय की प्रगति और एआई के क्षेत्र में किए गए नवाचारों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि प्रदेश के विश्वविद्यालयों ने 75 हजार से अधिक आंगनबाड़ियों को गोद लेने के साथ चार लाख से अधिक टीबी मरीजों की देखभाल और एचपीवी टीकाकरण अभियान में योगदान दिया है। उन्होंने डिजिटल गवर्नेंस और समर्थ पोर्टल से हुए बदलावों की भी जानकारी दी।
कुलाधिपति के निजी सचिव डॉ. सुधीर एम. बोबडे ने बताया कि एआई मंथन 2.0 का उद्देश्य एआई को उच्च शिक्षा की व्यवस्थाओं से जोड़कर इसके व्यावहारिक उपयोग को बढ़ावा देना है। उन्होंने बताया कि प्रदेश में करीब 56 लाख सक्रिय विद्यार्थी समर्थ रजिस्ट्री से जुड़े हैं तथा 39 राज्य विश्वविद्यालयों और 96 से अधिक महाविद्यालयों को इससे जोड़ा जा चुका है।
प्रो. मणींद्र अग्रवाल ने एआई के इतिहास, विकास और भविष्य की संभावनाओं पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कहा कि कंप्यूटिंग पावर, न्यूरल नेटवर्क, मशीन लर्निंग और डीप लर्निंग के विकास के साथ एआई तेजी से आगे बढ़ा है। एआई जटिल वैज्ञानिक और गणितीय समस्याओं के समाधान में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है।
आईआईटी खड़गपुर के प्रो. पार्थ प्रतिम चक्रवर्ती ने एआई के जरिए ज्ञान के विभिन्न क्षेत्रों को एकीकृत करने की संभावनाओं पर चर्चा की। प्रमुख सचिव आईटी एवं इलेक्ट्रॉनिक्स आलोक कुमार ने यूपी एआई मिशन और प्रदेश के एआई रोडमैप की जानकारी दी।

## गंगा का जलस्तर एक सेंटीमीटर घटा, खतरे के निशान से 26 सेमी नीचे



**कानपुर।**
उत्तर प्रदेश के कानपुर में बैराज पर गंगा का जलस्तर रविवार को एक सेंटीमीटर घटकर 114.740 मीटर दर्ज किया गया। जलस्तर अभी भी चेतावनी बिंदु से 74 सेंटीमीटर ऊपर है, जबकि खतरे के निशान से 26 सेंटीमीटर नीचे बना हुआ है।
शनिवार को बैराज पर अपस्ट्रीम जलस्तर 114.750 मीटर और डाउनस्ट्रीम जलस्तर 114.380 मीटर दर्ज किया गया था। आज अपस्ट्रीम और डाउनस्ट्रीम दोनों जलस्तर में एक-एक सेंटीमीटर की कमी आई। डाउनस्ट्रीम जलस्तर घटकर 114.370 मीटर पहुंच गया।
बैराज से पानी के डिस्चार्ज में भी कमी दर्ज की गई है। 4,20,691 क्यूसेक पानी का डिस्चार्ज हुआ, जो शनिवार के 4,21,854 क्यूसेक की तुलना में 1,163 क्यूसेक कम है। कानपुर बैराज पर चेतावनी बिंदु 114 मीटर और खतरे का निशान 115 मीटर है।
शुक्लागंज में गंगा का जलस्तर 113.120 मीटर दर्ज किया गया, जो चेतावनी बिंदु से 12 सेंटीमीटर ऊपर है। यहां खतरे का निशान 114 मीटर निर्धारित है। शनिवार को शुक्लागंज में जलस्तर 113.100 मीटर था, ऐसे में यहां दो सेंटीमीटर की बढ़ोतरी दर्ज की गई।
हरिद्वार बैराज से आज 81,135 क्यूसेक और नरोरा बैराज से 67,667 क्यूसेक पानी का डिस्चार्ज दर्ज किया गया।
जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि गंगा के जलस्तर पर लगातार नजर रखी जा रही है। संबंधित विभागों और अधिकारियों को सतर्क रहने के निर्देश दिए गए हैं तथा बाढ़ प्रभावित और संवेदनशील क्षेत्रों की स्थिति पर लगातार निगरानी की जा रही है।

## यूपी में 2027 का विधानसभा चुनाव लड़ेगी जदयू, गांव-गांव संगठन मजबूत करने पर जोर




**मीरजापुर।**
चुनार क्षेत्र के कैलहट स्थित एक लॉन में शनिवार को जनता दल यूनाइटेड (जदयू) के विंध्याचल मंडल का सम्मेलन आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि बिहार सरकार के ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार ने कहा कि जदयू उत्तर प्रदेश में 2027 का विधानसभा चुनाव अपने प्रत्याशियों के साथ लड़ेगी। बिहार में किए गए विकास कार्य और सरकार की उपलब्धियां पार्टी के प्रमुख मुद्दे होंगे।
उन्होंने कार्यकर्ताओं से गांव-गांव संपर्क अभियान चलाकर संगठन को मजबूत करने का आह्वान किया। साथ ही बिहार सरकार की योजनाओं और उपलब्धियों की जानकारी लोगों तक पहुंचाने पर जोर दिया। उन्होंने महिला कल्याण और रोजगार सृजन के क्षेत्र में किए जा रहे कार्यों का उल्लेख करते हुए कहा कि इन योजनाओं का लाभ बड़ी संख्या में लोगों को मिल रहा है।
मंत्री ने आगामी प्रदेश सम्मेलन की सफलता के लिए तहसील स्तर तक संगठन को सक्रिय करने की अपील की। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आपसी समन्वय के साथ पार्टी की गतिविधियों को गति देने को कहा।
सम्मेलन की अध्यक्षता वरिष्ठ अधिवक्ता एसपी सिंह ने की। प्रदेश अध्यक्ष अनूप सिंह पटेल, प्रदेश उपाध्यक्ष कल्पनाथ वर्मा और महासचिव सुशील कश्यप ने भी विचार रखे। इस दौरान विंध्याचल मंडल प्रभारी संजय सिंह, प्रदेश महासचिव अवधेश सिंह, प्रयागराज मंडल प्रभारी हरिशंकर पटेल, सुशील पटेल, अभिषेक कुमार राय, शालिनी सिंह समेत बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## किसानों की आय बढ़ाने को पशुपालन और गो-आधारित गतिविधियों को दें बढ़ावा : धर्मपाल सिंह



**बांदा।**
पशुधन एवं दुग्ध विकास मंत्री धर्मपाल सिंह की अध्यक्षता में शनिवार को उत्तर प्रदेश के जनपद बांदा में सर्किट हाउस सभागार में मंडलीय समीक्षा बैठक हुई। इसमें बांदा, चित्रकूट, हमीरपुर और महोबा में पशुपालन, गोवंश संरक्षण, गौशाला संचालन, दुग्ध उत्पादन और विभागीय योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई। मंत्री ने अधिकारियों को पशुपालन को कृषि से जोड़कर किसानों की आय बढ़ाने और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने के निर्देश दिए।
मंत्री ने कहा कि कृषि और पशुपालन एक-दूसरे के पूरक हैं। किसानों को गो-आधारित प्राकृतिक खेती, जैविक खाद, गोबर-गोमूत्र के उपयोग और दुग्ध उत्पादन के लिए प्रोत्साहित किया जाए। पशु चिकित्साधिकारी गांवों में जाकर पशुपालकों को पशु स्वास्थ्य, बेहतर प्रबंधन और पशुओं से होने वाली आय के बारे में जानकारी दें।
उन्होंने उत्कृष्ट पशुपालकों को प्रोत्साहित करने के लिए पशु मेलों के आयोजन और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित करने के निर्देश दिए। बांदा की नरैनी, रगौली और भटपुरा गौशालाओं में गोबर से दीपक, कंडे, जैविक खाद, गोबर पेंट समेत उपयोगी उत्पाद तैयार कराकर उनके विपणन की व्यवस्था करने को कहा। गौशालाओं में बायोगैस उत्पादन को भी बढ़ावा देने पर जोर दिया।
मंत्री ने सभी गौशालाओं में हरे चारे और पौष्टिक आहार की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही गोबर से उत्पाद तैयार कराने में स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं को जोड़कर उन्हें रोजगार और आय का साधन उपलब्ध कराने को कहा।

## एक पखवाड़े में शहर की सभी सड़कें हों गड्ढामुक्त, 31 अक्टूबर तक पूरे करें सीएम ग्रिड के काम



**कानपुर।**
बरसात समाप्ति की ओर होने के साथ ही शहर की सड़कों को दुरुस्त करने की कवायद तेज होगी। मंडलायुक्त के. विजयेंद्र पांडियन ने शनिवार को सीएम ग्रिड योजना के तहत बन रही सड़कों और पैचवर्क का स्थलीय निरीक्षण किया। उन्होंने नगर निगम के अधिकारियों को पैच मरम्मत में तेजी लाकर 15 दिन के भीतर शहर की सड़कों को गड्ढामुक्त करने के निर्देश दिए। साथ ही सीएम ग्रिड के कार्य हर हाल में 31 अक्टूबर तक पूरे करने को कहा। स्पष्ट किया कि तय समयसीमा में काम पूरा नहीं करने वाली कार्यदायी संस्थाओं को काली सूची में डालने की कार्रवाई की जाए।
मंडलायुक्त ने सबसे पहले जोन-2 के जाजमऊ क्षेत्र में सीएम ग्रिड योजना के तहत जेके प्रथम से पैसिफिक लॉन तथा वीआईपी रोड से लाल बंगला चौराहा तक बन रही सड़क का निरीक्षण किया। इस दौरान नगर आयुक्त अर्पित उपाध्याय, नगर निगम के मुख्य अभियंता समेत संबंधित अधिकारी मौजूद रहे। अधिकारियों ने बताया कि योजना के तहत 2.4 किलोमीटर सड़क का निर्माण कराया जा रहा है। यहां व्हाइट टॉपिंग पद्धति से सड़क बनाई जा रही है। इस तकनीक का इस्तेमाल विशेष रूप से उन स्थानों पर किया जाता है, जहां जलभराव की समस्या रहती है। अधिकारियों के अनुसार व्हाइट टॉपिंग से बनी सड़क 20 से 25 वर्ष तक क्षतिग्रस्त नहीं होती और आवागमन सुचारु रहता है।
इस मार्ग के निर्माण की निर्धारित समयसीमा 31 अक्टूबर है। मंडलायुक्त ने निर्माण कार्य युद्धस्तर पर कराते हुए एक माह में पूरा करने के निर्देश दिए। मार्ग पर 60 मीटर की पट्टी में अतिक्रमण के कारण फुटपाथ का काम रुका होने की जानकारी पर उन्होंने अभियान चलाकर अतिक्रमण हटाने और फुटपाथ का निर्माण शुरू कराने को कहा। स्पष्ट किया कि 31 अक्टूबर तक काम हर हाल में पूरा होना चाहिए, अन्यथा संबंधित कार्यदायी संस्था को काली सूची में डालने की कार्रवाई की जाए।
इसके बाद मंडलायुक्त ने वीआईपी रोड से लाल बंगला के बीच चल रहे पैच मरम्मत कार्य का जायजा लिया। मौके पर कार्य प्रगति पर मिला। उन्होंने कहा कि बरसात अब समाप्ति की ओर है, इसलिए पैच मरम्मत के काम में तेजी लाई जाए। मुख्य अभियंता को निर्देश दिए कि अभियान के रूप में कार्य कराते हुए अगले 15 दिनों में शहर की सड़कों को गड्ढामुक्त किया जाए।

## प्रयागराज के सुलेम सराय दधिकांदो मेला आज, भारी वाहनों के प्रवेश पर रहेगी रोक; दोपहर दो बजे से लागू होगा डायवर्जन



**प्रयागराज।**
उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में सुलेम सराय में रविवार को होने वाले ऐतिहासिक दधिकांदो मेले को देखते हुए पुलिस ने यातायात व्यवस्था में बदलाव किया है। श्रद्धालुओं की भीड़ और मेले के दौरान यातायात को सुचारु बनाए रखने के लिए हाईकोर्ट पानी टंकी चौराहे से मंदिर मोड़ तक भारी वाहनों, ट्रक, डीसीएम, टैंकर, हल्के वाहनों और चार पहिया वाहनों का आवागमन प्रतिबंधित रहेगा। यह व्यवस्था शाम चार बजे से मेला समाप्त होने तक लागू रहेगी।
पुलिस उपायुक्त नगर सागर जैन ने बताया कि मेले के दौरान आमजन को आवागमन में परेशानी न हो और श्रद्धालुओं की सुरक्षा बनी रहे, इसके लिए यातायात का डायवर्जन किया गया है। उन्होंने कहा कि पुलिसकर्मियों को प्रमुख चौराहों और मार्गों पर तैनात किया गया है। लोगों से अपील है कि वे निर्धारित डायवर्जन मार्ग का ही प्रयोग करें और यातायात व्यवस्था बनाए रखने में पुलिस का सहयोग करें।

**इन मार्गों पर रहेगा डायवर्जन**
प्रयागराज शहर की ओर से धूमनगंज क्षेत्र और कानपुर रोड की ओर जाने वाले वाहनों को शास्त्री पुल, अंदावा तिराहा, सहसों और कोखराज की ओर से भेजा जाएगा।
फतेहपुर और कानपुर की ओर जाने वाली रोडवेज तथा विद्युत बसों को विद्यावाहिनी रोडवेज बस अड्डा से शास्त्री पुल, झूंसी, अंदावा तिराहा, सहसों और कोखराज होते हुए भेजा जाएगा।
कानपुर और फतेहपुर से प्रयागराज शहर की ओर आने वाले वाहनों को कोखराज से डायवर्ट किया जाएगा। ये वाहन सहसों, अंदावा और शास्त्री पुल झूंसी होते हुए शहर में प्रवेश कर सकेंगे।
इसके अलावा डीजल, पेट्रोल, गैस और केरोसिन के टैंकरों तथा अति आवश्यक वाहनों का आवागमन दोपहर 12 बजे से मेला समाप्ति तक शहर क्षेत्र में प्रतिबंधित रहेगा।

# देश भर में उद्यमिता, स्वावलंबन और जनभागीदारी की नई चेतना जगाने का संकल्प लिया जाएगा ; शंशाक

**देवरिया ।**
भगवान विश्वकर्मा की सृजन, श्रम, कौशल और निर्माण की प्रेरणा को उद्यमिता, जनभागीदारी और सांस्कृतिक नवाचार से जोड़ने के उद्देश्य से रविवार को भगवान विश्वकर्मा नवसृजन महोत्सव का आयोजन किया जाएगा।

यह जानकारी सांसद शशांक मणि ने शनिवार को पत्रकार वार्ता में दी। उन्होंने बताया कि जागृति उद्यम केंद्र प्रेक्षा स्थल, बरपार में दोपहर तीन बजे आयोजित होने वाला यह महोत्सव देवरिया लोकसभा क्षेत्र में अमृत प्रयास के द्वितीय संकल्प का शुभारंभ करेगा। सांसद शशांक मणि की पहल पर आयोजित कार्यक्रम के माध्यम से देवरिया-कुशीनगर से देशभर में उद्यमिता, स्वावलंबन और जनभागीदारी की नई चेतना जगाने का संकल्प लिया जाएगा।उन्होंने कहा कि महोत्सव में भगवान विश्वकर्मा की प्रेरणा से सृजन की तीन धाराओं को आगे बढ़ाने की पहल होगी। पहली धारा आस्था और संस्कृति की होगी।



निर्माण के देवता भगवान विश्वकर्मा के मंदिर के भूमिपूजन के साथ आस्था को सृजन की शक्ति से जोड़ने का संदेश दिया जाएगा। वहीं अर्पण के माध्यम से सांस्कृतिक नवाचार और भारतीय परंपराओं को नई पीढ़ी से जोड़ने का प्रयास होगा।उन्होंने कहा कि दूसरी धारा के तहत अमृत प्रयास-संकल्प 2 का शुभारंभ किया जाएगा। इसका उद्देश्य युवाओं और महिलाओं की प्रतिभा, कौशल एवं ऊर्जा को उद्यमिता से जोड़ना है, ताकि वे रोजगार मांगने वाले नहीं बल्कि रोजगार देने वाले बन सकें। इसके लिए स्थानीय स्तर पर उपलब्ध संसाधनों और प्रतिभाओं को अवसर देने पर जोर रहेगा। उन्होंने कहा कि तीसरी धारा बरगद क्रांति की होगी। इसके तहत बरपार के विशाल वटवृक्ष से नवसृजन की चिंगारी को देवरिया से पूर्वांचल, उत्तर प्रदेश और पूरे देश तक पहुंचाने का संकल्प लिया जाएगा। विचार-मंथन में उद्यमिता के माध्यम से आर्थिक और सामाजिक बदलाव को गांवों तक पहुंचाने पर चर्चा होगी।

उन्होंने कहा कि महोत्सव में स्थानीय उद्यमियों, नवाचार करने वाले युवाओं और सामाजिक क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने वाले लोगों को सम्मानित किया जाएगा। आयोजकों के अनुसार कार्यक्रम का मूल उद्देश्य आस्था को सृजन से, सृजन को उद्यमिता से और उद्यमिता को स्वावलंबन एवं समृद्धि से जोड़ना है।सांसद शशांक मणि ने कहा कि भगवान विश्वकर्मा केवल आस्था के प्रतीक नहीं, बल्कि सृजन, श्रम, कौशल, संस्कृति और निर्माण की भारतीय परंपरा के प्रतीक हैं। प्रयास है कि इस प्रेरणा को युवाओं और गांवों की प्रतिभा से जोड़कर उद्यमिता और रोजगार की शक्ति बनाया जाए। उन्होंने कहा कि सबके प्रयास से विकसित देवरिया लोकसभा का संकल्प तभी पूरा होगा, जब गांव की प्रतिभा को अवसर और युवाओं को उद्यमिता का मंच मिलेगा।

उन्होंने कहा कि बरगद क्रांति का विचार इस विश्वास पर आधारित है कि छोटी-सी चिंगारी भी बड़े परिवर्तन का आधार बन सकती है। देवरिया से शुरू होने वाला यह प्रयास गोरक्षप्रांत के 10 जिलों से होते हुए देशभर में उद्यमिता, स्वावलंबन और जनभागीदारी की नई चेतना पैदा करे, यही महोत्सव का व्यापक उद्देश्य है।

# बरसाना में राधाष्टमी को लेकर तैयारियां जोरों पर, 25 लाख श्रद्धालुओं के आने की संभावना

**मथुरा।**
बरसाना के प्रसिद्ध लाडली जी (श्री जी) मंदिर में 19 सितंबर को राधा रानी का जन्मोत्सव (राधाष्टमी) अत्यंत धूमधाम से मनाया जाएगा। इस पावन अवसर पर 24 घंटे के भीतर लगभग 25 लाख श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना है, जिसे लेकर जिला प्रशासन ने शनिवार सुरक्षा और व्यवस्था के कड़े इंतजाम किए हैं। भीड़ को नियंत्रित करने और कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए पूरे बरसाना क्षेत्र को 7 जोन और 25 से अधिक सेक्टरों में विभाजित किया गया है। शनिवार शाम जिलाधिकारी सीपी सिंह और एसएसपी श्लोक कुमार ने तैयारियों का पैदल पैदल पूरे मेला परिसर का जायजा लेते हुए सुरक्षा और सुविधाओं के पुख्ता इंतजाम करने के निर्देश दिए हैं। पिछले अनुभवों से सीख लेते हुए इस बार श्रद्धालुओं की एंट्री के लिए अलग-अलग रास्ते तय किए गए हैं, जिससे किसी एक मार्ग पर अत्यधिक दबाव न पड़े। इसके



अलावा, पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती के साथ-साथ पार्किंग स्थल और खोया-पाया केंद्र भी बनाए जा रहे हैं।

मंदिर की ऊंचाई और सीढ़ियों पर अत्यधिक भीड़ को रोकने के लिए विशेष होल्डिंग एरिया तैयार किए जा रहे हैं, जिनकी मदद से श्रद्धालुओं को नियंत्रित तरीके से दर्शन कराए जाएंगे। वहीं, पिछले वर्ष स्थानीय नागरिकों को दर्शन में हुई असुविधा को ध्यान में रखते हुए इस बार बरसाना के स्थानीय लोगों के लिए विशेष पास जारी किए जाएंगे, ताकि वे भी सुगमता से राधा रानी के दर्शन कर सकें। उत्सव को भव्य बनाने के लिए पूरे कस्बे को आकर्षक ढंग से सजाया जा रहा है, जिसकी जिम्मेदारी मथुरा-वृंदावन विकास प्राधिकरण को सौंपी गई है। जिले भर से संसाधन जुटाकर विशेष साफ-सफाई अभियान चलाया जा रहा है और पीडब्ल्यूडी को सभी मार्गों को गड्ढा मुक्त व दुरुस्त करने के निर्देश दिए गए हैं।

जिला प्रशासन ने बरसाना के नागरिकों से इस ऐतिहासिक उत्सव में सहयोग की अपील करते हुए अपने घरों, दुकानों और बाजारों को सजाने और बाहर से आने वाले श्रद्धालुओं का गर्मजोशी से स्वागत करने का आह्वान किया है।

# सेवा संकल्प अभियान को जन-जन तक पहुंचाएं कार्यकर्ता: बीएल संतोष

**कानपुर।**
प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक चलने वाले सेवा संकल्प अभियान–जनसेवा ही प्रभु सेवा को बूथ से लेकर जिला स्तर तक प्रभावी ढंग से संचालित कर जनभागीदारी बढ़ाई जाए। अभियान का संदेश समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के साथ प्रत्येक कार्यकर्ता अपने क्षेत्र में सेवा का कोई न कोई कार्य सुनिश्चित करें। यह निर्देश भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री संगठन बीएल संतोष ने शनिवार को होटल लैंडमार्क में कानपुर कमिश्नरी के आठ संगठनात्मक जिलों के जनप्रतिनिधियों और जिलाध्यक्षों के साथ बैठक के दौरान दिए।



उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का सार्वजनिक जीवन सेवा, समर्पण और राष्ट्र प्रथम की भावना से प्रेरित रहा है। इसलिए उनका जन्मदिवस कार्यकताओं के लिए केवल उत्सव का अवसर नहीं, बल्कि समाज के प्रति अपने दायित्व को निभाने और सेवा का संकल्प लेने का अवसर है। उन्होंने कहा कि अभियान को केवल पार्टी संगठन तक सीमित न रखते हुए समाज के विभिन्न वर्गों को इससे जोड़ा जाए। उन्होंने संगठन को और अधिक सक्रिय एवं प्रभावी बनाने पर भी जोर दिया। जिला अध्यक्षों और जनप्रतिनिधियों से संगठनात्मक गतिविधियों की जानकारी लेते हुए उन्होंने कहा कि भाजपा का आधार मजबूत संगठन और समर्पित कार्यकर्ता हैं। संगठन की गतिविधियों का प्रभाव बूथ स्तर तक दिखाई देना चाहिए। कार्यकताओं के बीच निरंतर संवाद, क्षेत्र में प्रवास, बूथ समितियों की सक्रियता और अभियानों में जनभागीदारी बढ़ाने के निर्देश दिए

बैठक में आगामी कार्यक्रमों की जिला स्तर पर तैयारियों की समीक्षा की गई। राष्ट्रीय और प्रदेश नेतृत्व की ओर से निर्धारित अभियानों को समय सीमा में योजनाबद्ध तरीके से बूथ स्तर तक पहुंचाने को कहा गया। बैठक में कानपुर उत्तर, कानपुर दक्षिण, कानपुर ग्रामीण, कानपुर देहात, औरैया, इटावा, कन्नौज और फरुर्खाबाद के जिलाध्यक्षों तथा जनप्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया।

भाजपा कानपुर बुंदेलखंड क्षेत्र के अध्यक्ष राम किशोर साहू ने कहा कि बीएल संतोष के मार्गदर्शन से संगठन को नई ऊर्जा और स्पष्ट दिशा मिली है।

# युवा संवाद में युवाओं ने राष्ट्र निर्माण में अपनी भूमिका को लेकर किया मंथन

**अयोध्या।**
राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, अयोध्या महानगर द्वारा आयोजित 'युवा संवाद' कार्यक्रम शनिवार को अवध विश्वविद्यालय के स्वामी विवेकानंद सभागार में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं को राष्ट्र निर्माण, सामाजिक दायित्व एवं सकारात्मक परिवर्तन के प्रति जागरूक करना रहा। कार्यक्रम में लगभग 900 छात्रों ने प्रतिभाग किया।

कार्यक्रम के मुख्य वक्ता सह प्रांत प्रचारक संजय ने संघ की शताब्दी वर्ष की यात्रा और राष्ट्र निर्माण में युवाओं की भूमिका पर छात्रों से संवाद किया।




उन्होंने कहा कि युवा देश की सबसे बड़ी शक्ति हैं। युवाओं को अपनी भारतीय संस्कृति और संस्कारों से जुड़ते हुए समाज एवं राष्ट्र के प्रति अपने कर्तव्यों का निर्वहन करना चाहिए।

विशिष्ट वक्ता जगतगुरु रामानंदाचार्य स्वामी श्री राम दिनेशाचार्य महाराज ने भारतीय संस्कृति, परंपराओं और जीवन मूल्यों पर प्रकाश डालते हुए युवाओं से आह्वान किया कि वे अपने जीवन में संस्कार, अनुशासन और राष्ट्रभाव को प्राथमिकता दें तथा समाज के निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाएं।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए अवध विश्वविद्यालय के कुलपति कर्नल बृजेंद्र सिंह ने कहा कि युवाओं के व्यक्तित्व एवं नेतृत्व विकास के लिए इस प्रकार के संवाद कार्यक्रम नियमित रूप से आयोजित किए जाने चाहिए। उन्होंने सुझाव दिया कि छात्रों के सर्वांगीण विकास के लिए ऐसे कार्यक्रम प्रत्येक माह आयोजित किए जाएं।

कार्यक्रम में महानगर संघचालक विक्रम प्रसाद पांडेय, सहविभाग प्रचारक शैलेंद्र, महानगर प्रचारक सुदीप, सांय प्रचारक अनुज, विभाग प्रचार प्रमुख शैलेंद्र, दिनेश कुमार, अनिल, कार्यक्रम प्रमुख राणा आशुतोष सिंह, महानगर विद्यालय प्रमुख शिवेन सिंह, कार्यक्रम संचालक अनुभव एवं सर्वेश तिवारी सहित बड़ी संख्या में छात्र एवं स्वयंसेवक उपस्थित रहे।

# प्रयागराज और आसपास के लोगों को सुलभ और आधुनिक चिकित्सा सुविधा दिलाना प्राथमिकता : शौर्यदीप सचिन श्रीवास्तव

**केपी ट्रस्ट के उपाध्यक्ष बने शौर्यदीप सचिन श्रीवास्तव, मल्टीस्पेशलिटी अस्पताल और डायग्नोस्टिक सेंटर को मूर्त रूप देने का लक्ष्य**

**प्रयागराज।**
कायस्थ पाठशाला (केपी ट्रस्ट) के नवनियुक्त उपाध्यक्ष शौर्यदीप सचिन श्रीवास्तव ने शनिवार को कहा कि उनका प्रयास रहेगा कि प्रयागराज और आसपास के लोगों को आधुनिक और सुलभ चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं। इसके लिए संस्था के अंतर्गत मल्टीस्पेशलिटी अस्पताल और डायग्नोस्टिक सेंटर जैसी अत्याधुनिक चिकित्सा परियोजनाओं को धरातल पर उतारना उनकी प्राथमिकता होगी।

टैगोर टाउन निवासी शौर्यदीप सचिन श्रीवास्तव को कायस्थ पाठशाला के उपाध्यक्ष पद पर मनोनीत किया गया है। संस्था के अध्यक्ष चौधरी राघवेंद्र नाथ सिंह ने शुक्रवार को उन्हें मनोनयन पत्र सौंपा। उनकी नियुक्ति को संस्था की चिकित्सा सेवाओं के विस्तार और विकास की दिशा में महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

मनोनयन पत्र सौंपते हुए अध्यक्ष चौधरी राघवेंद्र नाथ सिंह ने विश्वास जताया कि शौर्यदीप सचिन श्रीवास्तव के अनुभव और विशेषज्ञता से कायस्थ पाठशाला और उससे जुड़ी संस्थाओं के विकास को नई दिशा मिलेगी। उन्होंने कहा कि चिकित्सा क्षेत्र में आधारभूत सुविधाओं को मजबूत करने और आमजन को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने में उनका योगदान महत्वपूर्ण होगा।

दायित्व ग्रहण करने के बाद शौर्यदीप सचिन श्रीवास्तव ने संस्था के प्रति आभार जताया। उन्होंने कहा कि चिकित्सा सुविधाओं को आधुनिक बनाने के साथ ही उन्हें आम लोगों के लिए सुलभ बनाना जरूरी है। मल्टीस्पेशलिटी अस्पताल और डायग्नोस्टिक सेंटर के माध्यम से लोगों को बेहतर उपचार और जांच की सुविधा उपलब्ध कराने का प्रयास किया जाएगा।

शौर्यदीप सचिन श्रीवास्तव के उपाध्यक्ष मनोनीत होने पर कौशलेन्द्र श्रीवास्तव, ट्रस्ट के महामंत्री एसडी कौटिल्य, पवन शंकर, रंगजी श्रीवास्तव, अजय श्रीवास्तव, मनीष श्रीवास्तव, कल्पना श्रीवास्तव, प्रियंका श्रीवास्तव सहित ट्रस्ट के पदाधिकारियों और सदस्यों ने बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।

# विश्व शांति के लिए संगठित और समरस हिंदू समाज जरूरी : डॉ. मुरारजी त्रिपाठी

**हिंदू जीवन दर्शन शांति और सद्भाव के माध्यम से वैश्विक समस्याओं के समाधान का पक्षधर**

**प्रयागराज।**
विश्व शांति और समृद्धि के लिए समरस एवं संगठित हिंदू समाज का निर्माण आवश्यक है। हिंदू जीवन दर्शन शांति और सद्भाव के माध्यम से वैश्विक समस्याओं के समाधान का मार्ग दिखाता है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ अपनी स्थापना के समय से ही इसी दिशा में कार्य कर रहा है। यह विचार राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रांत प्रचार प्रमुख डॉ. मुरारजी त्रिपाठी ने शनिवार को झूंसी स्थित प्रभु दत्त ब्रह्मचारी नगर के गौधाम परिसर में आयोजित प्रमुख जन संवाद संगोष्ठी में व्यक्त किए।

संघ के शताब्दी वर्ष के अंतर्गत आयोजित संगोष्ठी में मुख्य वक्ता के रूप में डॉ. मुरारजी त्रिपाठी ने कहा कि वर्तमान समय में विभिन्न देशों के बीच अपना-अपना वर्चस्व स्थापित करने की होड़ से पूरा विश्व प्रभावित है। ऐसे समय में भारत का प्राचीन जीवन दर्शन शांति, सद्भाव और एकत्व की भावना के साथ वैश्विक चुनौतियों का समाधान प्रस्तुत कर सकता है।

उन्होंने कहा कि भारत की प्राचीन संस्कृति और समृद्ध परंपराओं में सौहार्दपूर्ण विश्व के निर्माण का अनुभवजनित ज्ञान मौजूद है। भारतीय चिंतन मनुष्य को विभेदकारी और आत्मघाती प्रवृत्तियों से बचाते हुए समस्त जीव-जगत में एकत्व की भावना स्थापित करने और शांति सुनिश्चित करने का मार्ग प्रशस्त करता है।

प्रांत प्रचार प्रमुख ने कहा कि समाज में सभी प्रकार के भेदभाव को दूर कर समरसता आधारित आचरण को अपनाने की जरूरत है। पर्यावरण के अनुकूल जीवनशैली, संगठित परिवार, स्वबोध और नागरिक कर्तव्यों के प्रति प्रतिबद्ध समाज के निर्माण का संकल्प लेना चाहिए।

# स्वावलंबी भारत अभियान के प्रोत्साहन सम्मेलन में 270 विद्यार्थियों ने लिया भाग

**वाराणसी।**
स्वदेशी जागरण मंच काशी महानगर की ओर से शनिवार को कछवां स्थित रामा इंटर कॉलेज, रामपुर में स्वावलंबी भारत अभियान के तहत प्रोत्साहन सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन में विद्यालय के 270 विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भागीदारी की।

कार्यक्रम का संयोजन करते हुए मुख्य वक्ता कविता मालवीय ने विद्यार्थियों को स्वावलंबन, स्वदेशी उत्पादों के उपयोग और आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में युवाओं की भूमिका के बारे में जानकारी दी।

# कानपुर: 121 आश्रितों को मिला लाभ, 5.63 करोड़ रुपये से अधिक की धनराशि का निस्तारण

**कानपुर।**
राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण के निदेर्शानुसार शनिवार को आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत के क्रम में कार्यालय अपर श्रम आयुक्त, कानपुर क्षेत्र, कानपुर में श्रम विभाग से संबंधित प्रकरणों के निस्तारण के लिए विशेष कार्यवाही की गई।

अपर श्रम आयुक्त शमीम अख्तर ने बताया कि लोक अदालत के लिए श्रम विभाग से संबंधित कुल 90 प्रकरण वाद चिन्हित किए गए थे, जिनमें से 48 प्रकरणों, वादों का सफलतापूर्वक निस्तारण किया गया। उन्होंने बताया कि निस्तारित प्रकरणों में कुल 5,63,82,420 रुपये की धनराशि से संबंधित मामलों का निस्तारण हुआ। इन प्रकरणों के निस्तारण से कुल 121 श्रमिकों, आश्रितों को लाभ प्राप्त हुआ।



अपर श्रम आयुक्त ने श्रमिकों, आश्रितों को स्वीकृति पत्र वितरित किए। उन्होंने बताया कि निस्तारित प्रकरणों में संबंधित श्रमिकों, आश्रितों को क्षतिपूर्ति की धनराशि यथाशीघ्र आरटीजीएस के माध्यम से सीधे उनके बैंक खातों में भेजी जाएगी। इस अवसर पर श्रम प्रवर्तन अधिकारी घनश्याम निषाद, हेमन्त कुमार, मान सिंह, दीपक कुमार मौर्य, अखिलेश वर्मा, दीपक मौर्य तथा वाद सहायक कमलाशंकर त्रिपाठी, राम शरण पटेल, राकेश सिंह एवं अमित खन्ना उपस्थित रहे।

# परिश्रम करते रहें, विद्यालय और देश का नाम ऊंचा करें : डॉ. राकेश सिंह

**प्रयागराज।**
ज्वाला देवी सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज, सिविल लाइंस में शनिवार को भारत जानो प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों का सम्मान किया गया। विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. राकेश सिंह ने विजेता विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि वे इसी तरह निरंतर परिश्रम करते रहें और अपने विद्यालय के साथ देश का नाम भी ऊंचा करें।

उन्होंने सभी विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दीं।




प्रातः वंदना के बाद आयोजित सम्मान समारोह में कनिष्ठ और वरिष्ठ दोनों वर्गों में प्रथम तीन स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया। प्रतियोगिता का उद्देश्य विद्यार्थियों को भारत की गौरवशाली संस्कृति, इतिहास और उपलब्धियों से परिचित कराना था। इसमें 200 से अधिक विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कनिष्ठ वर्ग में बहन हितिशा चावला ने प्रथम, भैया श्रेयांश द्विवेदी ने द्वितीय और भैया स्वतंत्र कुमार दुबे ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वरिष्ठ वर्ग में भैया विनायक प्रथम रहे। भैया रवि शंकर तिवारी और भैया युवराज गुप्ता ने संयुक्त रूप से द्वितीय स्थान प्राप्त किया, जबकि भैया शिवांश त्रिपाठी तृतीय स्थान पर रहे।

प्रधानाचार्य डॉ. राकेश सिंह ने सभी विजेता विद्यार्थियों को सम्मानित करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# सेशेल्स गणराज्य के दौरे पर कुंवर मानवेन्द्र सिंह, उच्चायुक्त से की भेंट

**लखनऊ।**
उत्तर प्रदेश विधान परिषद के सभापति कुंवर मानवेन्द्र सिंह के नेतृत्व में एक उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल इन दिनों सेशेल्स गणराज्य के दौरे पर है। दौरे के दौरान प्रतिनिधिमंडल ने सेशेल्स के उच्चायुक्त से आत्मीय शिष्टाचार भेंट की। भेंटवार्ता के दौरान दोनों देशों के बीच पुराने ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और संसदीय संबंधों को और अधिक सुदृढ़ करने पर विस्तार से चर्चा हुई।

प्रतिनिधिमंडल ने सेशेल्स की नेशनल असेंबली का भी भ्रमण किया। संसद भवन के सभागार में लाल कालीन, आधुनिक बैठक व्यवस्था और दीवार पर लगा सेशेल्स का राष्ट्रीय प्रतीक चिन्ह आकर्षण का केंद्र रहा। प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों ने वहां की संसदीय कार्यप्रणाली, विधायी प्रक्रिया और लोकतांत्रिक परम्पराओं के बारे में जानकारी प्राप्त की। ताकामाका का 400 वर्ष पुराना फ्रेंच इतिहास चर्चा के दौरान ताकामाका का विशेष रूप से उल्लेख किया गया। ताकामाका सेशेल्स का एक महत्वपूर्ण क्षेत्र है, जो लगभग 400 वर्ष पुरानी फ्रेंच कॉलोनी के रूप में विख्यात है।

बताया जाता है कि आज भी यहाँ बड़ी संख्या में फ्रेंच मूल के परिवार निवास करते हैं, जो अपनी भाषा, संस्कृति और परंपराओं को आज भी जीवंत बनाए हुए हैं। यह क्षेत्र भारत-सेशेल्स-फ्रांस के त्रिकोणीय ऐतिहासिक संबंधों का प्रतीक है।

# न्यायालय का कार्य परिवारों को जोड़ना, तोड़ना नहीं : संजीव शुक्ला

**वाराणसी।**
उत्तर प्रदेश के वाराणसी में वर्ष 2026 की तृतीय राष्ट्रीय लोक अदालत का शुभारंभ शनिवार को जनपद न्यायाधीश संजीव शुक्ला ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर उन्होंने लोक अदालत को त्वरित और सुलभ न्याय का प्रभावी माध्यम बताते हुए अधिक से अधिक लोगों से इसका लाभ उठाने की अपील की।

अपने अध्यक्षीय संबोधन में जनपद न्यायाधीश ने एमवी एक्ट के चालान पेमेंट सेतु ऐप के माध्यम से जमा करने तथा न्यायालय परिसर में विभिन्न स्थानों पर स्थापित हेल्प डेस्क की सहायता लेने की अपील की।



उन्होंने कहा कि लोक अदालत ऐसा प्रभावी मंच बनकर उभरा है, जिसके माध्यम से बिना अधिक समय गंवाए गंभीर से गंभीर मामलों का भी आपसी समझौते के आधार पर निस्तारण किया जा सकता है।

पारिवारिक विवादों की बढ़ती संख्या पर चिंता व्यक्त करते हुए न्यायमूर्ति संजीव शुक्ला ने कहा कि परिवार समाज की मूल इकाई है। ऐसे में पारिवारिक विवादों के समाधान और सामाजिक समरसता बनाए रखने में न्यायालय की भूमिका बेहद महत्वपूर्ण है।

उन्होंने कहा, न्यायालय का कार्य वास्तव में परिवारों को जोड़ना है, न कि तोड़ना।

राष्ट्रीय लोक अदालत के दौरान जनपद न्यायालय, वाराणसी से कुल 31,348 वादों का निस्तारण किया गया। इन मामलों में कुल 8,34,24,789.44 रुपये की धनराशि की वसूली हुई।

वहीं, प्रशासन एवं अन्य विभागों द्वारा 5,27,293 वादों का निस्तारण किया गया, जिसमें 11,50,36,210 रुपये की धनराशि की वसूली के लिए समझौता हुआ।इस प्रकार न्यायालय और प्रशासन के विभिन्न विभागों को मिलाकर कुल 5,58,641 वादों का निस्तारण किया गया तथा कुल 19,84,60,999.44 रुपये की धनराशि की वसूली हुई।

लोक अदालत के दौरान परिवार न्यायालय ने वैवाहिक विवादों का आपसी सहमति से समाधान कर आठ दंपतियों को फिर से साथ रहने के लिए न्यायालय परिसर से विदा किया। यह पहल लोक अदालत की उस भावना को भी रेखांकित करती है, जिसमें विवादों के समाधान के साथ परिवारों को बचाने और सामाजिक समरसता कायम रखने पर जोर दिया जाता है।

# भक्तिमय माहौल मे सम्पन्न हुआ गणिनाथ गोविंद महाराज की 43 वाँ जयंती समारोह



**गड़हनी (भोजपुर)।** नगर पंचायत गड़हनी के शिव मंदिर पुरानी बाजार अवस्थित परम पूज्य 1008 बाबा गणिनाथ गोविंद जी महाराज का 43 वाँ जयंती एवं पूजन समारोह बड़े धूमधाम से अखिल भारतीय मध्यदेशीय वैश्य समाज गडहनी द्वारा आयोजित की गई। शनिवार को अहले सुबह ही सैकडो की संख्या मे गाजे बाजे के साथ प्रभात फेरी निकाली गई। इसके बाद पूजा अर्चना एवं झंडोत्तोलन का कार्य धूमधाम से सम्पन हुआ जो दोपहर 1 बजे भक्तिमय माहौल मे बाबा गणिनाथ गोविंद की जयघोष एवं हवनादि के साथ सम्पन्न हुआ।

कमिटि के द्वारा आगत अतिथियों का सम्मान अंगवस्त्र से किया गया। तत्पश्चात बच्चों का बाल नृत्य, सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम का उद्घाटन पूर्व मुखिया प्रतिनिधि ओमनारायण साह एवं पूर्व उपप्रमुख सह पंचायत समिति सदस्य पप्पू साह ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। मंच संचालन कमिटी के कोषाध्यक्ष रितेश कुमार गुप्ता एवं ज्योतिष कुमार मुन्ना ने किया। सांस्कृतिक कार्यक्रम में शानदार कला प्रस्तुत करने वाले बच्चों को हौसला बढ़ाने के लिए पुरस्कृत किया गया। इस जयंती समारोह में विशेष रुप से भंडारा का आयोजन किया गया जिसमें दूर दराज से हजारों की संख्या में आए श्रद्धालुओं ने पूजा अर्चना कर प्रसाद ग्रहण किया। समारोह के मुख्य अतिथि भोजपुर बक्सर के पूर्व विधान पार्षद सह संदेश के विधायक राधाचरण साह एवं विशिष्ट अतिथि अगिआंव विधायक महेश पासवान, शत्रुध्न प्रसाद, पूर्व उप प्रमुख पप्पू साह को अध्यक्ष रजत कुमार गुप्ता, सचिव आशीर्वाद मद्धेशिया, कोषाध्यक्ष रितेश कुमार गुप्ता, पूजा महामंत्री जयराम कुमार एवं आदित्य कुमार गुप्ता ने अंग वस्त्र, प्रतीक चिन्ह एवं फूल माला से सम्मानित किया। विधायक राधाचरण साह ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि अपने बच्चों को शिक्षित बनाए तभी समाज का कल्याण होगा। पूर्व पूजा अध्यक्ष प्रमोद कुमार गुप्ता ने बताया कि हर साल की भांति इस साल भी गणिनाथ पूजा धूमधाम से हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। नवयुवक संघ के सभी पदाधिकारियों ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया एवं अपना कीमती समय निकाल कर इस पूजा को सफल बनाने में अहम भूमिका निभाई।

वहीं रात्रि 8 बजे से देवी जागरण का आयोजन किया गया जिसमें भोजपुरी गायक दीपक तिवारी, राजा भोजपुरिया, गोलू तूफान, मनु राज, साजन बाबू, दीपू सैनी एवं भोजपुरी गायिका नेहा गिरी ने शानदार प्रस्तुति देकर दर्शकों को झूमने के लिए मजबूर कर दिया। वहीं एंकर संदीप बाबा ने अपने नये अंदाज से दर्शकों का खूब मनोरंजन किया।

इस अवसर पर सभी कलाकारों को पूजा कमिटी ने अंगवस्त्र से सम्मानित किया। इस मौके पर पूजा प्रभारी यमुना प्रसाद गुप्ता, राजेंद्र प्रसाद गुप्ता, बच्चन प्रसाद, अवध बिहारी प्रसाद, रामदेव साह, मिथलेश साह, प्रदीप गुप्ता, राजकुमार गुप्ता, राजेश कुमार गुप्ता, अरविंद कुमार गुप्ता, डॉ मनोज कुमार गुप्ता, कृष्णा प्रसाद, संतोष कुमार गुप्ता, उत्तम प्रसाद, उपेन्द्र प्रसाद, संजय प्रसाद, पूर्णमल गुप्ता, बैजू साह, गोरख साह, रामाशंकर साह, मिलेंद्र प्रसाद, बिनोद साह सहित पूजा कमिटी के कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## भूसा हटाने को लेकर विवाद में अधेड़ को मुंह में मारी गोली

**बाढ़ के बाद यात्री शेड में रखा था भूसा, हटाने को लेकर हुआ विवाद; पुलिस मामले की जांच में जुटी**

**बड़हरा (भोजपुर)।** सिन्हा थाना क्षेत्र के शाहजहांपुर गांव में बाढ़ के बाद यात्री शेड में रखे भूसा को हटाने को लेकर हुए विवाद में हथियारबंद बदमाशों द्वारा एक अधेड़ को गोली मारने का मामला सामने आया है। गोली अधेड़ के मुंह में लगी, जिससे वह गंभीर रूप से जख्मी हो गया। परिजनों ने आनन-फानन में उसे इलाज के लिए सदर अस्पताल, आरा पहुंचाया, जहां उसे भर्ती कराया गया है।

घायल की पहचान शाहजहांपुर गांव निवासी रामस्वरूप साह के 58 वर्षीय पुत्र रविंद्र साह के रूप में हुई है। घायल रविंद्र साह के अनुसार, बाढ़ का पानी गांव में आने के बाद घर का सामान और मवेशियों का भूसा शाहजहांपुर स्थित यात्री शेड में रखा गया था। शुक्रवार की रात गांव के कुछ लोग वहां पहुंचे और भूसा हटाने की बात कही। इस पर रविंद्र साह ने पानी निकल जाने के बाद भूसा हटाने की बात कही। आरोप है कि इसी बात को लेकर विवाद बढ़ गया। इसके बाद दबंगों ने यात्री शेड से भूसा बाहर फेंक दिया। विरोध करने पर कुछ युवकों को बुलाया गया और जान से मारने की धमकी दी गई।

इसी दौरान विवाद बढ़ने पर फायरिंग कर दी गई। रविंद्र साह के मुताबिक, एक गोली उनके मुंह में आकर लगी, जिससे वह लहूलुहान होकर गिर पड़े। घटना की सूचना मिलते ही सिन्हा थानाध्यक्ष राजू कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और मामले की छानबीन शुरू कर दी। थानाध्यक्ष के अनुसार, यात्री शेड में भूसा रखने को लेकर दो पक्षों के बीच विवाद की बात सामने आ रही है। फायरिंग किए जाने की भी जानकारी मिली है। पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है तथा घटना में शामिल लोगों की पहचान और गिरफ्तारी के लिए कार्रवाई की जा रही है।

## सड़क हादसे में जख्मी युवक की इलाज के दौरान मौत

**बड़हरा।** सिन्हा थाना क्षेत्र के फरहदा मोड़ के समीप सड़क हादसे में गंभीर रूप से जख्मी युवक की इलाज के दौरान मौत हो गई। सदर अस्पताल के सर्जिकल वार्ड में गुरुवार की शाम उसने दम तोड़ दिया। मृतक की पहचान बड़हरा थाना क्षेत्र के बखोरापुर गांव निवासी डिप्टी राय के 35 वर्षीय पुत्र रिंकू कुमार उर्फ मंटू यादव के रूप में हुई है। वह मजदूरी कर परिवार का भरण-पोषण करता था।

मृतक के भाई राम प्रसाद यादव ने बताया कि 23 अगस्त को रिंकू कुमार अपने गांव से पैदल सबलपुर बाजार सामान खरीदने जा रहा था। इसी दौरान फरहदा मोड़ के समीप किसी अज्ञात वाहन ने उसे टक्कर मार दी। हादसे में वह गंभीर रूप से जख्मी हो गया। परिजनों ने उसे इलाज के लिए शहर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया था। हालत में अपेक्षित सुधार नहीं होने पर तीन दिन पूर्व उसे सदर अस्पताल लाया गया, जहां सर्जिकल वार्ड में इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। मौत की सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराने के बाद परिजनों को सौंप दिया। मृतक के परिवार में पत्नी कलावती देवी के अलावा दो पुत्रियां रिया और सिया तथा दो पुत्र आयुष और सूरज हैं। पति की मौत के बाद पत्नी कलावती देवी समेत परिवार के सभी सदस्यों का रो-रोकर बुरा हाल है।

## जीविका दीदियां परिवार और समाज की धरोहर : बड़हरा विधायक



**आरा/बडहरा।** बड़हरा विधायक राघवेंद्र प्रताप सिंह ने शनिवार को कोईलवर प्रखंड के जमालपुर में आयोजित जीविका दीदियों के सम्मेलन में बतौर अतिथि शिरकत की। सम्मेलन का आयोजन जीविका दीदी रीता देवी ने किया था। विधायक ने पूर्व में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के ह्यमन की बातह्ल कार्यक्रम में रीता देवी की प्रशंसा किए जाने का उल्लेख करते हुए उन्हें सम्मानित भी किया।

सम्मेलन को संबोधित करते हुए विधायक ने कहा कि जहां जीविका दीदियों की बात होती है, वहां वे प्राथमिकता देते हैं। बड़हरा में बाढ़ की स्थिति के बावजूद वे जीविका दीदियों से मिलने पहुंचे हैं। उन्होंने कहा कि महिलाएं परिवार की नींव होती हैं और परिवार, समाज तथा देश के विकास में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका है। महिलाएं समाज की धरोहर हैं। उन्होंने कहा कि जीविका से जुड़कर महिलाएं आत्मनिर्भर बन रही हैं और परिवार की जिम्मेदारियां भी संभाल रही हैं। महिलाओं के विकास के बिना विकसित भारत का संकल्प पूरा नहीं हो सकता। उन्होंने कहा कि शिक्षित और आत्मनिर्भर महिलाएं देश की ताकत हैं। विधायक ने जीविका दीदियों के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि उनकी उपलब्धियां अन्य महिलाओं के लिए प्रेरणादायक हैं।

## प्रधानमंत्री के जन्मदिन से 17 अक्टूबर तक भाजपा चलाएगी 'सेवा संकल्प




**आरा।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सार्वजनिक जीवन के 25 वर्ष पूरे होने के अवसर पर भाजपा की ओर से 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक ह्यसेवा संकल्प अभियानह्ल चलाया जाएगा। अभियान को लेकर शनिवार को आरा परिसदन में प्रेस वार्ता आयोजित की गई। इसे बिहार सरकार के उच्च शिक्षा मंत्री सह आरा विधायक संजय सिंह टाईगर ने संबोधित किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सत्ता को शक्ति नहीं, बल्कि जनसेवा का माध्यम बनाया है। गरीब, युवा, महिला, किसान, श्रमिक और आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों के उत्थान के लिए केंद्र सरकार ने कई योजनाएं लागू की हैं।

जनधन, उज्ज्वला, आयुष्मान, पीएम किसान और ईडब्ल्यूएस आरक्षण से करोड़ों परिवार लाभान्वित हुए हैं। मंत्री ने बताया कि अभियान की शुरूआत 17 सितंबर को ह्यआशीर्वाद का दियाह्ल कार्यक्रम से होगी। शाम सात बजे लाभार्थी अपने घरों में दीप जलाकर प्रधानमंत्री के प्रति आभार जताएंगे। 23 सितंबर से 2 अक्टूबर तक स्कूलों और महाविद्यालयों में चित्रकला व भाषण प्रतियोगिता होगी। 'सेवा मेरा योगदान' के तहत प्रत्येक नागरिक और एनडीए कार्यकर्ता कम से कम 25 मिनट सेवा कार्य करेगा। 7 अक्टूबर को 'सेवा ज्योति यात्रा' निकाली जाएगी। 17 अक्टूबर को 'जनसेवक महाकुंभ' के साथ अभियान का समापन होगा।

## मोहम्मद जफी हत्याकांड की निंदा, हत्यारों की तत्काल गिरफ्तारी की मांग



**गडहनी (भोजपुर)।** नगर पंचायत गड़हनी में सूखे नशे के खिलाफ आवाज उठाने वाले मोहम्मद जफी की गोली मारकर हत्या किए जाने की घटना पर पूर्व विधायक भाई दिनेश ने गंभीर सवाल उठाए हैं। उन्होंने घटना की घोर निंदा करते हुए शोक संतप्त परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त की और हत्यारों की तत्काल गिरफ्तारी की मांग की। भाई दिनेश ने कहा कि यह केवल एक व्यक्ति की हत्या का मामला नहीं है, बल्कि भोजपुर में बढ़ते नशे के कारोबार, अपराध और कानून-व्यवस्था को लेकर गंभीर चिंता का विषय है।

यदि कोई व्यक्ति समाज को नशे के दुष्प्रभाव से बचाने तथा अवैध कारोबार का विरोध करने के लिए आवाज उठाता है और उसकी हत्या कर दी जाती है, तो यह पूरे समाज के लिए चिंताजनक स्थिति है। उन्होंने भोजपुर पुलिस-प्रशासन से मामले की निष्पक्ष जांच कर सभी हत्यारों एवं घटना में शामिल लोगों को गिरफ्तार करने की मांग की। उन्होंने कहा कि नशे के खिलाफ पूरे भोजपुर में प्रभावी अभियान चलाने की जरूरत है। केवल घटना के बाद कार्रवाई करने के बजाय नशे के पूरे नेटवर्क पर प्रहार होना चाहिए। सूखा नशा, शराब, ड्रग्स और अन्य मादक पदार्थों की बिक्री व तस्करी करने वालों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाए। शराबबंदी को भी जिले में प्रभावी ढंग से लागू करने की जरूरत है।

भाई दिनेश ने कहा कि नशे का सबसे अधिक दुष्प्रभाव युवाओं और आने वाली पीढ़ी पर पड़ रहा है। प्रशासन को पुलिस कार्रवाई के साथ जागरूकता अभियान भी चलाना चाहिए। उन्होंने सरकार से मोहम्मद जफी के परिवार को उचित मुआवजा देने तथा सुरक्षा और भविष्य को लेकर आवश्यक सहायता उपलब्ध कराने की मांग की। साथ ही कहा कि नशे और अपराध के खिलाफ आवाज उठाने वाले सामाजिक लोगों में भय का वातावरण नहीं बनना चाहिए।

## बाढ़ में डूबने से मृतक के परिजन को चार लाख का चेक

**आरा/बडहरा।** बड़हरा विधायक ने शनिवार को धमार गांव पहुंचकर बाढ़ में डूबने से हुई चितरंजन पासवान की मौत पर शोक संतप्त परिवार से मुलाकात की और उन्हें सांत्वना दी। इस दौरान विधायक ने मृतक की पत्नी पूनम देवी को चार लाख रुपये की सहायता राशि का चेक प्रदान किया। विधायक ने कहा कि दुख की इस घड़ी में वह पीड़ित परिवार के साथ हैं और परिवार को हरसंभव मदद उपलब्ध कराने का प्रयास करेंगे। इस मौके पर जिला उपाध्यक्ष धनंजय तिवारी, मंडल अध्यक्ष संजीव सिंह, सरिया मंडल अध्यक्ष प्रशांत सिंह, प्रवीण पासवान, राधाकृष्ण पासवान, मोनू पासवान, दीपू पासवान, ग्राम सेवक रितेश कुमार, वरुण सिंह, दिलीप सिंह, नंदजी प्रसाद सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## जाम की समस्या से निपटने को रूट और नो-एंट्री व्यवस्था होगी सख्त

**जीरो माइल, धोबीघाट-बामपाली और कायमनगर मार्ग पर यातायात व्यवस्था लागू करने का निर्देश**



**आरा।** जिले में जाम की समस्या के समाधान और यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने को लेकर जिला पदाधिकारी मनेश कुमार मीणा की अध्यक्षता में संबंधित अधिकारियों की बैठक हुई। बैठक में पुलिस अधीक्षक अवधेश दीक्षित भी मौजूद रहे।

डीएम ने बड़े वाणिज्यिक वाहनों के आवागमन को व्यवस्थित करने के लिए निर्धारित रूट और नो-एंट्री व्यवस्था को प्रभावी ढंग से लागू करने का निर्देश दिया। जीरो माइल की ओर से आने वाले बड़े वाणिज्यिक वाहनों को निर्धारित मार्ग से ही परिचालन कराने को कहा गया। वहीं धोबीघाट से बामपाली की ओर वन-वे यातायात व्यवस्था लागू करने के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए गए। कायमनगर से जीरो माइल की ओर आने वाले वाहनों का परिचालन भी निर्धारित व्यवस्था के अनुसार सुनिश्चित कराने को कहा गया।

धनगाईं और आसनी क्षेत्र में बड़े वाणिज्यिक वाहनों के लिए सुबह पांच बजे से नो-एंट्री व्यवस्था लागू करने का निर्देश दिया गया। इसी तरह धरहरा में दिन के समय आरा शहर की ओर से आने वाले वाहनों पर नो-एंट्री व्यवस्था लागू करने को कहा गया। डीएम ने जिले की क्षतिग्रस्त सड़कों की अविलंब मरम्मत कराने का निर्देश संबंधित विभाग को दिया। साथ ही कायमनगर अंडरपास को जल्द दुरुस्त कर यातायात के लिए चालू कराने को कहा।

## बाढ़ राहत सूची अनुश्रवण समिति की बैठक में पारित कर वितरण की मांग



**आरा।** भाकपा माले राज्य स्थायी समिति सदस्य व आरा विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी क्यामुद्दीन अंसारी ने आरा प्रखंड में शीघ्र अनुश्रवण समिति की बैठक बुलाकर बाढ़ राहत की सूची पारित करने और इसके बाद राहत सामग्री का वितरण कराने की मांग की है।

शनिवार को उन्होंने महुली, कड़ारी, धोबहां समेत कई गांवों का दौरा किया।

उनके साथ युवा नेता मुकुल यादव व नीतीश कुमार कुशवाहा भी थे। अंसारी ने कहा कि आरा अंचल कार्यालय द्वारा प्लास्टिक किट वितरण में अनियमितता की शिकायतें मिल रही हैं। बसंतपुर व महकमपुर बारा की महिलाएं प्लास्टिक किट के लिए प्रखंड कार्यालय पहुंचीं, लेकिन अंचलाधिकारी के नहीं रहने से उन्हें लौटना पड़ा। उन्होंने कहा कि बाढ़ आपदा सूची में भी गड़बड़ी है। पंचायत अनुश्रवण समिति की बैठक के बाद प्रखंड अनुश्रवण समिति से सूची पारित कर राहत वितरण किया जाए। उन्होंने प्रत्येक बाढ़ पीड़ित परिवार को दो माह का राशन व 10 हजार रुपये तथा फसल क्षति पर प्रति एकड़ 25 हजार रुपये मुआवजा देने की मांग की। बटाईदार किसानों को भी फसल क्षतिपूर्ति देने की मांग की।

## राष्ट्रीय लोक अदालत में 3214 मामलों का निष्पादन, 2.78 करोड़ रुपये से अधिक की समझौता राशि

**आरा।** बिहार राज्य विधिक सेवा प्राधिकार, पटना के निर्देशन में एवं माननीय प्रभारी प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश-सह-प्रभारी अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, भोजपुर, आरा के तत्वावधान में वर्ष की तीसरी राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया।

राष्ट्रीय लोक अदालत का शुभारंभ माननीय प्रभारी प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश, जिला पदाधिकारी भोजपुर मनेश कुमार मीणा, पुलिस अधीक्षक भोजपुर अवधेश दीक्षित एवं अन्य उपस्थित पदाधिकारियों द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर जिला अभियोजन पदाधिकारी मानिक कुमार सिंह, बार एसोसिएशन के अध्यक्ष सुरेन्द्र सिंह, जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव दिवाकर कुमार सहित न्यायिक पदाधिकारीगण एवं अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित रहे। सफल आयोजन हेतु व्यवहार न्यायालय, आरा में कुल 15 बेंचों का गठन किया गया था।

प्रभारी प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश-सह-प्रभारी अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार ने कहा कि राष्ट्रीय लोक अदालत त्वरित एवं सुलभ न्याय का प्रभावी माध्यम है। आपसी सुलह एवं समझौते के माध्यम से मामलों के निष्पादन से पक्षकारों के समय एवं संसाधनों की बचत होती है तथा न्यायिक प्रक्रिया के प्रति लोगों का विश्वास और मजबूत होता है। जिला पदाधिकारी ने कहा कि लोक अदालत के माध्यम से आपसी सहमति और सौहार्दपूर्ण वातावरण में मामलों का समाधान किया जाना समाज के लिए महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजनों से आम लोगों को सरल एवं सुलभ न्याय प्राप्त करने में सहायता मिलती है। आज आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत में कुल 3,214 मामलों का निष्पादन आपसी सुलह-समझौते के आधार पर किया गया। इन मामलों में कुल 2,78,33,204 की समझौता राशि रही। निष्पादित मामलों में बैंक रिकवरी, एन.आई. एक्ट, आपराधिक शमनीय वाद, रेलवे, माप-तौल, वन विभाग, MACT, यातायात, बिजली एवं अन्य सुलहनीय मामले शामिल रहे।

## बक्सर स्टेशन पर चोरी के दो मोबाइल के साथ दो आरोपित गिरफ्तार

**बक्सर।**

रेल यात्रियों के सामान एवं मोबाइल चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए आरपीएफ बक्सर द्वारा चलाए जा रहे ऑपरेशन ह्ययात्री सुरक्षाह्ल के तहत रविवार को विशेष निगरानी एवं जांच अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान आरपीएफ की टीम ने बक्सर रेलवे स्टेशन से चोरी के दो मोबाइल फोन के साथ दो आरोपियों को गिरफ्तार किया।

आरपीएफ के अनुसार, स्टेशन परिसर में विशेष निगरानी के दौरान टीम को संदिग्ध गतिविधियों की जानकारी मिली। इसके बाद त्वरित कार्रवाई करते हुए दोनों आरोपियों को पकड़ा गया। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान सुनील कुमार (20), निवासी रघुनाथपुर, थाना ब्रह्मपुर, जिला बक्सर तथा जितेंद्र पांडेय (28), निवासी शाहपुर, थाना शाहपुर, जिला भोजपुर के रूप में हुई है।

आरपीएफ ने दोनों के पास से चोरी के दो मोबाइल फोन बरामद किए हैं। गिरफ्तारी के बाद दोनों आरोपियों को अग्रिम कानूनी कार्रवाई के लिए जीआरपी बक्सर को सुपुर्द कर दिया गया।

आरपीएफ बक्सर ने बताया कि रेल यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने तथा रेलवे परिसर में चोरी एवं अन्य आपराधिक घटनाओं की रोकथाम के लिए लगातार सघन निगरानी और जांच अभियान जारी रहेगा।

# हैदराबाद में वरिष्ठ पत्रकार देवकुमार पुखराज को मिला पं.सदाशिव शर्मा स्मृति पुरस्कार

**राष्ट्रीय शान**

**आरा।** हैदराबाद के बशीरबाग स्थित प्रेस क्लब भवन में शनिवार को आयोजित समारोह में पत्रकार डॉ. देवकुमार पुखराज को पंडित सदाशिव शर्मा स्मृति पुरस्कार प्रदान किया गया। कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय सचिव और तेलंगाना के सह प्रभारी सचिन सावंत ने शॉल ओढ़ाकर और प्रतीक चिह्न देकर डॉ. पुखराज का सम्मान किया। तेलंगाना प्रदेश कांग्रेस भाषाई अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ और हैदराबाद हिंदी जर्नलिस्ट सोसाइटी ने हिंदी दिवस के मौके पर सम्मान समारोह का आयोजन किया था।

डॉ देव कुमार पुखराज, मूलतः बिहार के आरा के रहने वाले हैं और पिछले डेढ़ दशक से हैदराबाद में रहकर पत्रकारिता करते है। पिछले तीन दशक की पत्रकारिता यात्रा में डॉ॰ देवकुमार पुखराज ने मीडिया की तीनों विधाओं, प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक और डिजिटल में विभिन्न स्तरों पर कार्य किया है। नब्बे के दशक में दैनिक आज से शुरू हुआ पत्रकारिता का सफर आर्यावर्त और दैनिक जागरण होते हुए ईटीवी नेटवर्क और न्यूज 18 तक जारी रहा। डॉक्टर पुखराज ने जिला संवाददाता, ईटीवी में रिपोर्टर, ब्यूरो चीफ, शिफ्ट इंचार्ज और डेस्क इंचार्ज जैसे दायित्व निभाए। वे विभिन्न पत्र पत्रिकाओं में समसामयिक और राष्ट्रीय महत्व के विषयों पर लगातार लेखन करते रहे हैं। पत्रकारिता में उल्लेखनीय योगदान के लिए समय समय पर इन्हें कई अवॉर्ड और सम्मान भी मिले। पत्रकारिता के लिए उदयपुर में ह्यश्रीफल पत्रकारिता पुरस्कारह्ल, राजभाषा संवर्धन के लिए केंद्रीय मंत्री जनरल वीके सिंह के हाथों दिल्ली में ह्यहिंदी शिखर सम्मानह्ल और बिहार के राज्यपाल द्वारा पुरस्कृत हो चुके हैं। संप्रति, वे भारत सरकार के राजभाषा सलाहकार और हिंदुस्तान समाचार में विशेष संवाददाता (आंध्रप्रदेश और तेलंगाना) के तौर पर अपनी सेवा दे रहे हैं।

हैदराबाद में शनिवार को हुए हिंदी दिवस समारोह में तेलंगाना प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष बी. महेश कुमार गौड़, तेलंगाना सरकार के सलाहकार और वरिष्ठ कांग्रेस नेता वी. हनुमंत राव, एआईसीसी सेक्रेटरी एंड टीपीसीसी के को-इंचार्ज सचिन सावंत समेत बड़ी संख्या में सामाजिक संगठनों के कर्ताधर्ता, साहित्यकार, पत्रकार, बुद्धिजीवी उपस्थित रहे। इस मौके पर साहित्यकार डॉ. ऋषभदेव शर्मा को विनयवीर स्मारक पुरस्कार और कवि मनोजर कोसंदर को स्व. विद्यारण्य हरिबेल्के स्मृति पुरस्कार से नवाजा गया। अतिथियों का स्वागत भाषाई कांग्रेस के अध्यक्ष राजेश अग्रवाल और हिंदी जर्नलिस्ट सोसाइटी हैदराबाद के अध्यक्ष अजय शुक्ला ने किया। कार्यक्रम का संचालन जाने माने कवि नंद गोपाल भट्ड़ ने किया।

# भारत को विश्वगुरु बनाने के सपनों को साकार करने में हमारी भी जिम्मेवारी : प्रेम रंजन

### गुरु सम्मान समारोह में दो सौ से अधिक शिक्षक सम्मानित किये गये




**औरंगाबाद।** भारत को विश्वगुरु बनाने के सपने को साकार करने में हमारी भी नैतिक जिम्मेवारी है। इस जिम्मेवारी को वहन करने के हम सभी प्राइवेट स्कूल के शिक्षक भी तैयार हैं। हम सभी प्राइवेट विद्यालयों के शिक्षक सरकारी व्यवस्था के प्रतिद्वंदी नहीं हैं, बल्कि उनके सहयोगी हैं ।

उपरोक्त बातें अखिल भारतीय पब्लिक स्कूल एंड चिल्ड्रेन वेलफेयर एसोसिएशन के राष्ट्रीय सचिव प्रेम रंजन पटेल ने स्थानीय नगर भवन में बिहार पब्लिक स्कूल एंड चिल्ड्रेन वेलफेयर एसोसिएशन की जिला इकाई द्वारा आयोजित गुरु सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित करते हुए कही। प्रेम रंजन ने कहा कि हम कभी भी प्राइवेट शिक्षकों के सम्मान के साथ समझौता नहीं कर सकते हैं।

इस अवसर पर गुरु सम्मान समारोह में आए एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष डी.के.सिंह ने कहा कि गुरुओं को सम्मानित करने से उनका मान,सम्मान बढ़ता है, साथ ही समाज एवं शिक्षा के प्रति उनकी जिम्मेदारी एवं जिम्मेवारी बढ़ती है।

इस अवसर पर राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एस.एम.सोहैल ने कहा कि जहाँ एक विद्यालय खुलता है समझिए वहाँ एक जेल बंद हो जाता है। एसोसिएशन द्वारा एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष अजय पांडे के संयोजन, संगीता पांडे एवं प्रिया सिंह के संचालन में आयोजित गुरु सम्मान समारोह का उद्घाटन राष्ट्रीय अध्यक्ष डी.के सिंह, उपाध्यक्ष एस.एम.सोहैल,राष्ट्रीय सचिव प्रेम रंजन,जिला अध्यक्ष अजय पाण्डेय,जिला सचिव रिंकू सिंह,महासचिव संतोष कुमार सिंह, महोत्सव पुरुष सिद्धेश्वर विद्यार्थी,लॉर्ड बुद्धा पब्लिक स्कूल सुरेंद्र कुमार मिश्र के डायरेक्टर घनंजय कुमार सिंह ने दीप प्रज्वलित कर किया।अमीषा जायसवाल के गणपति वंदना, धनंजय जयपुरी के स्वस्ति वाचन से एवं डॉ.रवीन्द्र शर्मा के स्वागत भाषण से शुरु गुरु सम्मान समारोह में आगत अतिथियों एवं पत्रकारों में राष्ट्रीय सचिव प्रेम रंजन ,राष्ट्रीय अध्यक्ष डी.के.सिंह,राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एस.एम.सोहैल, डॉ.धनंजय कुमार सिंह, धनंजय जयपुरी,साहित्यकार सुरेन्द्र कुमार मिश्र, महोत्सव पुरुष सिद्धेश्वर विद्यार्थी,पत्रकारों में विकास कुमार सिंह, सनोज पांडे, गणेश प्रसाद,रमाकांत सिंह,विशाल कुमार सिंह चौहान,अरविन्द अकेला, चंदन कुमार भारती,चित्तरंजन कुमार एवं धीरज कुमार सहित एक दर्जन से अधिक पत्रकारों को अंग वस्त्र एवं मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया।

गुरु सम्मान समारोह में नवीनगर प्रखंड अंतर्गत अंकोंरहा स्थित संत कोलंबस पब्लिक स्कूल के डायरेक्टर कुनाल कुमार सिंह,जेनिथ जेल एकेडमी, रहरा के बिट्टू मिश्रा,गोह सीमा कुमारी,नंदलाल सिंह,पिंटू कुमार एवं सचिन पांडे सहित दो सौ शिक्षकों को अंगवस्त्र, प्रशस्ति पत्र एवं मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया ' इस कार्यक्रम में डॉ.रवीन्द्र कुमार के संयोजन में दैनिक संगीत विद्यालय के बच्चों की प्रस्तुति बहुत ही कबीले तारीफ रही।

डल्ली ं३ऀॅल्ल३

## कांग्रेस की सदस्यता मेरे खून और हड्डियों में, मैंने सिर्फ यह कहा- पार्टी के पदों से इस्तीफा देना चाहूंगा : हरीश



**देहरादून ।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत ने कांग्रेस के पदों से इस्तीफा देने की खबरों का खंडन किया है। रावत ने स्पष्ट किया कि वह पूरी तरह कांग्रेस पार्टी के साथ हैं और उन्होंने सिर्फ पद से हटने की पेशकश की थी। हरीश रावत ने एक्स पर पोस्ट किया, "मीडिया के कुछ हिस्सों में यह समाचार दिया जा रहा है कि हरीश रावत ने कांग्रेस पार्टी से त्यागपत्र दे दिया। भैया, कांग्रेस पार्टी की सदस्यता मेरे खून और हड्डियों में है, हरीश रावत जो कुछ भी है, उस सबका निर्माण करती है। वह तो मेरे साथ ही स्वर्ग में भी जाएगी।" पूर्व मुख्यमंत्री ने आगे कहा, "हां, यदि कल-परसों देहरादून में ईडी का जो पाखंडपूर्ण चकल्लस हुई है और मैंने यह कहा है कि यदि उससे कांग्रेस पार्टी के भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ने के नैरेटिव पर कोई असर पड़ता है, तो पार्टी के जो पद मेरे पास हैं (प्रदेश कार्यकारिणी के सदस्य और एआईसीसी की वर्किंग कमेटी के सदस्य), उससे त्यागपत्र देना चाहूंगा।"दरअसल हरीश रावत की ओर से एक्स पोस्ट में कहा गया था, "उत्तराखंड के चुनाव में भारी स्टेक्स हैं। मुझसे जब भी कोई व्यक्ति पूछता था कि चुनाव कब हो रहे हैं, तो मैं हंसी में उनसे कहता था कि भई चुनाव तब होंगे जब सीबीआई मेरे दरवाजे पर दस्तक देने आएगी। यदि अभी नहीं आई है तो इसका अर्थ है कि चुनाव अगले वर्ष मार्च-अप्रैल में ही होंगे। लेकिन इस बार मेरे घर पर नहीं, मेरे एक सहयोगी के घर पर दस्तक देकर एक नरेटिव बनाने का प्रयास किया गया है। कांग्रेस पार्टी और कांग्रेस कार्यकर्ता भ्रष्टाचार के खिलाफ लामबंद होकर लड़ रहे हैं। राहुल गांधी राष्ट्रीय स्तर पर 'छात्रों की गूंज' कार्यक्रम के माध्यम से शिक्षा प्रणाली में व्याप्त भ्रष्टाचार के खिलाफ आवाज बुलंद कर रहे हैं।"

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पोस्ट में आगे कहा, "ऐसे समय में हरीश रावत के किसी भी कृत्य से यदि पार्टी के संघर्ष में कोई कमजोरी आती है, तो मैं ऐसा बिल्कुल नहीं चाहूंगा।

# भोपाल-इंदौर के मास्टर प्लान के लिए 50 हजार कांग्रेसजन निकालेंगे पदयात्रा-जीतू पटवारी



**भोपाल।** मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल में मास्टर प्लान को लेकर कांग्रेस नेताओं ने 31 घंटे का उपवास रखा। इस मौके पर कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी ने चेतावनी दी है कि अगर तीन महीने के भीतर भोपाल और इंदौर में मास्टर प्लान लागू नहीं किया गया तो 50 हजार कांग्रेसी कार्यकर्ता भोपाल से इंदौर तक की पदयात्रा करेंगे। राजधानी के रोशनपुरा चौराहे पर पूर्व मंत्री पीसी शर्मा द्वारा भोपाल मास्टर प्लान लागू करने की मांग को लेकर आयोजित 31 घंटे के उपवास कार्यक्रम में बड़ी संख्या में कांग्रेस नेताओं ने सम्मिलित होकर समर्थन व्यक्त किया। पटवारी ने कहा कि भोपाल और इंदौर के मास्टर प्लान को लेकर कांग्रेस पार्टी लगातार आवाज उठाती रही है। पूर्व मंत्री पीसी शर्मा ने भोपाल के मास्टर प्लान की मांग को लेकर उपवास किया है। व्यापारियों और विधायक आरिफ मसूद ने भी इस मुद्दे को लेकर आंदोलन किया है। कांग्रेस पार्टी ने समय-समय पर सरकार से भोपाल और इंदौर का मास्टर प्लान लागू करने की मांग की है। उन्होंने कहा कि नगरीय प्रशासन मंत्री, मुख्य सचिव और मुख्यमंत्री से कांग्रेस पार्टी आग्रह करती है कि अगले तीन महीने के भीतर भोपाल और इंदौर का मास्टर प्लान जारी किया जाए। मास्टर प्लान के अभाव में शहरों का बेतरतीब विकास हो रहा है, जिससे आम जनता और व्यापारी दोनों परेशान हैं। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी ने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि तीन महीने के भीतर भोपाल और इंदौर का मास्टर प्लान नहीं लाया गया और व्यापारियों तथा जनता की परेशानियां जारी रहीं तो कांग्रेस पार्टी इंदौर से भोपाल तक 50 हजार लोगों के साथ पदयात्रा निकालेगी।

## एससी-एसटी उत्पीड़न के मामलों का समयबद्ध निस्तारण करें : रमेश चंद्र कुंडे



**कानपुर।**
अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति वर्ग से संबंधित शिकायतों और उत्पीड़न के मामलों का प्राथमिकता के आधार पर समयबद्ध निस्तारण किया जाए। पात्र लाभार्थियों को सरकारी योजनाओं का लाभ बिना किसी बाधा के मिले और जनसुनवाई में प्राप्त प्रार्थना पत्रों पर भी अधिकारी गंभीरता से कार्रवाई करें। यह निर्देश शुक्रवार को उत्तर प्रदेश अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति आयोग के सदस्य रमेश चंद्र कुंडे ने सर्किट हाउस में आयोजित समीक्षा बैठक के दौरान दिए।

बैठक में अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति वर्ग के उत्पीड़न से संबंधित मामलों और प्रदेश सरकार की योजनाओं की समीक्षा की गई। सदस्य ने संबंधित विभागों के अधिकारियों से शिकायतों और लंबित मामलों की जानकारी लेते हुए निर्धारित समय में उनका निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

रमेश चंद्र कुंडे ने कहा कि पात्र लोगों को शासन की योजनाओं का लाभ दिलाने में किसी तरह की बाधा नहीं होनी चाहिए। विभागीय अधिकारी योजनाओं के क्रियान्वयन की नियमित समीक्षा करें और पात्र लाभार्थियों तक योजनाओं का लाभ पहुंचाएं। जनसुनवाई में प्राप्त प्रार्थना पत्रों को गंभीरता से लेते हुए शिकायतकताओं को प्रभावी राहत उपलब्ध कराने के भी निर्देश दिए।

बैठक के दौरान अपर नगर आयुक्त को समन जारी कर संबंधित प्रकरण के आवश्यक साक्ष्यों के साथ आयोग के समक्ष उपस्थित होने के निर्देश दिए गए। सदस्य ने अधिकारियों से लंबित मामलों की समीक्षा कर उन्हें निर्धारित समयसीमा में निस्तारित करने को कहा।

बैठक में अपना दल (एस) के जिलाध्यक्ष राम प्रताप पाल, पीआरओ सुधीर कुमार, राजेश सचान समेत जिले के पदाधिकारी, कार्यकर्ता और विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

## विचारों में अंतर को विवाद नहीं बनने देंगे, पीएम मोदी और शी जिनपिंग ने भारत-चीन संबंधों में विकास का किया स्वागत

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को नई दिल्ली में ब्रिक्स शिखर सम्मेलन से इतर चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग के साथ द्विपक्षीय बैठक की। इस बैठक में दोनों नेताओं ने इस बात पर जोर दिया कि मतभेदों को विवाद नहीं बनना चाहिए। दोनों देशों को अपने संबंधों को रणनीतिक और दीर्घकालिक दृष्टिकोण से देखना चाहिए। बैठक के बाद विदेश मंत्रालय से जारी बयान में कहा गया, "दोनों नेताओं ने अगस्त 2025 में तियानजिन में हुई अपनी पिछली बैठक के बाद से भारत-चीन द्विपक्षीय संबंधों में स्थिर प्रगति का स्वागत किया। उन्होंने दोहराया कि दोनों देशों को अपने संबंधों को रणनीतिक और दीर्घकालिक दृष्टिकोण से देखना चाहिए। मतभेदों को विवाद नहीं बनना चाहिए। प्रधानमंत्री ने इस बात पर प्रकाश डाला कि दोनों पक्षों को तीन परस्पर सिद्धांतों, परस्पर सम्मान, परस्पर संवेदनशीलता और परस्पर हित से निर्देशित होना चाहिए।"

बैठक के दौरान पीएम मोदी ने इस बात पर जोर दिया कि सीमावर्ती क्षेत्रों में शांति और स्थिरता द्विपक्षीय संबंधों के निरंतर विकास के लिए एक आवश्यक आधार बनी हुई है।

विदेश मंत्रालय के बयान में आगे कहा, "उन्होंने दोनों पक्षों द्वारा सीमा से संबंधित मुद्दों पर मौजूदा समझौतों और सहमतियों का पालन करने की आवश्यकता को रेखांकित किया। दोनों नेताओं ने अपने समग्र द्विपक्षीय संबंधों के राजनीतिक परिप्रेक्ष्य और दोनों देशों के लोगों के दीर्घकालिक हितों के आधार पर सीमा प्रश्न के निष्पक्ष, उचित और परस्पर स्वीकार्य समाधान के प्रति प्रतिबद्धता व्यक्त की।"

दोनों नेताओं ने लोगों के बीच आपसी संबंधों में हुई प्रगति पर भी ध्यान दिया और दोनों देशों के बीच सांस्कृतिक आदान-प्रदान, व्यापारिक संबंधों और अधिक आवाजाही को बढ़ावा देने की आवश्यकता पर जोर दिया।

विदेश मंत्रालय के बयान में आगे कहा गया, "आर्थिक और व्यापारिक संबंधों पर उन्होंने एक-दूसरे की चिंताओं, जिसमें संरचनात्मक व्यापार असंतुलन और सप्लाई चेन के मुद्दे शामिल हैं, को दूर करने और सार्थक और पूवार्नुमानित बाजार पहुंच को सुविधाजनक बनाने की आवश्यकता को रेखांकित किया।"विदेश मंत्रालय के अनुसार, दोनों नेता इस बात पर सहमत हुए कि दोनों पक्षों को क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर और चुनौतियों से निपटने में साझा आधार का विस्तार जारी रखना चाहिए।

बयान के अंत में कहा गया, "प्रधानमंत्री ने भारत की ब्रिक्स अध्यक्षता के लिए चीन के समर्थन और ब्रिक्स शिखर सम्मेलन-2026 की सफलता में उसके योगदान की सराहना की।"

**संरक्षक:** संजय शुक्ला,( सत्यम शिवम शुभम पीजी व लां कॉलेज टिकरी)

**सलाहकार संपादक:**
रिजवान सैफ खान

**सह सपांदक:** मोहम्मद दानिश फारूकी ,

**सह संपादक:** राम सिंह यादव

उक्त सभी पद अवैतनिक है

### डेंगू से बचाव के लिए घरों में पानी जमा न होने दें, मच्छरों से बचाव के उपाय अपनाएं : डॉ. राजेश्वर सिंह

**कानपुर।**
डेंगू और अन्य संचारी रोगों से बचाव के लिए लोगों को घरों और आसपास पानी जमा नहीं होने देना चाहिए। मच्छरों से बचाव के उपाय अपनाने के साथ शरीर को ढककर रखना जरूरी है। स्वास्थ्य विभाग की टीम लगातार बुखार सर्वेक्षण, जांच और लार्वा नष्ट करने की कार्रवाई कर रही है। यह बातें शुक्रवार को नोडल अधिकारी (वीबीडी) डॉ. राजेश्वर सिंह ने डेंगू रोकथाम को लेकर चलाए जा रहे अभियान के दौरान कहीं।

## वाराणसी खण्ड शिक्षक व स्नातक एमएलसी चुनाव की बढ़ी सरगर्मी, भाजपा काशी क्षेत्र की बैठक




**वाराणसी।**
वाराणसी खण्ड शिक्षक व स्नातक एमएलसी चुनाव को लेकर सरगर्मी बढ़ रही है। इस चुनाव को लेकर भारतीय जनता पार्टी काशी क्षेत्र की महत्वपूर्ण बैठक शुक्रवार को पार्टी के क्षेत्रीय कार्यालय रोहनिया केशरीपुर में हुई। बैठक में प्रशासनिक तौर पर 08 जिलों व संगठनात्मक स्तर पर 10 जिलों के जिलाध्यक्ष, जिला संयोजक व सह संयोजक उपस्थित रहे।

बैठक में पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष शंकर गिरी ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के लिए प्रत्येक चुनाव महत्वपूर्ण होता है। वो फिर पार्लियामेंट का चुनाव हो या फिर पंचायत का। आगामी दिनों में प्रदेश में शिक्षक व स्नातक एमएलसी के चुनाव होने वाले है और इन चुनाव में पार्टी को शत प्रतिशत जीत सुनिश्चित हो इसके लिए हम सबको अभी से तैयारियों में जुट जाना है।

प्रदेश उपाध्यक्ष शंकर गिरी ने कहा कि जीत हासिल करने के लिए सबसे महत्वपूर्ण कार्य पात्र मतदाताओं का नाम मतदाता सूची में जुड़वाना है। उन्होंने कहा कि शिक्षक एमएलसी चुनाव में जीत सुनिश्चित करने के लिए अपने व विचार परिवार के विद्यालयों में जाकर सम्पर्क करें व सभी शिक्षको का नाम मतदाता सूची में जुडवाएं। इसी तरह स्नातक एमएलसी चुनाव में जीत हासिल करने के लिए सबसे पहले अपने परिवार के स्नातक सदस्यों का नाम, पार्टी के स्नातक पदाधिकारियों व कार्यकत्ताओं का नाम एवं समाज के प्रबुद्ध वर्ग से सम्पर्क कर उनका नाम मतदाता सूची में जुडवाएं।

बैठक की अध्यक्षता करते हुए क्षेत्रीय अध्यक्ष अशोक चौरसिया ने कहा कि कहा 2027 में प्रदेश में होने वाले विधानसभा चुनाव के पहले शिक्षक व स्नातक एमएलसी चुनाव में जीत हासिल करना अति आवश्यक है।

# कानपुर में गंगा का जलस्तर चार सेंटीमीटर बढ़ा



**कानपुर।**
उत्तर प्रदेश के जनपद कानपुर में गंगा का जलस्तर लगातार बढ़ रहा है। शनिवार को कानपुर बैराज पर अपस्ट्रीम में जलस्तर 114.750 मीटर दर्ज किया गया, जो चेतावनी बिंदु से 75 सेंटीमीटर ऊपर और खतरे के निशान से 25 सेंटीमीटर नीचे है। शुक्रवार की तुलना में जलस्तर में चार सेंटीमीटर की बढ़ोतरी हुई है।

जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि गंगा के जलस्तर और बैराजों से छोड़े जा रहे पानी पर लगातार नजर रखी जा रही है। संबंधित अधिकारियों को अलर्ट रहने और बाढ़ प्रभावित व संवेदनशील क्षेत्रों में आवश्यक तैयारियां बनाए रखने के निर्देश दिए गए हैं।

शुक्रवार को कानपुर बैराज पर अपस्ट्रीम जलस्तर 114.710 मीटर और डाउनस्ट्रीम जलस्तर 114.350 मीटर था। शनिवार को डाउनस्ट्रीम जलस्तर बढ़कर 114.380 मीटर पहुंच गया। बैराज पर पानी का डिस्चार्ज भी शुक्रवार के चार लाख 17 हजार 201 क्यूसेक से बढ़कर चार लाख 21 हजार 854 क्यूसेक दर्ज किया गया।

शुक्लागंज में गंगा का जलस्तर 113.100 मीटर दर्ज किया गया, जो चेतावनी बिंदु से 10 सेंटीमीटर ऊपर है। शुक्रवार को यहां जलस्तर 113.060 मीटर था।

इस तरह शुक्लागंज में भी जलस्तर में चार सेंटीमीटर की बढ़ोतरी हुई है।

हरिद्वार बैराज से 89 हजार 197 क्यूसेक और नरोरा बैराज से 77 हजार 819 क्यूसेक पानी छोड़ा गया। जिला प्रशासन गंगा के बढ़ते जलस्तर को देखते हुए स्थिति पर लगातार नजर बनाए हुए है।

### फ्लटीफाई क्लब के माध्यम से लड़की से मिलवाने का झांसा देकर लेफ्टिनेंट कर्नल के बेटे से 17 लाख 92 हजार की ठगी

**नोएडा।**
उत्तर प्रदेश के जनपद गौतमबुद्धनगर नोएडा में अज्ञात साइबर अपराधियों ने फ्लटीफाई क्लब के माध्यम से लड़की से मिलवाने का झांसा देकर एक व्यक्ति से 17 लाख 98 हजार रुपये की ठगी कर ली। घटना की रिपोर्ट पीड़ित ने शनिवार को साइबर क्राइम थाने में दर्ज कराई है।

पुलिस उपायुक्त साइबर क्राइम शैव्या गोयल ने बताया कि आज सुबह निखिल कुमार रस्तोगी पुत्र लेफ्टिनेंट प्रदीप कुमार रस्तोगी निवासी सेक्टर 52 ने साइबर क्राइम थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि वह शादी करने के इच्छुक हैं। पीड़ित के अनुसार 27 अगस्त 2026 को वह टेलीग्राम एप पर फ्लटीफाई क्लब के माध्यम से एक लड़की से मिले। लड़की ने उनसे कहा कि आप जिस लड़की से वास्तव में मिलना चाहते हैं, उसके लिए आप क्लब के वीआईपी सदस्य बनें।

सदस्य बनने के लिए उन्होंने तीन-चार दिनों में कुछ कार्य पूरा करने के लिए दिया। उन्होंने इसके एवज में उनसे 17 लाख 98 हजार रुपये ले लिया। पीड़ित के अनुसार जब उन्होंने आरोपित के बताए हुआ काम को सफलतापूर्वक कर दिया तो उन्होंने बताया कि उनका क्रेडिट स्कोर कम है। क्रेडिट स्कोर को बढ़ाने के लिए सात लाख 16 हजार रुपये और भुगतान करें।

## रक्षा क्षेत्र के लिए मानव-केंद्रित डिजाइन महत्वपूर्ण, इससे उपकरणों का इस्तेमाल आसान होगा : प्रो. जयन्धरन जी. राव



**कानपुर।**
रक्षा प्रणालियों में मानव-केंद्रित डिजाइन को अपनाना महत्वपूर्ण है। इससे जटिल रक्षा उपकरणों और प्रणालियों का इस्तेमाल सैनिकों और रक्षा कर्मियों के लिए आसान होगा और उनकी परिचालन क्षमता बेहतर होगी। यह बातें शुक्रवार को आईआईटी कानपुर के अनुसंधान एवं विकास डीन प्रो. जयन्धरन जी. राव ने आईआईटी कानपुर और डीआरडीओ के सहयोग से आयोजित तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम के उद्घाटन के दौरान कहीं।

भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) कानपुर के डिजाइन विभाग स्थित ह्यूमन फैक्टर्स एंड सोशियोटेक्निकल सिस्टम्स (एचएफएसएस) स्टूडियो ने डीआरडीओ के सहयोग से रक्षा क्षेत्र में उपयोग होने वाले इंटरफेस के लिए ह्यूमन-मशीन इंटरैक्शन (एचएमआई) डिजाइन पर प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया। इसमें इलेक्ट्रॉनिक्स और संचार प्रणालियों से जुड़ी डीआरडीओ की विभिन्न प्रयोगशालाओं के वैज्ञानिकों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम का नेतृत्व आईआईटी कानपुर के एसोसिएट प्रोफेसर प्रो. विवेक कांत ने किया। प्रशिक्षण में ह्यूमन-मशीन इंटरैक्शन, इंटरफेस डिजाइन और मिशन के लिए महत्वपूर्ण रक्षा प्रणालियों की उपयोगिता का मूल्यांकन करने का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया गया। प्रतिभागियों को ऐसे इंटरफेस तैयार करने के तरीके बताए गए, जिन्हें ऑपरेशन के दौरान आसानी से इस्तेमाल कर सकें।

सबसे तेज प्रयागराज, मुद्रक, प्रकाशक, स्वामी संपादक

हनुमान प्रसाद शुक्ल द्वारा विपिन इंटरप्राइजेस 1/6सी/1 मास्टर जरूहुल हसन रोड़, कटरा, प्रयागराज से मुद्रित कराकर, करीमुददीनपुर पोस्ट अटरामपुर नवाबगंज प्रयागराज से प्रकाशित। मो नं. 9452842169। इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन हेतु पी.आ.बी. एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद का निपटारा इलाहाबाद न्यायालय में होगा। आपत्तियां एक सप्ताह के अंदर ही स्वीकार की जाएगी।